*
ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

28 अगस्त, 2024
भाद्रपद, कृष्ण पक्ष, दशमी
संवत 2081
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

रांची
बुधवार, वर्ष 09, अंक 308

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

मैं बीजेपी ज्वाइन कर रहा कोई कुछ भी कहे : चंपाई




# वीर शहीद पोटो हो

की क्रांतिकारी भूमि कोल्हान प्रमंडल की लाखों माता-बहनों को

# खुशियों का उपहार

झारखण्ड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के तहत

**श्री हेमन्त सोरेन**
माननीय मुख्यमंत्री, झारखण्ड

## सम्मान राशि का करेंगे हस्तांतरण

28 अगस्त, 2024 | अपराह्न 12:00 बजे से
फुटबॉल मैदान, रापचा, गम्हरिया, सरायकेला-खरसावाँ

**कोल्हान प्रमंडल** (सरायकेला-खरसावाँ, पूर्वी सिंहभूम और पश्चिमी सिंहभूम)
**की सभी बहनों का समारोह में स्वागत है**

झारखण्ड मुख्यमंत्री
**मंईयां**
सम्मान योजना

हर बहना को
**हर साल**
**₹ 12 हजार**

- 48 लाख से अधिक निबंधन
- लगभग 45 लाख बहनों के आवेदन स्वीकृत
- 31 अगस्त से पहले सभी बहनों के खातों में होगी एक हजार रुपये की सम्मान राशि (पहली किस्त)
- सितंबर से हर महीने की 15 तारीख को हर बहन के खाते में पहुँचेगी सम्मान राशि



हेमन्त सोरेन
मुख्यमंत्री, झारखण्ड

P.R. 333846 (Women, Child Development & Social Security) 24-25

महिला, बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग, झारखण्ड सरकार

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
194000 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW

सर्राफा
सोना (बिक्री) 67,800 रु./10 ग्राम
चांदी 86,000 रु./प्रति किलो



# टाइगर के बिना कितना सुरक्षित रहेगा झामुमो का कोल्हान दुर्ग

## भाजपा को भरोसा, टाइगर की मदद से कोल्हान में पकड़ होगी मजबूत

**झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन 30 अगस्त को भाजपा में शामिल होंगे। यह जानकारी खुद चंपाई सोरेन ने मंगलवार को दिल्ली में पत्रकारों को दी। उन्होंने कहा कि बुधवार को वह रांची पहुंच रहे हैं और भाजपा ज्वाइन करेंगे। इससे पूर्व असम के सीएम हिमंता बिस्वा सरमा ने सोमवार देर रात जैसे ही चंपाई सोरेन की अमित शाह से मुलाकात वाली तस्वीर पोस्ट की, जिसमें चंपाई के बेटे बाबूलाल सोरेन और खुद हिमंता भी हैं, झारखंड की राजनीति में छाये सस्पेंस पर विराम लग गया। इससे पहले चंपाई जेएमएम में तो नहीं रहेंगे, यह कन्फर्म था। लेकिन अपनी पार्ट्री बनायेंगे या भाजपा में जायेंगे, इसे लेकर अटकलों का बाजार गर्म था। खैर अब तस्वीर पूरी तरह से साफ हो चुकी है कि चंपाई सोरेन भगवा चोला पहनेंगे। भाजपा को भरोसा है कि चंपाई सोरेन के भगवा रंग में रंगने से झारखंड की राजनीति में एक मैसेज जायेगा कि जेएमएम जैसी पार्टी के स्तंभ रहे नेताओं का मन भी अब डोलने लगा है। इधर भाजपा को एक और आदिवासी फेस मिलेगा। जिस प्रकार पहले 2019 के विधानसभा चुनाव और इस बार के लोकसभा चुनाव में आदिवासी मतदाताओं की दूरी भाजपा से दिखी, उनमें कहीं न कहीं से यह मैसेज भी जायेगा कि अगर चंपाई सोरेन जैसा नेता, जो गुरूजी, हेमंत सोरेन और जेएमएम का वफादार रहा है, वह जेएमएम छोड़ रहा है, तो जरूर कोई बड़ी बात होगी। वैसे चंपाई सोरेन ने तो एक्स पर एक मार्मिक चिट्ठी लिख कर अपने दुख को पहले ही जता दिया था कि कैसे उनके साथ पार्टी ने अन्याय किया है। चंपाई का आना भाजपा के लिए कितना फायदेमंद होगा, यह तो वक्त ही बतायेगा, लेकिन जेएमएम के लिए एक बड़ी चुनौती होगी, यह तय है। चंपाई सोरेन आंदोलन से उपजे नेता हैं। वह झारखंड मुक्ति मोर्चा के स्तंभ के रूप में जाने जाते रहे हैं। शिबू सोरेन के साथ उन्होंने कंधे से कंधा मिला कर झारखंड आंदोलन को खूब धार दी थी। 90 के दशक में अलग झारखंड राज्य आंदोलन के जरिये चंपाई सोरेन ने राजनीति में कदम रखा था। उन्हें कोल्हान टाइगर के नाम से जाना जाता है। चंपाई सोरेन ने पहली बार वर्ष 1991 में निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में चुनावी राजनीति में कदम रखा था। उन्होंने सरायकेला विधानसभा के उपचुनाव में बतौर निर्दलीय प्रत्याशी जीत दर्ज की थी और विधायक बने थे। उसके बाद (2000 को छोड़ कर, जब वह भाजपा के अनंत राम टुडू से चुनाव हार गये थे) उन्होंने कभी पीछे मुड़ कर नहीं देखा। वर्ष 1995 में चंपाई सोरेन ने जेएमएम के टिकट पर चुनाव लड़ा और जीते। तब से लेकर 3 जुलाई 2024 (मुख्यमंत्री पद से इस्तीफे का दिन) तक वह जेएमएम के साथ रहे। लेकिन जैसे ही पार्टी में परिस्थितियां उनके प्रतिकूल हुईं, वह हिल गये। उनका मानना था कि जिस प्रकार से अधर और जल्दबाजी में उनसे इस्तीफा लिया गया, उससे उनके आत्मसम्मान को ठेस पहुंची है। क्या है चंपाई सोरेन के भाजपा में जाने के मायने और कैसे झारखंड की राजनीति इससे प्रभावित होगी, बता रहे हैं आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**

आजाद सिपाही विशेष


राकेश सिंह

चंपाई सोरेन का भाजपा में जाना जेएमएम के लिए एक कठिन चुनौती है। इसका असर जेएमएम की राजनीति पर कितना पड़ेगा, यह तो समय के गर्भ में है, लेकिन फिलहाल झामुमो के लिए उनकी टक्कर का नेता खड़ा करना आसान नहीं होगा। दरअसल, चंपाई सोरेन की गिनती जेएमएम के सीनियर लीडर और पार्टी के स्तंभ के रूप में होती है। झारखंड के कोल्हान इलाके में उन्हें कोल्हान टाइगर के नाम से जाना जाता है। चंपाई सोरेन का असर कोल्हान की 14 में से खासकर नौ सीटों पर देखने को मिलता है। कहीं कम, कहीं ज्यादा हो सकता है, लेकिन चंपाई फैक्टर को इग्नोर नहीं किया जा सकता। जेएमएम में इनके कद का कोई दूसरा नेता नहीं है, इसका अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि जब जमीन घोटाला और मनी लांड्रिंग मामले में हेमंत सोरेन जेल गये, तो उन्होंने घर-परिवार के सदस्यों से ज्यादा चंपाई सोरेन पर ही भरोसा किया और अपना उत्तराधिकारी चुना। चंपाई सोरेन ने भी हेमंत-2 बन कर काम करना शुरू किया। वह हमेशा कहते रहे कि वह हेमंत सोरेन के काम को ही आगे बढ़ा रहे हैं। उनके सपने को पूरा कर रहे हैं। लेकिन यहां सवाल यह उठता है कि अगर सोरेन परिवार, खासकर हेमंत सोरेन ने चंपाई सोरेन पर इतना भरोसा जताया था, तो आखिर ऐसा क्या हुआ, जब पांच महीने में ही उन्हें सीएम पद से हटाया गया। आखिर इन पांच महीनों में ऐसा क्या हो गया, जिससे हेमंत सोरेन और चंपाई के बीच दूरियां बढ़ती चली गयीं। जानकारों की मानें तो जैसे ही चंपाई सोरेन ने मुख्यमंत्री पद की शपथ ली, उसी क्षण से एक ग्रुप सक्रिय हो गया कि यही मौका है, जिससे हेमंत सोरेन को कमजोर किया जा सकता है। ये हेमंत से जुड़े लोग भी थे और भाजपा से भी। आसान भाषा में गुटबाजों की टोली समझिये। चंपाई सोरेन ने अपने मुख्यमंत्रित्व काल में कई ऐसे फैसले लिये, जो जेएमएम आलाकमान को नागवार गुजर रहे थे। चंपाई अच्छा काम कर रहे थे। यह उस समय खुद झामुमो नेताओं ने कहा था। झारखंड के हित में उन्होंने कई फैसले भी लिये, लेकिन कहते हैं न कि गुटबाजों की टोली हमेशा एक्टिव रहती है। उनका काम ही होता है इधर की बात उधर करना। बस फिर क्या था। मिसअंडरस्टैंडिंग का दौर शुरू हुआ। हेमंत सोरेन और चंपाई सोरेन में दूरियां बढ़नी शुरू हो गयीं। एक तरफ हेमंत सोरेन जेल में बंद थे और दूसरी तरफ चंपाई सोरेन का कद दिनों-दिन बढ़ता जा रहा था। इसी क्रम में कल्पना सोरेन गांडेय उपचुनाव जीत गयीं, जिसमें चंपाई सोरेन भी चट्टान की तरह उनके साथ रहे। कल्पना सोरेन भी बार-बार यह मैसेज दे रही थीं कि चंपाई दादा अच्छा काम कर रहे हैं। सब कुछ एक तरह से ठीकठाक चल रहा था। लेकिन अचानक परिस्थितियां ऐसी बनीं कि चंपाई सोरेन को न चाहते हुए भी कुर्सी छोड़नी पड़ी।

परिस्थितियों ने अचानक उस समय करवट ली, जब केंद्र सरकार ने तीन नये आपराधिक कानून लागू किये। इसका स्वागत चंपाई सोरेन सरकार ने किया। पहले ही दिन झारखंड में 33 मामले दर्ज किये गये थे। झारखंड पहला गैर भाजपा शासित राज्य था, जिसने इन कानूनों का समर्थन किया था। इसके बाद से कांग्रेस में कई तरह की चर्चाएं शुरू हो गयीं। कांग्रेस नेताओं के कान खड़कने लगे और इसकी सूचना हेमंत तक भी पहुंचायी गयी। इसी बीच राज्य में कुछ आइपीएस अधिकारियों की ट्रांसफर पोस्टिंग हुई। इसके बाद अटकलों का बाजार गर्म हो गया।

झारखंड की चंपाई सोरेन सरकार ने 28 जून को राज्य की 45 लाख महिलाओं को सशक्त बनाने और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के लिए एक योजना को मंजूरी दी थी। इस योजना को मुख्यमंत्री बहन-बेटी मईं-कुईं स्वावलंबन प्रोत्साहन योजना का नाम दिया गया। यह योजना 21 से 50 वर्ष की आयु की महिलाओं के लिए थी। झारखंड कैबिनेट की ओर से इस महत्वाकांक्षी वित्तीय सहायता योजना को मंजूरी मिली। इस योजना का श्रेय चंपाई सोरेन के खाते में गया। आज हेमंत सोरेन सरकार द्वारा शुरू की गयी मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना भी इसी का एक एडवांस्ड प्रारूप है। हेमंत सोरेन को इसका आइडिया जेल में ही आया था। चंपाई सोरेन ने दो घटनाक्रमों का जिक्र मुख्य रूप से अपने एक्स पर लिखी गयी चिट्ठी में किया है। उन्होंने लिखाः एक हूल दिवस, जो 30 जून को मनाया जाता है, के अगले दिन उन्हें पता चला कि अगले दो दिनों के उनके सभी कार्यक्रमों को पार्टी नेतृत्व द्वारा स्थगित करवा दिया गया है। इसमें एक सार्वजनिक कार्यक्रम दुमका में था, जबकि दूसरा कार्यक्रम पीजीटी शिक्षकों को नियुक्ति पत्र वितरण करने का था। यह कार्यक्रम रांची के प्रभात तारा मैदान में आयोजित होना था। तैयारी पूरी हो चुकी थी। पंडाल तक बन गया था। बकौल चंपाई, पूछने पर पता चला कि महागठबंधन द्वारा 3 जुलाई को विधायक दल की एक बैठक बुलायी गयी है, तब तक वह सीएम के तौर पर किसी कार्यक्रम में नहीं जा सकते। उन्होंने पत्र में लिखा कि क्या लोकतंत्र में इससे अपमानजनक कुछ हो सकता है कि एक मुख्यमंत्री के कार्यक्रमों को कोई अन्य व्यक्ति रद्द करवा दे? चंपाई ने लिखा था कि अपमान का यह कड़वा घूंट पीने के बावजूद उन्होंने कहा कि नियुक्ति पत्र वितरण सुबह है, जबकि दोपहर में विधायक दल की बैठक होगी, तो वहां से होते हुए वह उसमें शामिल हो जायेंगे। लेकिन, उधर से साफ मना कर दिया गया।



### भाजपा को भरोसा, चंपाई लगायेंगे कोल्हान में नैया पार

खैर, अब चंपाई भाजपा का दामन थामने वाले हैं। इसे लेकर भाजपा खेमे में क्या प्रतिक्रियाएं हैं, यह मंगलवार को बाबूलाल के एक पोस्ट से स्पष्ट हो जाता है। उन्होंने लिखा हैः पार्टी में चंपाई सोरेन और लोबिन हेंब्रम का स्वागत है। चंपाई जी, लोबिन जी जैसे सीनियर आंदोलनकारी नेताओं का अपमान से आहत होकर एक-एक पार्टी छोड़ जाना यह बताता है कि झारखंड मुक्ति मोर्चा अब आंदोलनकारियों की पार्टी नहीं, बल्कि प्राइवेट लिमिटेड कंपनी बन कर रह गयी है। आदरणीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के लोक कल्याणकारी कार्यों और भाजपा की नीतियों में निष्ठा व्यक्त करनेवाले झारखंड आंदोलनकारी पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन जी का भाजपा परिवार में हार्दिक स्वागत एवं अभिनंदन है।

इसमें कोई दो राय नहीं कि चंपाई सोरेन का कोल्हान में प्रभाव है। 2019 के विधानसभा चुनाव में भाजपा का खाता भी कोल्हान में नहीं खुला था। यह बात दीगर है कि इस बार के लोकसभा चुनाव में झामुमो प्रत्याशी जोबा माझी चंपाई सोरेन के क्षेत्र से पिछड़ गयी थीं, लेकिन पूरे कोल्हान में उन्हें भाजपा उम्मीदवार गीता कोड़ा के ऊपर शानदार जीत मिली थी। उस समय चुनाव प्रचार की कमान चंपाई सोरेन और कल्पना सोरेन पर थी। चंपाई सोरेन कोल्हान प्रमंडल में पूरी तरह सक्रिय थे, जबकि कल्पना सोरेन के जिम्मे पूरा झारखंड था। कल्पना भी कई अवसरों पर प्रचार के लिए कोल्हान गयी थीं। चंपाई सोरेन संथाल जनजाति से ताल्लुक रखते हैं और इस समुदाय के साथ-साथ अन्य जनजातियों पर भी उनकी मजबूत पकड़ मानी जाती है। इसी के साथ वह मजदूर वर्ग के बड़े नेता भी हैं। आदिवासी बहुल इलाका कोल्हान चंपाई सोरेन का गढ़ है, इसलिए उन्हें कोल्हान टाइगर के नाम से जाना जाता रहा है। चंपाई के भाजपा में शामिल होने से भाजपा को उम्मीद है कि वह एक मजबूत शक्ति बन कर कोल्हान में उभर सकती है। कोल्हान में कुल 14 विधानसभा सीटें हैं। साल 2019 विधानसभा चुनाव में इनमें से 11 सीटें झारखंड मुक्ति मोर्चा ने जीती थीं। इसमें चंपाई सोरेन की बड़ी भूमिका थी। इसके अलावा, कांग्रेस के पास दो सीटें आयी थीं और एक सीट निर्दलीय उम्मीदवार सरयू राय के खाते में गयी थी। बीजेपी इन 14 में से एक सीट पर भी जीत हासिल नहीं कर सकी थी, लेकिन अब चंपाई सोरेन का साथ पाने के बाद भाजपा की स्थिति कोल्हान में सुधरेगी, इसमें संदेह नहीं है।

### कोल्हान वाले हिट, संथाल वाले फ्लॉप

कोल्हान के जेएमएम नेता भाजपा में हिट रहे हैं। वहीं संथाल के नेता अभी तक भाजपा में परफॉर्म नहीं कर पाये हैं। पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा भी 1995 में खरसावां से झामुमो विधायक थे। उनकी छवि साफ-सुथरी थी। जब वह भाजपा में शामिल हुए, तीन बार मुख्यमंत्री बने और केंद्र में मंत्री भी बने। विद्युत वरण महतो भी भाजपा में 2014 में शामिल हुए थे और अब तीसरी बार सांसद हैं। शैलेंद्र महतो भी जेएमएम छोड़ भाजपा में आये, तो हिट रहे। उनकी पत्नी आभा महतो भी जमशेदपुर से सांसद बनीं। वहीं संथाल से हेमलाल मुर्मू और साइमन मरांडी भाजपा में फिट नहीं हो पाये। स्टीफन मरांडी भी झामुमो छोड़ जेवीएम में आये थे, लेकिन पैर नहीं जमा पाये। फिर उन्होंने घर वापसी कर ली। इसी साल हुए लोकसभा चुनाव में शिबू सोरेन की बड़ी बहू सीता सोरेन भाजपा के टिकट पर दुमका से उम्मीदवार हुईं, लेकिन उन्हें हार का सामना करना पड़ा।

### शिबू के वफादार लोबिन हेंब्रम ने भी जेएमएम से किया किनारा

लोबिन हेंब्रम की भी गिनती शिबू सोरेन के वफादार सिपाही के रूप में होती रही है। 1990 में पहली बार विधायक बने लोबिन अब तक पांच बार बोरियो से विधायक चुने गये हैं। हेमंत सोरेन के पहले टर्म में उन्हें कैबिनेट में जगह दी गयी थी, लेकिन बाद में उन्हें कैबिनेट में जगह नहीं मिली। 2019 में जब से हेमंत सोरेन की सरकार बनी, तब से लोबिन हेंब्रम बागी रुख अख्तियार किये हुए हैं। पहले मंत्री नहीं बनाये जाने से नाराज थे। इसके अलावा उन्हें किसी आयोग में भी जगह नहीं दी गयी। इससे नाराज होकर लोबिन स्थानीय नीति और सरना कोड के मुद्दों पर हेमंत सरकार को घेरने लगे। लोकसभा चुनाव में लोबिन हेंब्रम ने राजमहल लोकसभा सीट से निर्दलीय प्रत्याशी के तौर पर नामांकन किया था। हार मिली। चुनाव के बाद उन्हें पार्टी से बाहर का रास्ता दिखा दिया गया। विधानसभा से उनकी सदस्यता भी खत्म कर दी गयी। उन्हें इस बात का मलाल है कि चुनाव लड़ने के बाद चमरा लिंडा को पार्टी से बरखास्त नहीं किया गया। उनकी सदस्यता नहीं गयी, जबकि लोबिन की सदस्यता खत्म कर दी गयी। लोबिन हेंब्रम भी भाजपा में शामिल होनेवाले हैं। उनका कहना है, हम तो तैयार हैं, भाजपा से निमंत्रण मिलने का इंतजार है। बाबूलाल मरांडी के पोस्ट के बाद यह माना जाने लगा है कि लोबिन हेंब्रम भी चंपाई सोरेन के साथ भाजपा में शामिल हो जायेंगे। इधर झामुमो को भरोसा है कि चंपाई सोरेन की कमी उसे नहीं खलेगी। ऐसे कई अवसर आये, जब पार्टी को सामने चुनौती आयी, लेकिन पार्टी ने सभी चुनौतियों को पार लिया।

---

**बाबूलाल मरांडी का आरोप**

## राज्य सरकार के इशारे पर संताल परगना के 6 जिलों के डीसी ने हाइकोर्ट को किया गुमराह

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने राज्य सरकार पर निशाना साधते हुए एक्स पर पोस्ट साझा किया है। इसमें उन्होंने लिखा है कि संताल परगना के 6 जिलों के डीसी ने हाइकोर्ट को गुमराह किया है। उन्होंने कहा कि झारखंड में आदिवासियों की आबादी घट रही है, जो एक चिंताजनक विषय है। उन्होंने आरोप लगाया कि हेमंत सोरेन सरकार आदिवासियों की आबादी घटाने के लिए बांग्लादेश मुसलमानों के घुसपैठ को बढ़ावा दे रही है। बाबूलाल मरांडी ने कहा कि, हेमंत सोरेन आदिवासियों को अंधेरे में रखना चाहती है।



क्या वे आदिवासियों को मिटा देना चाहते हैं? बता दें कि हाइकोर्ट ने संताल परगना के उपायुक्तों से आदिवासियों की आबादी घटने के कारणों के बारे में जवाब मांगा था। जिसपर बाबूलाल मरांडी ने कहा कि हेमंत सोरेन के इशारे पर संताल परगना के 6 जिलों के डीसी ने आदिवासियों की घटती आबादी की हकीकत को छुपाकर हाइकोर्ट को गुमराह करने का काम किया है।

---

## पाकुड़ में तैनात रहे एसडीपीओ नवनीत हेंब्रम ने दिया रिजाइन

**महेशपुर विधानसभा से हो सकते हैं उम्मीदवार**

कार्तिक कुमार

**पाकुड़ (आजाद सिपाही)।** पाकुड़ जिले में तैनात रहे बतौर एसडीपीओ के पद पर नवनीत हेंब्रम ने पुलिस सेवा से त्यागपत्र दे दिया है। हालांकि अब तक उनका त्यागपत्र सरकार के स्तर से स्वीकृत होने की खबर पुष्टि नहीं हो पायी है। नवनीत साहिबगंज में जैप 9 में कमांडेंट के पद पर तैनात हैं। लोगों में चर्चा है कि नवनीत महेशपुर विधानसभा से चुनाव लड़ सकते हैं। चर्चा है कि नवनीत किसी राष्ट्रीय पार्टी के उम्मीदवार बनाये जा सकते हैं।



हालांकि नवनीत ने लोकसभा चुनाव के वक्त भी सरकारी सेवा से त्यागपत्र का पत्र सरकार के पास भेजा था, लेकिन उस वक्त उनके त्यागपत्र पर सुनवाई नहीं की गयी। लेकिन इस बार उन्होंने सीधे गृह विभाग के सचिव के नाम पत्र लिखकर अपनी सेवा से त्याग पत्र भेजा है। पत्र में सेवा से त्यागपत्र देने का कारण व्यक्तिगत कारण दर्शाया गया है।

---

## मियां-मुस्लिमों का असम पर कब्जा नहीं होने दूंगाः हिमंता

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुवाहाटी।** असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने विधानसभा में विपक्ष से कहा कि राज्य पर मियां-मुस्लिमों को कब्जा नहीं करने दूंगा। इस पर विपक्ष भड़क गया और हंगामा शुरू कर दिया। वहीं, विपक्षी दलों ने मंगलवार को विधानसभा परिसर सहित गुवाहाटी के विभिन्न हिस्सों में प्रदर्शन किया और महिलाओं की रक्षा करने और उनके खिलाफ अपराध रोकने में सरकार की विफलता का आरोप लगाया। हिमंता बिस्वा सरमा नौगांव में 14 वर्षीय लड़की के साथ दुष्कर्म की घटना की पृष्ठभूमि में राज्य में कानून व्यवस्था की स्थिति पर चर्चा के लिए विपक्षी दलों द्वारा लाये



गये स्थगन प्रस्तावों पर विधानसभा में बोल रहे थे। प्रस्ताव का जवाब देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि अगर जनसंख्या वृद्धि को ध्यान में रखा जाये, तो अपराध दर में वृद्धि नहीं हुई है। जब विपक्ष ने उन पर पक्षपातपूर्ण होने का आरोप लगाया, तो सीएम सरमा ने कहा, मैं पक्षपात करूंगा, आप क्या कर सकते हैं? मियां-मुस्लिमों को असम पर कब्जा नहीं करने दूंगा। निचले असम के लोग ऊपरी असम क्यों जायेंगे, ताकि मियां मुस्लिम असम पर कब्जा कर सकें? हम ऐसा नहीं होने देंगे। तीखी बहस के बीच सत्ता पक्ष और विपक्ष के सदस्य सदन के बीचोंबीच आ गये, जिसके कारण अध्यक्ष बिस्वजीत दैमारी ने सदन की कार्यवाही 10 मिनट के लिए स्थगित कर दी। बता दें कि कांग्रेस, एआइयूडीएफ और माकपा के विधायकों और एकमात्र निर्दलीय विधायक अखिल गोगोई ने महिलाओं के खिलाफ अपराधों सहित राज्य में बढ़ते अपराधों से उत्पन्न स्थिति पर चर्चा के लिए चार स्थगन प्रस्ताव पेश किये थे।

www.epaper.azadsipahi.in

28 अगस्त, 2024
भाद्रपद, कृष्ण पक्ष, दशमी
संवत 2081
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
बुधवार, वर्ष 09, अंक 308

पीएम मोदी ने पुतिन से फोन पर की बात






### चंपाई सोरेन आज रांची आयेंगे, मंत्रिपद और झामुमो से देंगे इस्तीफा

# मैं बीजेपी ज्वाइन कर रहा कोई कुछ भी कहे : चंपाई

- केंद्र ने जेड प्लस सुरक्षा मुहैया करायी
- सरायकेला से एयरपोर्ट पहुंचेगा समर्थकों का काफिला

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**नयी दिल्ली।** झारखंड के पूर्व सीएम और झामुमो के वरिष्ठ नेता चंपाई सोरेन 30 अगस्त को भाजपा में शामिल होंगे। दिल्ली में मंगलवार को मीडिया से बात करते हुए उन्होंने इसकी पुष्टि की। उन्होंने कहा, पहले मैंने सोचा था कि मैं संन्यास ले लूंगा। फिर मैंने सोचा कि नया संगठन बनाऊंगा, लेकिन इसके लिए समय अभी कम है।

बहुत मंथन करने के बाद मेरा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह पर विश्वास बढ़ गया है और भाजपा में शामिल होने का हमने निर्णय ले लिया है। भाजपा में मेरे साथ मेरा बेटा बाबूलाल सोरेन भी शामिल होगा। बता दें कि सोमवार को उन्होंने केंद्रीय गृह मंत्री और बीजेपी के पूर्व अध्यक्ष अमित शाह से मुलाकात की थी। इस दौरान असम के सीएम और झारखंड के सह चुनाव प्रभारी हिमंता बिस्वा सरमा और चंपाई के बेटे बाबूलाल सोरेन भी मौजूद थे। इस मुलाकात के बाद असम के सीएम ने सोशल मीडिया एक्स पर इसकी पुष्टि की थी।

इधर भाजपा में शामिल होने से पहले केंद्र ने चंपाई सोरेन की सुरक्षा बढ़ा दी है। उनको केंद्र ने जेड प्लस सुरक्षा दी है।

**मेरे संघर्ष को झारखंड जानता है :** दिल्ली में पत्रकारों ने जब उनसे बीजेपी से गुपचुप मीटिंग को लेकर सवाल किया, तो चंपाई सोरेन ने कहा कि कोई कुछ भी बोले, मुझे फर्क नहीं पड़ता। झारखंड प्रदेश के लिए मेरा संघर्ष आइने की तरह है। मैं बुधवार को दिल्ली से झारखंड के लिए जाऊंगा।

**दिल्ली से लौटने के बाद चंपाई मंत्रिमंडल और झामुमो से देंगे इस्तीफा :** दिल्ली में बीजेपी नेताओं से बातचीत कर बुधवार को झारखंड लौटने के बाद चंपाई सोरेन हेमंत सोरेन मंत्रिमंडल और झारखंड मुक्ति मोर्चा की प्राथमिक सदस्यता समेत सभी पदों से त्यागपत्र देंगे। चंपाई सोरेन एक बड़ी रैली कर भाजपा में शामिल होंगे।

जमशेदपुर से हमारे संवाददाता के मुताबिक बुधवार को चंपाई सोरेन के रांची आगमन को लेकर उनके समर्थकों में उत्साह है। उनका स्वागत करने के लिए सरायकेला से उनके समर्थक रांची पहुंच रहे हैं।

तैयारी की जा रही है कि सरायकेला से जो काफिला रांची पहुंचे, उसमें कम से कम सौ गाड़ियां हों। इसे लेकर मंगलवार को उनके समर्थक तैयारी में जुटे थे। उनके समर्थकों का कहना था कि हमारे नेता चंपाई सोरेन जो भी निर्णय लेंगे, हम उनके साथ हैं।

## चंपाई सोरेन ने किया ट्वीट: मोदी-शाह के नेतृत्व में मेरी आस्था



*जोहार साथियों,*

*पिछले हफ्ते (18 अगस्त) एक पत्र द्वारा झारखंड समेत पूरे देश की जनता के सामने अपनी बात रखी थी। उसके बाद, मैं लगातार झारखंड की जनता से मिल कर, उनकी राय जानने का प्रयास करता रहा। कोल्हान क्षेत्र की जनता हर कदम पर मेरे साथ खड़ी रही, और उन्होंने ही संन्यास लेने का विकल्प नकार दिया। पार्टी में कोई ऐसा फोरम/मंच नहीं था, जहां मैं अपनी पीड़ा को व्यक्त कर पाता तथा मुझसे सीनियर नेता स्वास्थ्य कारणों से राजनीति से दूर हैं।*

*आज बाबा तिलका मांझी और सिदो-कान्हू की पावन भूमि संथाल परगना में बांग्लादेशी घुसपैठ बहुत बड़ी समस्या बन चुका है। इस से दुर्भाग्यपूर्ण क्या हो सकता है कि जिन वीरों ने जल, जंगल व जमीन की लड़ाई में कभी विदेशी अंग्रेजों की गुलामी स्वीकार नहीं की, आज उनके वंशजों की जमीनों पर ये घुसपैठिये कब्जा कर रहे हैं। इनकी वजह से फूलो-झानो जैसी वीरांगनाओं को अपना आदर्श मानने वाली हमारी माताओं, बहनों व बेटियों की अस्मत खतरे में है।*

*आदिवासियों एवं मूलवासियों को आर्थिक तथा सामाजिक तौर पर तेजी से नुकसान पहुंचा रहे इन घुसपैठियों को अगर रोका नहीं गया, तो संथाल परगना में हमारे समाज का अस्तित्व संकट में आ जायेगा। पाकुड़, राजमहल समेत कई अन्य क्षेत्रों में उनकी संख्या आदिवासियों से ज्यादा हो गयी है। राजनीति से इतर, हमें इस मुद्दे को एक सामाजिक आंदोलन बनाना होगा, तभी आदिवासियों का अस्तित्व बच पायेगा।*

*इस मुद्दे पर सिर्फ भाजपा ही गंभीर दिखती है और बाकी पार्टियां वोटों की खातिर इसे नजरअंदाज कर रही है। इसलिए आदिवासी अस्मिता एवं अस्तित्व को बचाने के इस संघर्ष में, मैने माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी एवं गृह मंत्री अमित शाह जी के नेतृत्व में आस्था जताते हुए भारतीय जनता पार्टी से जुड़ने का फैसला लिया है।*

*झारखंड के आदिवासियों, मूलवासियों, दलितों, पिछड़ों, गरीबों, मजदूरों, किसानों, महिलाओं, युवाओं एवं आम लोगों के मुद्दों एवं अधिकारों के संघर्ष वाले इस नये अध्याय में आप सभी का सहयोग अपेक्षित है।*

***आपका,***
***चंपाई सोरेन***

## चंपाई सोरेन का भाजपा में अभिनंदन है: बाबूलाल

**रांची (आजाद सिपाही)। झारखंड भाजपा के अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने पूर्व सीएम चंपाई सोरेन के भाजपा में शामिल होने का स्वागत किया है। उन्होंने चंपाई सोरेन का अभिनंदन करते हुए सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि झामुमो में परिवारवाद, तानाशाही, बाहरी लोगों का पूर्णतः नियंत्रण होने के कारण झामुमो को खड़ा करने वाले आंदोलनकारी नेताओं का मोहभंग हो चुका है। झारखंड आंदोलन का नेतृत्व करने वाले प्रमुख नेताओं को पार्टी के अंदर उपेक्षित और अपमानित किया जा रहा है। जल-जंगल-जमीन के मूल सिद्धांतों से**



**विमुख हो चुकी झामुमो अब एक डूबता जहाज है। पार्टी का आंतरिक लोकतंत्र खत्म होने और दलाल बिचौलियों का वर्चस्व स्थापित होने के कारण शीघ्र ही एक-एक कर सारे आंदोलनकारी नेता और कार्यकर्ता झामुमो छोड़ जायेंगे। बकौल बाबूलाल, चंपाई जी, लोबिन जी जैसे सीनियर आंदोलनकारी नेताओं का अपमान से आहत होकर एक-एक कर पार्टी छोड़ जाना यह बताता है कि झारखंड मुक्ति मोर्चा अब आंदोलनकारियों की पार्टी नहीं, बल्कि बाप-बेटे की प्राइवेट लिमिटेड कंपनी बन कर रह गयी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोक कल्याणकारी कार्यों और भाजपा की नीतियों में निष्ठा व्यक्त करने वाले झारखंड आंदोलनकारी, पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन का भाजपा परिवार में हार्दिक स्वागत एवं अभिनंदन है।**

## अर्जुन मुंडा ने भी किया स्वागत



**पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने चंपाई सोरेन के भाजपा में शामिल होने का स्वागत किया है। उन्होंने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि आदिवासियों के बीच में सिर्फ वोट की राजनीति करना स्वीकार्य नहीं है। सत्ता लोलुपता के लिए एक आदिवासी को मुख्यमंत्री की कुर्सी से हटाया गया है। नीति और सिद्धांत के साथ पूरे देश में आदिवासियों को संगठित करने की दृष्टि से एक बड़े कदम के तहत आदरणीय चंपाई सोरेन जी का भाजपा में आना एक शुभ संकेत है।**


## लोबिन को भाजपा के न्योते का इंतजार



**रांची (आजाद सिपाही)। झामुमो से निष्कासित बोरियो के पूर्व विधायक लोबिन हेंब्रम ने कहा है कि वह भाजपा में शामिल होने के लिए तैयार हैं, बस न्योते का इंतजार है। एक बयान में उन्होंने कहा कि उन्हें अब तक कोई सूचना नहीं मिली है।**

## पीएम मोदी से मिले बाबूलाल मरांडी, झारखंड की स्थिति की जानकारी दी

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**नयी दिल्ली/रांची।** झारखंड प्रदेश भाजपा के अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने मंगलवार को नयी दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। प्रधानमंत्री कार्यालय में हुई इस मुलाकात के दौरान तीसरा कोई भी उपस्थित नहीं था। इस मुलाकात के दौरान बाबूलाल मरांडी ने प्रधानमंत्री को झारखंड की वर्तमान स्थिति की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने प्रधानमंत्री के साथ झारखंड के हितों के बारे में भी चर्चा की। पीएम मोदी ने बाबूलाल मरांडी की बातों को गंभीरता से सुना और झारखंड के बारे में महत्वपूर्ण इनपुट लिये। जानकारी के अनुसार बाबूलाल मरांडी ने पीएम मोदी को झारखंड की राजनीतिक स्थिति के अलावा प्रदेश संगठन और आसन्न विधानसभा चुनाव की तैयारियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इसके अलावा उन्होंने पीएम मोदी को झारखंड में केंद्रीय योजनाओं की स्थिति के बारे में भी बताया। पीएम मोदी ने बाबूलाल की बातों को ध्यान से सुना और झारखंड के बारे में कई सवाल भी किये। मुलाकात के दौरान बाबूलाल मरांडी ने पीएम मोदी को एक लिखित रिपोर्ट भी सौंपी, जिसमें झारखंड के बारे में विस्तार से जानकारी दी गयी है। पीएम मोदी ने बाबूलाल मरांडी द्वारा सौंपी गयी रिपोर्ट को भी ध्यान से पढ़ा और आवश्यक जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने बाबूलाल मरांडी से कई सवाल भी किये और दूसरी जानकारी भी ली।

**बाबूलाल ने किया ट्वीट**

पीएम मोदी से मुलाकात के बाद बाबूलाल मरांडी ने सोशल मीडिया एक्स पर इस मुलाकात के बारे में ट्वीट किया। इसमें पीएम मोदी को गुलदस्ता दिये जाने की तस्वीर के साथ बाबूलाल मरांडी ने लिखा, आज नयी दिल्ली में आदरणीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी से शिष्टाचार मुलाकात की। आदरणीय प्रधानमंत्री जी का सानिध्य एवं मार्गदर्शन सदैव जनसेवा की नयी ऊर्जा एवं प्रेरणा प्रदान करता है।

### मुख्यमंत्री ने जामा से 7.32 लाख बहन-बेटियों को दिया मंईयां सम्मान योजना का लाभ

# आपकी हर समस्या के समाधान की हो रही कोशिश : हेमंत सोरेन

- आपका भरोसा और उम्मीद हमें हर मुसीबत और चुनौती से लड़ने की ताकत देती है
- झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना को लेकर राज्यभर की महिलाओं में देखने को मिल रहा है अद्भुत उत्साह
- जो आधी आबादी को मजबूत एवं सशक्त करेगा, वही राज्य आगे बढ़ेगा
- सरकार की योजनाओं से कोई वंचित नहीं रहे, इसी सोच के साथ कर रहे हैं काम

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**दुमका।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा है कि झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना को लेकर राज्यभर की महिलाओं में जो उत्साह एवं खुशी देखने को मिल रही है, वह अदभुत है। आपका ये उत्साह हमें हर मुसीबत तथा चुनौती से लड़ने की ताकत देता है। आपकी उम्मीदों और भरोसे से हम हर चुनौती का डट कर मुकाबला करते हुए निरंतर आगे बढ़ रहे हैं। वह मंगलवार को जामा प्रखंड स्थित पांजनपहाड़ी में झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के संताल परगना प्रमंडल स्तरीय कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।



मुख्यमंत्री ने कहा कि आधी आबादी को जो मजबूत और सशक्त करेगा, वही राज्य आगे बढ़ेगा। राज्य के विकास के लिए महिलाओं की भागीदारी हर हाल में जरूरी है। यही वजह है कि हमारी सरकार आधी आबादी को सशक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। हमारी सरकार विभिन्न योजनाओं के माध्यम से महिलाओं के चेहरे पर मुस्कान लाने का काम कर रही है।

(शेष पेज 05 पर)

# आरजी कर कांड के खिलाफ बंगाल में प्रदर्शन

- नवान्न मार्च के दौरान छात्रों की पुलिस से हिंसक झड़प
- लाठीचार्ज के बाद पुलिस ने आंसू गैस के गोले भी दागे
- दर्जनों छात्र और कई पुलिसकर्मी घायल, कई हिरासत में

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**कोलकाता।** आरजी कर मेडिकल कालेज अस्पताल में जूनियर महिला डॉक्टर से दरिंदगी की घटना के खिलाफ मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के इस्तीफे की मांग पर बंगाल में मंगलवार दोपहर छात्रों के राज्य सचिवालय (नवान्न) अभियान के दौरान पुलिस के साथ जम कर हिंसक झड़पें हुईं। पुलिस प्रशासन के तमाम सुरक्षा इंतजाम के बावजूद मार्च में शामिल प्रदर्शनकारी छात्रों की भीड़ ने हावड़ा के संतरागाछी और हावड़ा ब्रिज पर पुलिस द्वारा लगाये गये बैरिकेड्स को तोड़ दिया और आगे बढ़ने की कोशिश की। इसे लेकर पुलिस के साथ दोनों जगहों पर प्रदर्शनकारियों की जबरदस्त झड़पें हुईं। पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को तितर-बितर करने के लिए लाठीचार्ज किया और आंसू गैस के गोले दागे। वाटर कैनन का भी इस्तेमाल किया गया। लाठीचार्ज में दर्जनों छात्र घायल हुए। पुलिस ने कई प्रदर्शनकारियों को हिरासत में भी लिया। दूसरी ओर, पथराव में कई पुलिसकर्मी भी घायल हुए। पूरे कोलकाता और हावड़ा में भारी तनाव का माहौल है। पश्चिम बंगाल छात्र समाज नामक संगठन ने इस मार्च का आह्वान किया था। नवान्न अभियान के मद्देनजर राज्य प्रशासन ने सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किये थे। कोलकाता और हावड़ा को पहले ही अभेद्य किले में तब्दील कर दिया गया था।



### भाजपा ने आज 12 घंटे का बंगाल बंद बुलाया

**आरजी कर कांड के विरोध में मंगलवार को राज्य सचिवालय नवान्न मार्च के दौरान छात्रों पर पुलिस लाठीचार्ज और गिरफ्तारियां के विरोध में प्रदेश भाजपा ने बुधवार को 12 घंटे का बंगाल बंद बुलाया है। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री सुकांत मजूमदार ने की घोषणा। उन्होंने कहा कि बुधवार सुबह छह बजे से शाम छह बजे तक बंगाल बंद रहेगा। दूसरी तरफ, सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस ने भाजपा की घोषणा पर कहा कि बुधवार को कोई बंगाल बंद नहीं होगा। तृणमूल के वरिष्ठ नेता कुणाल घोष ने कहा कि ये छात्र समाज का नहीं बल्कि समाज विरोधियों का अभियान (राज्य सचिवालय मार्च) था।**

# भाजपा में चंपाई सोरेन को वह तवज्जो नहीं मिलेगी, जो झामुमो से मिली : मनोज पांडेय

रांची (आजाद सिपाही)। झारखंड की राजनीति में इस वक्त भूचाल आया हुआ है। वजह है पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन के भाजपा में शामिल होने की आधिकारिक घोषणा। इस बगावत के बाद अब झामुमो का पहला बयान सामने आया है। पार्टी ने कहा है कि भाजपा में उनको वह तवज्जो नहीं मिलेगी जो झामुमो से मिली। झामुमो के प्रवक्ता मनोज पांडेय ने कहा कि जब तक चंपाई सोरेन झामुमो में हैं तब तक उनको तवज्जो दी जा रही है, जैसे ही वह पार्टी को छोड़ेंगे, जनता भी उन्हें छोड़ देगी। इसी के साथ उन्होंने चंपाई सोरेन के झामुमो पर लगाये आरोपों के भी जवाब दिये। उन्होंने कहा कि दुख होता है लेकिन अब स्थिति साफ है। वह दूसरी पार्टी में शामिल हो रहे हैं। इसका क्या असर होगा यह तो वक्त ही बतायेगा लेकिन इतिहास गवाह है कि जो लोग झामुमो छोड़कर किसी अन्य पार्टी में शामिल हुए हैं, उन्हें वह सम्मान नहीं दिया गया है। भाजपा का अस्तित्व हमारे नेताओं पर निर्भर है। पहले सीता सोरेन को ले गये अब चंपाई सोरेन को। उनके पास अपना कोई चेहरा नहीं है। जब तक चंपाई सोरेन हमारी पार्टी में हैं उनका अपना कद है और एक महत्व है। जैसे ही वह हमारी पार्टी छोड़ेंगे, मुझे लगता है कि लोग भी उन्हें छोड़ देंगे। वहीं उन्होंने चंपाई सोरेन के झामुमो पर लगाये आरोपों से भी इनकार नहीं किया लेकिन कहा कि अगर ऐसी कोई बात थी तो उन्हें पार्टी अध्यक्ष से बात करनी चाहिए थी। उन्होंने कहा कि उनका अपना दुख है और वह बहुत बड़े नेता हैं, इसलिए मैं उनके आरोपों का खंडन नहीं करूंगा लेकिन अगर ऐसी कोई बात थी तो उन्होंने पार्टी अध्यक्ष से बात क्यों नहीं की।



### चंपाई सोरेन का क्या था आरोप?

**हाल ही में चंपाई सोरेन ने एक्स पर लंबा पोस्ट लिख झामुमो पर उन्हें अपमान करने का आरोप लगाया था। इसी के साथ उन्होंने घोषणा की थी कि वह जल्द ही अपने अगले राजनीतिक कदम के बारे में फैसला करेंगे।**

आजाद सिपाही
रांची, बुधवार, 28 अगस्त, 2024
www.azadsipahi.in
04

## बीडीओ ने की किसान मित्रों के साथ बैठक



**विष्णुगढ़ (आजाद सिपाही)।** प्रखंड मुख्यालय स्थित सभागार में प्रखंड विकास पदाधिकारी अखिलेश कुमार ने किसान मित्रो के साथ बैठक की। बैठक में बिरसा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, किसान समृधि योजना, कृषि उन्नति योजना अंतर्गत उपदान/कृषि यंत्र, से संबंधित विषय पर विस्तार पूर्वक चर्चा की गयी। मौके पर मुख्य रूप से अंचलाधिकारी नित्यानंद दास, प्रखंड सहकारिता प्रसार पदाधिकारी थिसुल टुडु, प्रखंड कृषि पदाधिकारी अभय कुमार, प्रखंड तकनीकी प्रबंधक उमेश कुमार राना, मुखिया उत्तम कुमार, निर्मल कुमार, लक्ष्मी कुमारी, और पैक्स अध्यक्ष रंजीत गुप्ता, कौशल कुमार, नासिर अंसारी, हरी यादव, भैरो यादव, सुनील सिंह, अशोक सिंह समेत कई लोग उपस्थित थे।

## टाटीझरिया में श्रीकृष्ण महोत्सव का आयोजन



**टाटीझरिया (आजाद सिपाही)।** राधा-कृष्ण मंदिर कोल्हू के लुकुईया में इस्कॉन से जुडे सदस्यों के द्वारा श्रीकृष्ण महोत्सव का आयोजन धूमधाम से किया गया। टाटीझरिया प्रखंड के कोल्हू और आसपास के ग्रामीण राधे कृष्ण की भक्ति में पूरी तरह से लीन रहे। श्री कृष्ण महोत्सव के मौके पर मंगलवार को गुरू पूजा, गौ माता पूजा, कीर्तन, सांस्कृतिक कार्यक्रम, भगवान का पुष्प अभिषेक, ऋंगार दर्शन, महाआरती और विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। महोत्सव के दौरान श्री राधा कृष्ण की विधिवत पूजन-हवन, जलाभिषेक, दुग्धाभिषेक, दधिभिषेक, मधुभिषेक, पुष्पाभिषेक किया गया। इस महोत्सव में शामिल क्षेत्र के सैकड़ों महिला-पुरूष, बच्चे-बुजुर्ग भक्तों पर पुष्प वर्षा किया गया इधर कृष्ण जन्मा अष्टमी में कारीचट्टान धाम झरपो में वृक्षों की रक्षाबंधन कर पूजा किया गया और मेले का आयोजन कमिटी द्वारा किया गया कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रमुख संतोष मंडल, भक्त जय अद्वैत दास, वरद राज दास, रीता माता, संध्या माता, गायत्री माता, गंगिया माता, जगदेव प्रभु, शंकर प्रभु, पंकज प्रभु, रविंद्र प्रभु, चुडक प्रभु, गुलबी माता, अनमोल प्रभु समेत कोल्हू लुकुईया समिति के सदस्यगण शामिल रहें। कार्यक्रम में तिवारी महतो, उपप्रमुख रवि वर्णवाल, मिथलेश पाठक, कैलाशपति सिंह, राजू यादव, सुरेश प्रसाद, परमेश्वर प्रसाद यादव, रजनीकांत चौधरी, सुरेंद्र प्रसाद, अनिल प्रसाद, पंकज पांडेय, नीरज पांडेय, रंजीत गुप्ता, संदीप चौधरी, पिंटू साव, महावीर साव समेत सैकड़ों की संख्या में शामिल हुए

## हत्या के आरोपी की गिरफ्तारी की मांग को लेकर थाना का घेराव



**बरकट्ठा (आजाद सिपाही)।** बीस दिन बीत जाने के बाद मृतक के परिजनों ने हत्या के आरोपी के गिरफ्तारी को लेकर गोरहर थाना गेट को जाम कर दिया। जानकारी हो बीस दिनों पहले ग्राम लगनवां में संगीता देवी पति संटु सिंह की हत्या ससुराल वालों ने कर दिया था। बीस दिनों के बाद भी जब पुलिस उसके ससुराल वालों को गिरफ्तार नहीं किया तो मृतक के परिजनों ने हत्यारे की गिरफ्तारी को लेकर गोरहर थाना गेट को जाम कर पुलिस के खिलाफ नारेबाजी करने लगे। सूचना मिलने पर विधायक अमित कुमार यादव बरही डीएसपी सुरजीत कुमार गोरहर थाना पहुंचे। मौके पर विधायक अमित कुमार यादव ने मृतक के हत्यारे की गिरफ्तारी का मांग किया। उन्होंने बताया कि पुलिस इस मामले में शिथिलता बरत रही है। अगर हत्यारे की गिरफ्तारी जल्द नहीं किया गया तो आंदोलन किया जायेगा। मौके पर बरही डीएसपी सुरजीत कुमार ने विधायक और उपस्थित मृतक के परिजनों को बताया कि हत्यारे की गिरफ्तारी दो दिनों कर लिया जायेगा। उन्होंने थाना प्रभारी से कहा कि इस केस पर तुरंत कार्रवाई करें। डीएसपी के आश्वासन के पश्चात लोगों ने थाना के गेट से वापस हुए।

## बटेश्वर मेहता ने विद्यालय का रास्ता अवरुद्ध करने मामले से डीसी को कराया अवगत

**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** जिले के बरकट्ठा प्रखंड के कोनहरा में संचालित सरकारी विद्यालय, जो लगभग पचास सालों से संचालित है के आवागमन के मार्ग को लेकर स्थानीय व्यक्ति द्वारा विवाद खड़ा किये जाने और मार्ग अवरूद्ध कर छात्रों पर पत्थरबाजी की घटना हुई थी। जिससे शैक्षणिक गतिविधि प्रभावित हुआ और विद्यालय में पढ़ने वाले छात्र-छात्राएं डरे हुए भी है। उक्त मामले को लेकर भाजपा के वरिष्ठ नेता बटेश्वर मेहता ने डीसी नैंसी सहाय में उनके कार्यालय में मिल पत्र सौंप ध्यान आकृष्ट कराया है। साथ ही इस पर तत्काल कदम उठाते हुए मार्ग को बाधा मुक्त कर स्कूली गतिविधि सुचारू रूप से चलाने की व्यवस्था करने का आग्रह किया है।

## डीवीसी ने किया फुटबॉल मैच का आयोजन



**जयनगर (आजाद सिपाही)।** प्रखंड डीवीसी केटीपीएस नैगम सामाजिक दायित्व के अंतर्गत बाबू कुंवर सिंह स्टेडियम घंघरी में फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। फुटबॉल मैच का उद्घाटन वरीय प्रबंधक सह परियोजना प्रधान दिलीप कुमार सिंह, डीजीएम विनोद कुमार राय के द्वारा संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। इस टूर्नामेंट में 8 फुटबॉल टीम ने भाग लिया। उद्घाटन मैच गांधीनगर और कोसमाड़ीह के बीच खेला गया जिसमें कोसमाड़ीह टीम विजेता बना। वहीं करियांवा और कंद्रपड़ी टीम के बीच फुटबॉल मैच खेला गया जिसमें कंद्रपड़ी टीम विजेता बना। सेमीफाइनल मैच में कोसमाडीह और कंद्रपड़ी के बीच मुकाबला हुआ। जिसमें कोसमाडीह टीम ने कंद्रपड़ी टीम को दो शून्य से मैच हराया। मौके पर सीएसआर सहायक प्रबंधक कुलदीप राम, एच आर सहायक प्रबंधक अश्वनी सिंह, अनुपम कुमार तिवारी, प्रभु महतो, शशि पांडेय, देवेंद्र कुमार राणा, सत्यनारायण सहित सैकड़ों खेल प्रेमी मौजूद थे।

# स्वास्थ्य विभाग ने आइडियल पैथोलॉजी की अल्ट्रासाउंड यूनिट को किया सील

**एनआइए के हत्थे चढ़े संदिग्ध डॉ इश्तियाक का आइडियल पैथोलॉजी में था आना जाना**

आजाद सिपाही संवाददाता









**हजारीबाग।** हजारीबाग स्वास्थ्य विभाग ने आइडियल पैथोलॉजी के अल्ट्रासाउंड यूनिट को मंगलवार को सील कर दिया है। दरअसल सिविल सर्जन कार्यालय के दस्तावेज में आइडियल पैथोलॉजी के अल्ट्रासाउंड के लिए रेडियोलॉजिस्ट के रूप में डॉ इश्तियाक का नाम रजिस्टर्ड है। डॉक्टर इश्तियाक को एनआइए की टीम ने रांची से अलकायदा इन इंडियन सब-कांटिनेंट (एक्यूआइएस) के मास्टरमाइंड के रूप में गिरफ्तार किया है। डॉक्टर इश्तियाक हजारीबाग आइडियल पैथोलॉजी प्रत्येक दिन रविवार को छोड़कर आता था। दोपहर के 12 से 3:30 तक काम करने के बाद यह वापस रांची लौट जाता था। 5 दिसंबर 2022 उनका हजारीबाग के आइडियल पैथोलॉजी आना-जाना लगातार बना हुआ था। हजारीबाग स्वास्थ्य विभाग को जानकारी मिली थी कि दो स्वास्थ्य कर्मी जो मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल में सेवा दे रहे हैं वे डॉक्टर इश्तियाक का नाम बदलकर दूसरे डॉक्टर का नाम एंट्री करने के फिराक में है, जो मेडिकल कॉलेज के आरसीएच और एआरटी में वर्तमान में भी सेवा दे रहे हैं। यह भी जानकारी मिल रही है कि जो कर्मी नाम हटाने के फिराक में थे उनके ही पैरवी से डॉक्टर इश्तियाक को लाइसेंस निर्गत किया गया था। इससे यह स्पष्ट होता है कि आइडियल पैथोलॉजी के संचालक के पहले से ही इन दो कर्मियों से संदिग्ध आतंकवादी डॉक्टर इश्तियाक से संबंध था। जैसे ही फाइल में छेड़छाड़ की सूचना हजारीबाग के सिविल सर्जन डॉ एसपी सिंह को मिली तो उन्होंने अल्ट्रासाउंड को सील करने का आदेश जारी कर दिया। आनन फानन में आइडियल पैथोलॉजी के अल्ट्रासाउंड यूनिट को सील कर दिया गया है। इस कार्रवाई में दारू अंचल के पदाधिकारी सह कार्यपालक दंडाधिकारी नवीन भूषण कुल्लू की उपस्थिति में डॉक्टर सुभाष प्रसाद और डॉक्टर राहुल कुमार की ने यूनिट को सील कर दिया।

## दही-हांडी प्रतियोगिता का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता



**हजारीबाग।** श्री राम चरित मानस सेवा संस्थान के द्वारा दही हांडी प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया। यह आयोजन हजारीबाग के हृदय स्थली झील स्थित ओपन थिएटर के प्रांगण में आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य युवा शक्ति को जागरूक करना, उन्हें भारतीय संस्कृति और परंपराओं से जोड़ना और सामूहिकता और एकता के महत्व को उजागर करना था। इस भव्य आयोजन में शहर के 12 टीमों ने हिस्सा लिया। जिसमें बालक और बालिका की टीम भी शामिल रही। कार्यक्रम का शुभारंभ संस्थान के अध्यक्ष संजय सिंह सहित अन्य अतिथियों ने दीप प्रज्वलन कर किया। निर्णायक मंडली के रूप में रविंद्र कुमार सचिव योगा एसोसिएशन, डॉक्टर प्रहलाद सिंह सचिव स्विमिंग एसोसिएशन, मुस्कान राणा मुस्कान योगा अकैडमी की शिक्षिका और मनोज सिंह ने अपनी भूमिका अदा किया। प्रतियोगिता के समापन पर विजेता टीम को प्रथम पुरस्कार के रूप में 15 हजार, द्वितीय पुरस्कार के रूप में दस हजार और तृतीय पुरस्कार के रूप में पांच हजार की नगद राशि स्वरूप पुरस्कार से सम्मानित किया गया। संस्था के अध्यक्ष संजय सिंह ने अपने संबोधन में कहा की दही हांडी प्रतियोगिता न केवल मनोरंजन का साधन है, बल्कि यह हमारी सांस्कृतिक धरोहर का प्रतीक है। हमें गर्व है कि हम इस परंपरा को जीवित रख रहे हैं और नई पीढ़ी को इससे परिचित करवा रहे हैं।

## वन विभाग ने अवैध आरा मील ध्वस्त किया

**बरकट्ठा (आजाद सिपाही)। प्रखंड क्षेत्र के ग्राम सलैया में वन विभाग की टीम ने दो अवैध आरामील को ध्वस्त किया। प्रशिक्षु डीएफओ शशांक शेखर, एसीएफ ए के परमार, बरही रेंज आफिसर कमलेश कुमार सिंह के नेतृत्व में ग्राम सलैया मडुआटांड टोला में चल रहे दो अवैध आरामील को ध्वस्त किया। यह आरा मील हीरालाल उर्फ भोकवा पिता हीरी महतो, पोखी प्रसाद पिता होरिल महतो का बताया गया। वन विभाग ने वहां रखे लाखों रुपये कि किमती लकड़ी को जप्त किया। दोनों आरा मीलों को जेसीबी मशीन से ध्वस्त कर मशीन को जब्त कर कानूनी कार्रवाई कर रही रही है। मौके पर पदाधिकारीओ ने कहा कि क्षेत्र में चल रहे अवैध आरा मीलों ध्वस्त किया जायेगा।**

## राष्ट्रीय लोक अदालत की तैयारी को लेकर हुई बैठक

आजाद सिपाही संवाददाता



**कोडरमा।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार, कोडरमा के तत्वावधान में आगामी 28 सितंबर को आयोजित होने वाले राष्ट्रीय लोक अदालत की तैयारियों को लेकर प्रधान जिला और सत्र न्यायाधीश के प्रकोष्ठ में बीमा कंपनियों और दावाकर्ता के अधिवात्ताओं के साथ एक बैठक संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता कोडरमा के प्रधान जिला और सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार बाल कृष्ण तिवारी ने की। प्रधान जिला जज ने उपस्थित अधिवक्ताओं से आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक मामलों के निष्पादन की दिशा में आवश्यक पहल करने की अपील की। उन्होंने कहा कि जहां एक ओर मामलों के निष्पादन से विभाग को राजस्व की वसूली करने में सहायता होती है वहीं दूसरी ओर न्यायालय से मुकदमों का बोझ कम होता है। उन्होंने अधिवक्ताओ से अपने स्तर से भी पक्षकारों को सूचित करने तथा उनको अपने मामलों का निष्पादन राष्ट्रीय लोक अदालत के माध्यम से कराने के प्रति जागरुक करने की भी अपील की। साथ ही विभिन्न बीमा कंपनियों के अधिवक्ताओं से अनुरोध किया गया कि वे अपने स्तर से पक्षकारों को नोटिस करें ताकि अधिक से अधिक मामलों का निष्पादन किया जा सके। प्रधान जिला जज ने सभी बीमा कंपनियों के अधिवक्ताओ को दावाकर्ता और बीमा कंपनियों की सूची उपलब्ध कराने की अपील की ताकि न्यायालय द्वारा भी अपने स्तर से उन्हें अपने मामले के निष्पादन के लिए सूचित किया जा सके। प्रधान जिला जज ने बीमा कंपनियों और दावाकर्ताओं के अधिवक्ताओं से अनुरोध किया है कि उभय पक्षों के बीच आपसी सहमति के आधार पर मामले को निष्पादित करने में भरपूर सहयोग करे ताकि आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत में मोटर दुर्घटना मुआवजा अधिनियम से संबंधित दावा वादों का अधिक से अधिक निष्पादन किया जा सके। मौके पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव गौतम कुमार, अधिवक्ता सुधीर कुमार, चंदन पांडेय, शिव अन्य अधिवक्तागण उपस्थित थे।

## 45 लाख की पाइप चोरी करने वाले दो गिरफ्तार



आजाद सिपाही संवाददाता

**हजारीबाग।** हजारीबाग पुलिस ने बड़कागांव थाना क्षेत्र के खरांटी स्थित प्रभा एनर्जी के नवनिर्मित (गैस प्लांट) के साईट में डंप किये गये लोहे का पाईप चोरी मामले में शामिल दो चोर को पकड़ न्यायिक हिरासत में भेज दिया। मंगलवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय में सीसीआर डीएसपी मनोज सिंह ने प्रेस वार्ता कर बताया की गत 16 - 17 अगस्त की रात्रि बड़कागांव थाना क्षेत्र के ग्राम खरांटी में अज्ञात के द्वारा प्रभा एनर्जी के नवनिर्मित (गैस प्लांट) के साईट में डम्प किये गये लोहे का पाईप चोरी कर लिया गया था। कंपनी ने थाना को आवेदन देकर बताया था की चोरी गये पाइप का बाजार मूल्य लगभग 45 लाख रुपये है। कंपनी के द्वारा चोरी की सूचना बड़कागांव थाना को 18 अगस्त को दी गयी, जिस संबंध में बड़कागांव थाना कांड संख्या- 218/24 दर्ज कर कांड का अनुसंधान शुरू किया गया। तकनीकी साक्ष्य और गुप्त सूचना के आधार पर कांड में संलिप्त बासुदेव यादव उर्फ बासु पिता अन्दु यादव, ग्राम खरांटी और वकील अहमद उर्फ मुन्ना पिता स्व साकीर अहमद ग्राम चौपदार बलिया, दोनों थाना बडकागांव जिला हजारीबाग को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार अप्राथमिकी अभियुक्त बासुदेव यादव के निशानदेही पर चोरी किये गये लोहे के पाइप को बेचे जाने से प्राप्त 50,000 रुपये को अभियुक्त के दुकान से बरामद किया गया। गिरफ्तार अप्राथमिकी अभियुक्त बासुदेव यादव उर्फ बासु और वकील अहमद उर्फ मुन्ना दोनों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। छापामारी दल में पुअनि वरुण कुमार, पुअनि अभिषेक कुमार, पुअनि आशीष कुमार भगत, पुअनि अमित कुमार एवम सशस्त्र बल बडकागांव थाना शामिल थे।

## महिला और उसके पुत्र का शव कुएं से बरामद

**ससुराल वालों पर हत्या का आरोप**

आजाद सिपाही संवाददाता



**कोडरमा।** मंगलवार को जिले के जयनगर थाना अंतर्गत तरवन गांव में एक कुएं से 38 वर्षीया महिला और उसके 8 वर्षीय पुत्र का शव एक कुएं से बरामद किया गया। इस बाबत मृतका के पिता टीपन महतो ने अपनी पुत्री के ससुराल वालों पर हत्या कर शव को कुएं में डालने का आरोप लगाया है। थाना को दिए आवेदन में कटिया निवासी टीपन महतो ने कहा है कि पुत्री सुमन देवी की शादी 18 वर्ष पूर्व तरवन के उपेन्द्र यादव पिता दिलीप यादव के साथ की थी। ससुराल के लोग बराबर मारपीट और प्रताडित किया करते थे। इसी क्रम में मेरा दामाद उपेन्द्र यादव की किरासन तेल से जलाकर हत्या कर दी गयी। उसके बाद मेरी बेटी का देवर राजेश यादव, ससुर दिलीप यादव, सास जसवा देवी, गोतनी सरिता देवी और ननद कंचन देवी जगह जमीन सम्पति हड़पने की नीयत से प्रताड़ित करने लगे। विगत एक सप्ताह से विवाद चला आ रहा था जिसकी जानकारी मेरी पुत्री ने फोन पर दिया था। सोमवार की देर शाम फोन से सूचना मिली कि मेरी पुत्री सुमन देवी और नाती प्रेम कुमार (उम्र 8 वर्ष) की हत्या कर शव को छुपाने के नियत से कुआं में डाल दिया गया है। वहीं 12 वर्षीया नतनी प्रियांशु भी गायब है। इधर मामले की सूचना पाकर थाना प्रभारी विकास कुमार पासवान दल-बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और मां पुत्र के शवों को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया।

## आजसू नेता शशि मेहता के पुत्र की मौत



**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** आजसू नेता शशि कुमार मेहता के इकलौते पुत्र 27 वर्षीय सुशांत कुमार का शव अपने ही घर के कमरे में फंदे पर मिला। मामले की जानकारी मिलते ही पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए हजारीबाग भेज दी है। सुशांत की मौत से पूरे गांव में शोक है। यह घटना मंगलवार सुबह 9:00 की है। घटना को लेकर ग्रामीण कई तरह के क्यास लगा रहे है। कोई कह रहे था की किसी ने हत्या कर दी है तो कोई कह रहे था कि सुसाइड है। हालांकि पुलिस इस मामले को लेकर गंभीरता के साथ जांच में जुट गयी है। घटना को लेकर सुशांत के पिता शशि कुमार मेहता ने बताया कि हम लोग सोमवार को हजारीबाग में थे। मंगलवार की सुबह तकरीबन 9:00 बजे सुशांत के दोस्त निलेश ने मेरे पत्नी के पास फोन किया और कहा की सुशांत फोन उठा नहीं रहा है दरवाजा भी बंद है। तकरीबन 15 मिनट बाद जब दोबारा फोन आया तो मैंने कह दिया कि दरवाजा तोड़ दो। तब तक हम लोग बड़कागांव के लिए हजारीबाग से निकल गये थे दरवाजा तोड़ने के बाद सुशांत के दोस्त ने कहा कि सुशांत अब इस दुनिया में नहीं रहा। मृतक सुशांत के पिता शशि कुमार मेहता ने कहा कि शव को देखने के बाद ऐसा प्रतीत होता है कि सुशांत की हत्या कर गले में फंदा लगा कर हत्या कर दिया गया है। शव लटका हुआ नहीं था बल्कि बेड में बैठा हुआ था। इस दौरान शव में फंदा लगा हुआ था। मैं घटना को लेकर सीबीआइ से जांच करने मांग करता हूं। सोमवार की रात्रि 9:30 बजे सुशांत से मोबाइल पर मेरी बात हुई थी उसने कहा था कि पापा चिंता नहीं कीजिए मैं खाना खा लूंगा। वही मामले को गंभीरता से लेते हुए बड़कागांव पुलिस ने बताया कि यह हत्या है या आत्महत्या पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद और जांच पड़ताल करने के पश्चात ही कुछ कहा जा सकता है। अभी कुछ भी बताना जल्दबाजी होगा। पुलिस सभी बिंदुओं पर जांच कर रही है।

## सभी विधानसभा सीट पर कांग्रेस और इंडिया अलायंस का होगा कब्जा: दिगंबर मेहता



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** राष्ट्रीय किसान कांग्रेस के प्रदेश संयोजक के नेतृत्व में हजारीबाग बिरसा मुंडा चौक बस स्टैंड के सामने झारखंड प्रदेश के नये प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश और मंत्री बन्ना गुप्ता का जोरदार स्वागत किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता दिगंबर कुमार मेहता ने स्वागत के दौरान कहा की नये प्रदेश अध्यक्ष के नेतृत्व में कांग्रेस और मजबूत होगा। साथ ही कहा की इस बार पूरे झारखंड के साथ हजारीबाग जिले के सभी विधानसभा सीट पर कांग्रेस और इंडिया अलायन्स का कब्जा होगा। कहा कि झारखंड में पहली बार किसी राष्ट्रीय पार्टी ने लव कुश समाज से प्रदेश अध्यक्ष बनाया है। उन्होंने कहा कि केशव महतो कमलेश के नेतृत्व में आने वाला चुनाव में पिछले चुनाव की अपेक्षा और बेहतरीन प्रदर्शन करेंगे। मौके पर कृष्णा कुशवाहा, संजय गुप्ता, ज्ञानी मेहता, मनोज मेहता, गुरदयाल सिंह, हीरालाल, कुशल चंद मेहता, बांसी मेहता, श्याम मेहता, राजेश मेहता, सुनील मेहता, मुन्ना मलिक, अजय गोप, रविंद्र राम, कृष्णा मेहता, राजेश मेहता, सतीश मेहता, सनी कुमार, श्रवन कुमार आदि मौजूद थे।

## एनटीपीसी बादम ने विद्यार्थियों को दिया छाता



**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** सामुदायिक विकास कार्यक्रम के तहत बादम खनन परियोजना द्वारा ग्राम बादम में स्थित बालिका प्राथमिक हिंदी विद्यालय और बालिका उच्चं विद्यालय के विद्यार्थीयों को लगभग 300 छाते वितरित किया। साथ ही बच्चों के लिये अल्पोहार कि व्यवस्था कि गयी। बरसात के दिनों में विद्यार्थियों को स्कूल जाने में काफी परेशानी होती है और उनकी किताबें भीग जाती हैं। विद्यार्थियों को पढ़ाई में मदद करने और बारिश से बचाने के लिए छाते वितरित किये गये। बादम खनन परियोजना जनसमुदाय कि मदत और सहकार्य करने के उद्देश्य से काम कर रहा है। बादम खनन परियोजना का लक्ष्य ऐसी कई योजनाओं के माध्यम से समुदाय का विकास करना है। एनटीपीसी लिमिटेड बादम खनन परियोजना शिक्षा स्वास्थ और आधारभूत संरचना विकास कार्यो में सहकार्य हेतू प्रतिबद्ध है।

## मुखिया संघ ने मांगों को लेकर दिया धरना



**केरेडारी (आजाद सिपाही)।** झारखंड प्रदेश मुखिया संघ के आदेशानुसार केरेडारी प्रखंड के सभी मुखिया मंगलवार से रांची स्थित जाकिर हुसैन पार्क में अनिश्चित कालीन धरना में शामिल हो गये हैं। सोमवार को जन्मास्टमी की छुट्टी होने की वजह से मंगलवार को केरेडारी मुखिया संघ के अध्यक्ष महेश प्रसाद साव के नेतृत्व में केरेडारी प्रखंड के मुखिया ने बीडीओ अमित कुमार से मिलकर लिखित आवेदन दिया है। मुखिया संघ की पांच सूत्री मांगे हैं जिन्हें लेकर प्रदेश भर के मुखिया मंगलवार से अनिश्चित कालीन धरने पर हैं इनकी मांगों में पंचायतों के सर्वांगीण विकास के लिए राज वित्त आयोग द्वारा आवंटित राशि जारी करने, कार्यकाल के दौरान किसी भी जनप्रतिनिधि की आकस्मिक मृत्यु या दुर्घटना होने पर उनके परिवार को 30 लाख रुपये मुवाबजा, मुखिया का मानदेय 30 हजार करने, सरकार द्वारा संचालित मंइयां सम्मान योजना व अबुवा आवास योजना सहित अन्य कल्याणकारी योजनाओं में पंचायत के जनप्रतिनिधियों और उनके परिवारों को भी शामिल करने व बिना किसी जांच के पंचायतों का वित्तीय अधिकार जब्त नहीं किया जाना शामिल है। इस संबंध में मुखिया संघ के अध्यक्ष महेश प्रसाद साव ने कहा की हमलोग अपना हक व अधिकार ले के ही रहेंगे व सरकार को हमारी मांगों पर गंभीरता पूर्वक विचार करना होगा व मांग पूरा भी करना होगा। आवेदन में केरेडारी मुखिया संघ के अध्यक्ष महेश प्रसाद साव, सचिव जितनी देवी, भारती देवी और हितनारायन साव सहित कई मुखिया के हस्ताक्षर है।

## भाकपा जिला परिषद की बैठक आज

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** भाकपा जिला मंत्री प्रकाश रजक ने प्रेस विज्ञप्ति जारी बताया कि 28 अगस्त 2024 को साहू धर्मशाला झुमरीतिलैया में दोपहर 12 से भाकपा जिला परिषद कोडरमा की बैठक बुलाई गयी है। बैठक में विगत कार्यक्रमों का रिपोर्टिंग आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर बरकट्ठा विधानसभा और कोडरमा विधानसभा का उम्मीदवार चयन पर विचार और 2 सितंबर 2024 को किसान मांग दिवस को लेकर जिले में आंदोलन पर विचार किया जायेगा। बैठक में मुख्य रूप से भाकपा राज्य मंत्री और राष्ट्रीय परिषद सदस्य महेंद्र पाठक और राज्य परिषद सदस्य राजेंद्र प्रसाद यादव, राष्ट्रीय परिषद सदस्य और जिप सदस्य महादेव राम, भाकपा जिला मंत्री प्रकाश रजक मौजूद रहेंगे।

## पेज 01 का शेष

### जिन्होंने कभी ब्लॉक ऑफिस तक नहीं देखा उनके दरवाजे पहुंच रही सरकार : सीएम

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज से चार वर्ष पहले कई ऐसे गांव थे, जहां के लोगों ने कभी ब्लॉक ऑफिस तक नहीं देखा था। डीसी-एसपी ऑफिस के बारे में जिन्हें कोई जानकारी तक नहीं थी, उनके दरवाजे पर आज पूरी सरकार पहुंच रही है। जिन गांवों में जाने के लिए कोई रास्ता नहीं है, जहां आवागमन की कोई सुविधा नहीं है, वहां आज बीडीओ-सीओ, डीसी-एसपी से लेकर विभागों के सचिव पहुंच कर आपकी समस्याओं को न सिर्फ सुन रहे हैं, बल्कि उसका समाधान कर रहे हैं। जिन समस्याओं का निदान तत्काल संभव नहीं है, उसकी जानकारी सरकार तक पहुंचा रहे हैं, ताकि उस दिशा में ठोस कदम उठाया जा सके। सरकार की योजनाओं से कोई वंचित नहीं रहे, इसी सोच के साथ कार्य कर रहे हैं।

**किसानों को वैकल्पिक कृषि के लिए सरकार कर रही पूरा सहयोग:** मुख्यमंत्री ने कहा कि किसानों को आर्थिक रूप से मजबूत बनाने के लिए सरकार कई योजनाएं लेकर आयी है। विशेषकर आज मौसम में जिस तरह का बदलाव देखने को मिल रहा है, उसमें किसानों को पारंपरिक खेती के अलावा वैकल्पिक कृषि के लिए आगे आने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि बिरसा हरित ग्राम योजना, दीदी बाड़ी योजना और मुख्यमंत्री पशुधन योजना जैसी अनेकों योजनाएं हैं, जिनसे जुड़कर किसान अपनी आय बढ़ा सकते हैं।

**पिछले साढ़े चार वर्षों में विकास का नया पैमाना बना:** मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले साढ़े चार वर्षों में हमारी सरकार ने इस राज्य और यहां के आदिवासी-मूलवासी, दलित, पिछड़े, अल्पसंख्यक, किसान-मजदूर, बूढ़े- बुजुर्ग, महिला, युवा समेत हर वर्ग-तबके के लिए जो कार्य किये हैं, उसने विकास का नया आयाम गढ़ा है। आज राज्य का कोई भी बूढ़ा-बुजुर्ग पेंशन से वंचित नहीं है। किसानों के दो लाख रुपये तक के लोन माफ किये गये हैं। बच्चों को बेहतर शिक्षा मिले, इसके लिए उत्कृष्ट विद्यालय खोले गये हैं। यहां के बच्चे पढ़-लिख कर आगे बढ़ें, गुरुजी क्रेडिट कार्ड योजना के तहत उन्हें आर्थिक सहयोग किया जा रहा है। बच्चियों की पढ़ाई आर्थिक तंगी से छूटे नहीं, इसके लिए उन्हें सावित्रीबाई किशोरी समृद्धि योजना से जोड़ा गया है। इसी तरह की अनेकों योजनाएं हैं, जो राज्य वासियों को आगे बढ़ने का मार्ग प्रशस्त कर रही हैं।

**सात लाख 32 हजार 906 बहन-बेटियों को मिली 73 करोड़ 29 लाख छह हजार सम्मान राशि :** मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम में सात लाख 32 हजार 906 लाभुकों के खाते में डीबीटी के माध्यम से 73 करोड़ 29 लाख छह हजार रुपये सम्मान राशि के रूप में हस्तांतरित कर महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक और मजबूत कदम बढ़ाया। इनमें दुमका की एक लाख 58 हजार 724, देवघर जिले की 50 हजार 152, साहिबगंज जिले की एक लाख 20 हजार 78, गोड्डा जिले की एक लाख 58 हजार 289, पाकुड़ जिले की एक लाख 20 हजार 110 और जामताड़ा जिले की एक लाख 25 हजार 543 बहन- बेटियां शामिल हैं।

**इनकी रही उपस्थिति**

इस कार्यक्रम में मंत्री सत्यानंद भोक्ता, मंत्री बेबी देवी, मंत्री हफीजुल हसन, मंत्री दीपिका पांडेय, मंत्री इरफान अंसारी, सांसद नलिन सोरेन, विधायक प्रदीप यादव, विधायक बसंत सोरेन, विधायक बादल, विधायक दिनेश विलियम मरांडी, विधायक कल्पना सोरेन, जिला परिषद अध्यक्ष जॉयस बेसरा, प्रमंडलीय आयुक्त लाल चंद दादेल तथा संताल परगना प्रमंडल अंतर्गत आने वाले जिलों के उपायुक्त और पुलिस अधीक्षक समेत अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# स्वास्थ्य विभाग में करोड़ों का घोटाला

- अनुसेवी अमजद ने वेतन सूची में जोड़ दिये फर्जी डॉक्टरों का नाम
- अमजद हुसैन और उसकी पत्नी के नाम पर ऑपरेट हो रहे थे पांच बैंक खाते
- एसडीओ के नेतृत्व में कमेटी 10 वर्षों के वेतन अनियमित की करेगी जांच






आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़।** जिले में एक से एक घोटालेबाज सामने आ रहे हैं। इससे पहले नगर परिषद और अनुमंडल कार्यालय में कर्मचारियों के द्वारा किया गया लाखों रुपये का घोटाला पकड़ा गया। लेकिन इस बार स्वास्थ्य विभाग के एक अनुसेवी अमजद हुसैन ने सारे रिकॉर्ड तोड़ दिये। उसने वेतन सूची में ही फर्जी डॉक्टरों के नाम शामिल कर दिये थे। उनके नाम पर पिछले डेढ़ वर्षों में लगातार हर महीने वेतन के नाम पर मोटी रकम ट्रांसफर की जा रही थी। प्रथम दृष्ट्या लगभग 1 करोड रुपए से अधिक का घोटाला पकड़ा गया है। इस घोटाले में अमजद हुसैन की पत्नी भी उसकी बराबर की सहयोगी है। क्योंकि कुछ बैंकों में उसी के नाम पर खाते खोले गए थे। इस पूरे मामले की जानकारी मंगलवार की शाम प्रेस कांफ्रेंस कर डीसी चंदन कुमार ने दी। उन्होंने बताया कि जैसे ही स्वास्थ्य विभाग में बड़े घोटाले की खबर मिली, उन्होंने जांच कमेटी बिठा दी। साथ ही अनुसेवी अमजद हुसैन और उसकी पत्नी के खिलाफ रामगढ़ थाने में प्राथमिकी दर्ज करा दी गयी है।

**डॉ राहुल उमरे के पैन कार्ड से काटा गया टीडीएस तो खुला पूरा मामला:** डीसी चंदन कुमार ने बताया कि महाराष्ट्र राज्य के गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज लातूर में पदस्थापित फॉरेंसिक मेडिसिन डिपार्टमेंट के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ राहुल उमरे ने 23 अगस्त को दूरभाष सं० 9970315598 से उनके ढअठ में 26 अर में टीडीएस क्रेडिट होने की सूचना दी। उनके द्वारा बताया गया कि यह केडिट राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, रामगढ़ से प्राप्त हुई है। डॉ राहुल उमरे रामगढ़ जिले के सदर अस्पताल या अन्य किसी भी सरकारी अस्पताल में पदस्थापित नहीं रहे। जब जांच की गयी तो पता चला कि डॉक्टर राहुल जैसे चार और लोग भी हैं।

**फर्जी चिकित्सकों का बनता था अटेंडेंस और वे होते थे अब्सेंट:** जिला स्वास्थ्य समिति के जिला लेखा प्रबंधक के द्वारा जब जांच की गयी तो पता चला कि डॉ संगीता वडाईक, डॉ वीणा कुमारी और डॉ टी चक्रवर्ती जिनका पूर्व से हीं भुगतान किया जाता रहा है। इसके अतिरिक्त सरिता कुमारी को भी संदिग्ध भुगतान वर्षों से किया जाता रहा है। जांच में यह बात भी स्पष्ट हुई है कि सभी चिकित्सक और स्वास्थ्य कर्मी का अटेंडेंस भी बनता था। कई बार वे लोग अनुपस्थित भी होते थे। उक्त चार चिकित्सकों में 01 मात्र चिकित्सक वीणा कुमारी का नाम अनुपस्थित पंजी में दर्ज पाये जाने के अधार पर भुगतान किया गया। शेष 03 चिकित्सक डॉ राहुल उमरें, डॉ संगीता बड़ाईक और डॉ टी चकवर्ती के बारे में प्राप्त सूचनानुसार बताया गया कि 02 चिकित्सक विदेश पढ़ाई करने, 01 चिकित्सक सेवा से त्याग पत्र दे दिया है और सरीता कुमारी प्रसव छुट्टी में है।

**वेतन की सारी संचिका हुई बंद, एक ही संचिका से होगा भुगतान:** इस घोटाले के सामने आने के बाद स्वास्थ्य विभाग की सारी संचिका को बंद कर दिया गया है। जिला लेखा प्रबंधक ने बताया कि वेतन की कई संचिका संधारित होने की वजह से उसके मिलन में कठिनाई होती हैं। जिन्हें बंद कर माह जून 2024 से दो संचिकाएं हीं संधारित की जाए। उनके द्वारा यह भी बताया गया कि बंद सचिका में छेडछाड कर कुछ आवश्यक पन्ने गायब कर दिये गये हैं।

**एसडीओ के नेतृत्व में कमेटी 10 वर्षों के वेतन भुगतान का करेगी जांच :** डीसी चंदन कुमार ने बताया कि इस पूरे घोटाले की जांच करने की जिम्मेदारी रामगढ़ एसडीओ आशीष गंगवार को सौंपी गयी है। वह पिछले 10 वर्षों में ऑफलाइन और ऑनलाइन वेतन भुगतान की सारी संचिका की जांच करेंगे। ऐसी संभावना है कि यह घोटाला सिर्फ डेढ़ वर्षो का नहीं है। पिछले कई वर्षों में बड़े घोटाले किये गये हैं और इस मामले में जितने लोगों की संलिप्तता होगी, उन सभी पर कार्रवाई होगी।

### जेएमएम छोड़कर सुभाष दास कांग्रेस में हुए शामिल

**टंडवा (आजाद सिपाही)।** टंडवा पंचायत के मुखिया सुनीता देवी पति सुभाष दास अपने सैकड़ों कार्यकर्ताओं के साथ कांग्रेस पार्टी की दामन थाम लिया। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश के चतरा एक कार्यक्रम में पहुंचे थे।


**पूर्व तट रेलवे**

सामग्रियों का आपूर्ति

निम्नलिखित निविदा वेबसाइट www.ireps.gov.in पर अपलोड कर दी गई है।

निविदा सूचना सं.Sr.DMM/KUR/EP/2024-25/09, दिनांक : 20.08.2024

क्रम सं.1: निविदा सं.81245969, सामग्रियों का संक्षिप्त विवरण: 5 वाट वीएचएफ डिजिटल वॉकी टॉकी (Walkie Talkie) सेट, मात्रा : 937 संख्यक।

निविदा बंद होने की तिथि व समय: दिनांक 19.09.2024 को 1500 बजे।

वरिष्ठ मण्डल सामग्री प्रबंधक, खोरधा रोड

PR-458/P/24-25

E-mail-mdjscb@jscb.gov.in Ph.No. 0651-2913111

**JHARKHAND STATE COOPERATIVE BANK LIMITED, RANCHI**

1st Floor, Shaheed Chowk, Main Road, Ranchi-834001

Ref.No.: 1496 Date: 27.08.2024

Jharkhand State Cooperative Bank Ltd. Invites applications from **Security Agencies for providing Private Security Guards (Armed) & Manpower Services** for Jharkhand State Cooperative Bank Limited.

**Last date for submission of bids: 17.09.2024 till 02.00 PM.**

For Tender eligibility criteria and other details, please visit website: **http://www.jscb.gov.in**

Sd/- CEO, JSCB, Ranchi

**भारतीय रेल**

भारत सरकार
रेल मंत्रालय
(रेलवे बोर्ड)

सं. 2023/Track-III/MC/5 नई दिल्ली, दिनांक : 27.08.2024

शुद्धिपत्र -X

विषय : रेल बोर्न मैंटेनेंस व्हीकल "RBMV" की आपूर्ति के लिए दिनांक 04.10.2024 को खोली जाने वाली निविदा संख्या टी एम – 2303

उपरोक्त निविदा के खुलने के समय 29.08.2024 को स्थगित कर 04.10.2024 कर दिया गया है। निविदा के सभी नियम व शर्तें अपरिवर्तनीय रहेंगी।

(विजय सिंह)
कार्यकारी निदेशक, रेलपथ (एम. & एम.सी)
रेलवे बोर्ड
दूरभाष न. 011–47845531
ई मेल: vijay.singh.2017@gov.in

2659/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


# गोबरदरहा गांव के मंदिर में हुआ पौधरोपण

आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़।** श्री कृष्ण जन्माष्टमी के पावन अवसर पर नगर परिषद क्षेत्र के वार्ड नं 27 गोबरदरहा शिव मंदिर प्रांगण में ग्राम विकास समिति के द्वारा पौधरोपण सह मटका फोड़ कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसके बतौर मुख्य अतिथि निवर्तमान नगर परिषद उपाध्यक्ष मनोज कुमार महतो और विशिष्ट अतिथि वार्ड पार्षद रोशन कुमार उपस्थित हुए। अतिथियों के द्वारा एक पौधा मंदिर के नाम के तहत एक-एक पौधा लगाया गया। मंदिर में तरह-तरह के सैकडों पौधा लगाया गया। जिसके बाद भक्ति गीतों पर सभी ग्रामीण झूमें और कृष्ण का रूपधारण किये बाल कलाकार शिवम कुमार के द्वारा मटका फोड़ा गया। कार्यक्रम का संचालन राजेन्द्र महतो के द्वारा किया गया।

**कौन कौन थे उपस्थित**

कार्यक्रम में मुख्य रूप से गणेश महतो, मोतीलाल महतो, गणेश महतो, भीमसेन महतो, महेश महतो, राजेन्द्र महतो, विनोद कुमार, संजय महतो, पुरुषोत्तम कुमार, कमलनाथ महतो, मुनेश्वर राम, कुंवर महतो, जयलाल महतो, संजीव रंजन, त्रिभुवन महतो, नरेश महतो, लालबाबू मुंडा, अरुण महतो, नरेंद्र महतो, नागेश्वर महतो, धनेश्वर महतो, हाकिम महतो, श्याम कुमार, सोनू कुमार, गोलू कुमार, वीणा देवी, भुनेश्वरी देवी, रीता देवी, मालती देवी आदि सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

### कुजू में बालिका उच्च विद्यालय के पूर्व सचिव की मनी पुण्यतिथि



**कुजू (आजाद सिपाही)।** बालिका उच्च विद्यालय कुजू के पूर्व सचिव स्वर्गीय बैजनाथ प्रसाद गुप्ता की दूसरी पुण्यतिथि विद्यालय प्रांगण में मनाया गया। मौके पर प्रधानाध्यापक कुलदीप प्रसाद, शिक्षक कर्मचारी और छात्राओं ने उनकी तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि देते हुए नमन किया। इस अवसर पर प्रधानाध्यापक कुलदीप प्रसाद ने पूर्व सचिव बैजनाथ प्रसाद गुप्ता द्वारा विद्यालय में दिये गये योगदान को याद करते हुए कहा कि लड़कियों की शिक्षा के लिए अलख जगाते हुए क्षेत्र में एक धरोहर खड़ा किया हैं। यह संस्थान निरंतर आगे बढ़ता रहे, इसके लिए सबो को प्रयास करते रहने की जरूरत है। मौके पर प्रधानाध्यापक कुलदीप प्रसाद, भुवनेश्वर महतो, शिशुपाल महतो, बबीता कुमारी, सुमन कुमारी, रामनरेश शर्मा, किरण देवी, प्रभा, नरगिस, परी, अंतरा, शब्बा गुलसार, प्रियंका, रिया, दीपिका, पूजा, विलासो, सुप्रिया रानी, रौनक, मीनाक्षी आदि शामिल रहे।

# स्थानीय युवाओं को दिया जायेगा अमीन का प्रशिक्षण

- रामगढ़ के युवा बन सकते हैं अमीन, 15 दिनों में शुरू होगी आवेदन की प्रक्रिया: डीसी

आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़।** जिला अंतर्गत नई पहल के तहत स्थानीय युवाओं को अमीन का प्रशिक्षण दिया जायेगा। इसके लिए डीसी सह अध्यक्ष डीएमएफटी चंदन कुमार द्वारा स्वीकृति प्रदान करते हुए जिला नियोजन पदाधिकारी रामगढ़ को कार्यकारी एजेंसी के रूप में नामित किया गया है। डीएमएफटी के तहत संचालित होने वाली परियोजना के तहत कुल 180 युवाओं, प्रत्येक प्रखंड से 30- 30 युवाओं का चयन किया जायेगा। डीसी द्वारा इस परियोजना के तहत कुल 77 लाख 27 हजार 400 रुपये की स्वीकृति दी गयी है। जिसमें की 75 फीसदी राशि 57 लाख 95 हजार 550 रुपये की राशि डीएमएफटी के माध्यम से दी जाएगी। वहीं 25 फीसदी राशि यानी 19 लाख 31 हजार 850 रुपए योजना से जुड़ने वाले युवाओं को देना होगा।

**प्रत्येक युवा पर प्रशिक्षण में खर्च होंगे 43 हजार रुपये :** अमीन प्रशिक्षण के तहत प्रत्येक युवा पर 42 हजार 930 रुपए का खर्च होगा। जिसमें 32 हजार 197.50 रुपये का भुगतान डीएमएफटी मद से किया जायेगा। वहीं 10 हजार 732.50 रुपये प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले युवा को देने होंगे। उपायुक्त द्वारा परियोजना को स्वीकृति दिये जाने के उपरांत अगले 15 दिनों के अंदर आवेदन की प्रक्रिया शुरू होगी।

**युवाओं को मिलेगा 810 घंटे का प्रशिक्षण :** परियोजना से जुड़ने वाले युवाओं को अमीन द्वारा किए जाने वाले विभिन्न कार्यों को लेकर कुल 810 घंटे का प्रशिक्षण दिया जायेगा। जिसमें 200 घंटे की थ्योरी और 610 घंटे का प्रैक्टिकल प्रशिक्षण शामिल होगा। जिले के कोई भी युवा जो कक्षा 8 पास आइटीआइ (2 वर्ष) 2 वर्ष के अनुभव के साथ, या कक्षा 10 पास आइटीआइ (1 वर्ष) कक्षा 10 के बाद 1 वर्ष के अनुभव के साथ, या कक्षा 10 पास आइटीआइ (2 वर्ष) कक्षा 10 के बाद, या कक्षा 10 पास के साथ 2 साल का अनुभव, या कक्षा 10 उत्तीर्ण और निरंतर नियमित स्कूली शिक्षा, या कक्षा 10 के बाद 3 साल का डिप्लोमा या 6 महीने के अनुभव के साथ कक्षा 12 पास, या 2 साल के अनुभव के साथ एनएसक्यूएफ स्तर 3 की पिछली प्रासंगिक योग्यता रखते हो वे परियोजना से जुड़कर अमीन प्रशिक्षण प्राप्त कर सकेंगे। गौरतलब हो कि प्रशिक्षण पूरी करने के उपरांत युवा भूमि सहायक, कनिष्ठ अमीन, अमीन (प्रशिक्षु) के रूप में कार्य करने हेतु योग्य होंगे।


### डीपीआरओ ने किया मांडूचट्टी पंचायत का निरीक्षण

**मांडू (आजाद सिपाही)।** जिला पंचायती राज पदाधिकारी निशा सिंह ने सोमवार को मांडूचट्टी पंचायत का निरीक्षण किया। उन्होंने सबसे पहले पंचायत सचिवालय पहुचें, जहां पर पंचायत सचिव से योजना पंजी, ग्राम सभा पंजी और आय व्यय निर्धारण पंजी की मांग की। उपस्थित पंचायत सचिव नरेश हजाम ने किसी भी प्रकार का पंजी उपलब्ध होने से इंकार किया। पंचायत सचिव ने बताया कि पूर्व सचिव द्वारा उन्हें चार्ज नहीं दिया गया है। इस पर डीपीआरओ ने पंचायत सचिव को फटकार लगाते हुए कहा कि चार्ज नहीं हुआ, तो कैसे डिजिटल लगा कर राशि का भुगतान किया जा रहा है। उन्होंने वित्तीय अनियमितता का आरोप लगाते हुए कार्रवाई करने की बात कही । इसके उपरांत जिला पंचायती राज पदाधिकारी ने पंचायत के गोविंदपुर में 15 वें वित्त आयोग से बने जल मीनार का निरीक्षण किया। जिसमें एक बंद और एक चालू पाया। इस पर शिव शक्ति के संचालक पर कार्रवाई करने का आश्वासन उपस्थित ग्रामीणों को दिया। मौके पर मुखिया अनीता देवी, प्रखंड समन्वयक शेखर कुमार, पंचायत सचिव नरेश हजाम, उप मुखिया पंकज कुमार गुप्ता समेत कई लोग मौजूद थे।

### श्रीश्री दुर्गा पूजा समिति की हुई बैठक

**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** बुध बाजार गांधी पार्क में इस वर्ष की दुर्गा पूजा के सफल आयोजन को लेकर मंगलवार को गांधी पार्क दुर्गा पूजा समिति की बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता स्थानीय मुखिया सत्यवंती देवी ने की। बैठक में प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी पूरे धूमधाम व भक्तिभाव के साथ रिभर साईड बुध बाजार गांधी पार्क में दुर्गा पूजा मनाने का निर्णय लिया। साथ ही पूजा की तैयारियों पर चर्चा की गयी। पूजा की सफलता को लेकर सर्वसम्मति से गांधी पार्क दुर्गा पूजा समिति का गठन किया गया। जिसमें अध्यक्ष नरेंद्र सिन्हा उर्फ नप्पू, उपाध्यक्ष राजेंद्र सिंह मल्होत्रा, लक्ष्मी देवी, विनोद कुमार चंद्रवंशी, बीगल करमाली बीगल, सुधीर पांडेय, नरेश महतो, संजय पासवान व बसंत कुमार सिंह, सचिव विनय भगत उर्फ बीनू, संयुक्त सचिव विजय चंद्रवंशी, सोहन चौधरी, दिनेश कुमार, संजय करमाली, अनिल मांझी, गुल्लू मांझी, राजेंद्र मुंडा, तुहीन नायक (बुकुन), कोषाध्यक्ष प्रशांत सिन्हा, उपकोषाध्यक्ष रामचंद्र यादव उर्फ रामू, संयोजक रामाशंकर पांडेय उर्फ नुनु पांडेय, लव कुमार महतो व संजय रवि, मीडिया प्रभारी दुर्गेश नंदन तिवारी, संरक्षक पतरातू प्रखंड उप प्रमुख, बबीता पांडेय, बुध बाजार दोतल्ला मुखिया सत्यवंती देवी, सीसीएल बरका–सयाल जीएम अजय कुमार सिंह, भुरकुंडा पीओ मनोज पाठक, मिथिलेश राय, बालेश्वर बेदिया, भूपेंद्र सिंह उर्फ जीबू, प्रवीण शर्मा, विजय शंकर राम व अशोक राम चुने गये। वहीं कार्यकारिणी सदस्यों में दर्जनों लोग शामिल हैं।

### श्रीकृष्ण जन्मोत्सव अखंड हरिकीर्तन में शामिल हुए सांसद मनीष जायसवाल



**कुजू (आजाद सिपाही)।** नप क्षेत्र दिगवार और पोचरा में श्रीकृष्ण जन्मोत्सव के मौके पर आयोजित 48 घंटे के हरिकीर्तन कार्यक्रम में हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल शामिल हुए। मौके पर आजसू नेता तिवारी महतो, चितू महतो और भाजपा नेता मनोज गिरी भी शामिल रहे। सांसद के आगमन पर पूजा कमेटी ने अंग वस्त्र और बुके भेंट कर स्वागत किया। तत्पश्चात पंडितों ने सांसद को रक्षा सूत्र बांध कर भगवान श्रीकृष्ण के चरणों में पूजार्चना कराया। वही, सांसद मनीष जायसवाल हरे राम, हरे कृष्ण के संकल्पित जाप में भाग लेकर क्षेत्रवासियों के लिए सुख समृद्धि की कामना की। वही, समिति द्वारा मंडप परिसर में विवाह भवन व सौंदर्यकरण की मांग पर आवेदन बनाकर देने की बात कही।

### आजसू ने जनजागरण अभियान को लेकर पंचायतों में की पदयात्रा




**पतरातू (आजाद सिपाही)।** आजसू पार्टी ने मंगलवार को पीटीपीएस क्षेत्र के हेसला पंचायत क्षेत्र में जनजागरण अभियान के दौरान पदयात्रा किया। पद यात्रा में केंद्रीय महासचिव सह बड़कागांव विधानसभा प्रभारी रोशनलाल चौधरी उपस्थित थे। जनजागरण अभियान के दौरान जनता को संबोधित करते हुए रोशनलाल चौधरी ने कहा की भ्रष्ट राज्य सरकार के खिलाफ आजसू पार्टी जनजागरण अभियान चला रही है। बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र को कांग्रेस पार्टी ने गर्त में डाल दिया है। इस मौके पर जिला अध्यक्ष दिलीप दांगी, प्रखंड अध्यक्ष गंगाधर महतो, प्रखंड कार्यकारी अध्यक्ष बृजेश सिंह, केंद्रीय सदस्य अशोक पाठक, चंदन कुमार, राजू कुमार, वीरेंद्र झा सहित सैकड़ों महिला और पुरुष शामिल थे।

## खेलकूद प्रतियोगिता में शामिल हुई विधायक सुनीता चौधरी, कहा

# खिलाड़ियों को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने के लिए काम कर रही है आजसू

आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़।** युवा आजसू मोर्चा के तत्वावधान में छावनी फुटबॉल मैदान में आयोजित तीन दिवसीय प्रखंड स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता के दूसरे दिन मंगलवार को विधायक सुनीता चौधरी शामिल हुईं। प्रतियोगिता का शुभारंभ विधायक सुनीता चौधरी, युवा आजसू मोर्चा के पीयूष चौधरी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित और खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। इससे पूर्व अतिथियों के आगमन पर आयोजन समिति के पदाधिकारी ने उन्हें बुके देकर स्वागत किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता युवा आजसू मोर्चा के जिला सह प्रभारी रोहित सोनी व संचालक नीतीश दांगी ने किया।



युवा आजसू खिलाड़ियों को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने के लिए हूं प्रतिबद्ध

खिलाड़ियों का हौसला अफजाई करते हुए विधायक सुनीता चौधरी ने कहा कि युवा आजसू झारखंड के खेल प्रशिक्षकों और खिलाड़ियों को राष्ट्रीय अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि राज्य के साथ-साथ विभिन्न जिलों के खिलाड़ियों पर युवा आजसू की नजर है, उन्हें एक मंच दिया जायेगा और वे अपने खेल के माध्यम से अपनी पहचान बनायेंगे। जिन्हें हर संभव मदद किया जायेगा। हमारा संकल्प है कि इस खेल प्रतियोगिता से हम न केवल खिलाड़ियों को आगे लायेंगे, बल्कि खेल प्रशिक्षकों को भी द्रोणाचार्य पुरस्कार सम्मान से सम्मानित होते देखना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि युवा आजसू सभी खिलाड़ियों को राष्ट्र और अंतरराष्ट्रीय स्तर तक ले जाने की तैयारी में है। वही, जो खिलाड़ी कहीं गलती कर रही है उन्हें बेहतर प्रशिक्षकों के माध्यम से तैयार किया जायेगा। साथ ही प्रशिक्षकों को भी ध्यान दिया जायेगा ताकि वह तन मन लगाकर अपना बहुमत योगदान खिलाड़ियों को दे।

मौके पर मुख्य रूप से जिला परिषद सदस्य धनेश्वर महतो, कुंदरु मुखिया किशुनराम मुंडा, युवा मोर्चा जिला सह प्रभारी अरविंद महतो, आजसू छात्र संघ जिलाध्यक्ष देवा महतो, मीरा देवी, उपाध्यक्ष अरुण महतो, मुकेश राम, रामगढ़ जिला स्वर्णकार संघ अध्यक्ष तरुण वर्मा, कार्य अध्यक्ष पंकज सोनी, पप्पू सोनी, जिमी राम, लाल बाबू, ओलंपिक एसोसिएशन के अध्यक्ष सीडी सिंह, वालीबॉल एसोसिएशन के अध्यक्ष गोपाल राम, रमेश महतो, जिला सह प्रभारी मनोज महतो, नगर उपाध्यक्ष पंकज दांगी, अजय पांडे, अंकित अग्रवाल, शिवम पिल्लै, संजय सिंघानिया, अजीत गुप्ता, दीपू गुप्ता, आनंद मुंडा, अंकित सिंह आदि उपस्थित थे।



### उरीमारी परियोजना के 15 कर्मियों को मिली पदोन्नति

**उरीमारी (आजाद सिपाही)।** बरका सयाल क्षेत्र अंतर्गत उरीमारी परियोजना पदाधिकारी दिलीप कुमार के द्वारा परियोजना में अलग-अलग विभाग में कार्यरत कर्मियों को पदोन्नति पत्र दिया गया। मौके पर परियोजना पदाधिकारी ने मजदूरों को आश्वासन दिया कि मैन पावर बजट में खाली पोस्ट है उसको आने वाले दिन में बहुत जल्द ही भरकर पदोन्नति दिया जायेगा। कुछ एरिया पोस्ट का पदोन्नति है उसको भी एरिया से निकलवाया जायेगा। पदोन्नति लेने वालों में उत्खनन विभाग के आठ कर्मचारियों में मुबारक अंसारी, नीलकंठ प्रसाद, रामजीत सोरेन, जगदीश, रामेश्वर महतो, दिलीप कुमार महतो, विष्णु महतो, संदीप कुमार चक्रवर्ती को इपी फीटर डी से इपी फीटर सी में किया गया। वही इएंड एम विभाग के कर्मियों में जागो साव, कांडे मुंडा, बीरू भुइया, रविंद्र लकड़ा, नंदू साव को टंडेल जमादार कैट पांच से छह में किया गया, और ड्रिल ऑपरेटर में सवाना मांझी ड्रिल ऑपरेटर डी से सी में किया गया है। अमर राजभर को कैट कशाबल ऑपरेटर कैट डी में किया गया है। उपस्थित लोगो में खान प्रबंधक पी के सेनगुप्ता, परियोजना अभियंता एम पी गुप्त, गौतम कुमार, एस पी तिवारी, विजय प्रसाद, अरुण कुमार सिंह, मनी भूषण प्रसाद, प्रदीप गुप्ता, तौसीफ सुलेमान, प्रवीण कुमार, एस पी सिंह, गणेश राम, डीपी मेहता, बाल्मिकी यादव, सुभाष चंद्र ओझा, दिलीप राम, प्रवेश कुमार सिंह, कुंजेशवर मंडल, रामप्रित, अनिल कुमार, जगदीश प्रसाद, बल्ले मुंडा, कुलदीप कुमार, उमेश प्रसाद, महेश राम सहित मजदूर उपस्थित हुए।

# जम्मू-कश्मीर में नये दौर की आस

जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनाव के पहले चरण के लिए नामांकन भरने की आखिरी तारीख खत्म हो गयी है, लेकिन तमाम बड़ी पार्टियों के बीच असमंजस और अनिश्चितता जैसे खत्म होने का नाम नहीं ले रही। कुछ हद तक अनिश्चितता हर चुनाव में होती है, लेकिन जम्मू-कश्मीर के मामले में हालात सामान्य से ज्यादा जटिल हैं और इस असमंजस के पीछे उसकी भूमिका से इनकार नहीं किया जा सकता।

**गठबंधन और एजेंडा:** विपक्षी खेमे में माने जाने वाले राज्य के तीनों प्रमुख दलों में सहयोग और संघर्ष, दोनों का दिलचस्प घालमेल दिख रहा है। नैशनल कांफ्रेंस और कांग्रेस के बीच सभी 90 सीटों पर गठबंधन की घोषणा कर दी गयी, लेकिन उसके बाद भी जब किसी सूरत में सभी सीटों पर सहमति नहीं बन सकी, तो कहा गया कि पांच सीटों पर 'दोस्ताना मुकाबला' होगा। पीडीपी इस गठबंधन से बाहर है। फिर भी मुद्दों की एकरूपता के चलते न सिर्फ उमर अब्दुल्ला उससे अपनी पार्टी के खिलाफ प्रत्याशी न खड़ा करने को कह रहे हैं, बल्कि खुद महबूता भी कह चुकी हैं कि अगर उनके एजेंडे को स्वीकार किया गया, तो गठबंधन का समर्थन करेंगी।

**एक दशक पहले यानी 2014 में हुए विधानसभा चुनाव के समय अनुच्छेद 370 के तहत विशेष दर्जे से लैस जम्मू-कश्मीर अब राज्य के दर्जे से भी वंचित है। उस चुनाव में दो सबसे बड़ी और मिलकर सरकार बनाने वाली पार्टियां पीडीपी और भाजपा एक-दूसरे की धुर विरोधी हो चुकी हैं।**

**सूची की वापसी:** भाजपा किसी बड़े दल के साथ गठबंधन में नहीं है, इसलिए वहां इस तरह की गफलत नहीं है, लेकिन निर्णय लेना और उसे लागू करना वहां भी कम मुश्किल नहीं। स्थिति यह है कि पार्टी ने सोमवार को 44 प्रत्याशियों की पहली सूची जारी करने के थोड़ी ही देर बाद उसे वापस ले लिया। इसके बाद जो सूची जारी की गयी, उसमें 15 ही प्रत्याशियों के नाम थे।

**बदल चुका है सीन:** एक दशक पहले यानी 2014 में हुए विधानसभा चुनाव के समय अनुच्छेद 370 के तहत विशेष दर्जे से लैस जम्मू-कश्मीर अब राज्य के दर्जे से भी वंचित है। उस चुनाव में दो सबसे बड़ी और मिलकर सरकार बनाने वाली पार्टियां पीडीपी और भाजपा एक-दूसरे की धुर विरोधी हो चुकी हैं।

**नये दौर की उम्मीद:** जम्मू-कश्मीर एक राज्य के रूप में शुरू से विशिष्ट रहा है। इसकी तुलना अन्य राज्यों में होने वाले चुनावों से नहीं की जा सकती। बड़ी बात यह है कि पार्टियां एक-दूसरे के बारे में चाहे जो भी कहें, ये सभी भारतीय संविधान के तहत लोकतांत्रिक ढंग से चुनाव में हिस्सेदारी कर रही हैं और जनादेश को भी स्वीकार करेंगी। सबकी नजरें इवीएम से निकलने वाले इसी जनादेश पर है। उम्मीद है कि यहां से जम्मू-कश्मीर में लोकतांत्रिक विकास और शांति-समृद्धि का नया दौर शुरू होगा। यह दौर न केवल जम्मू-कश्मीर के लिए, बल्कि पूरे देश और भारतीय उपमहाद्वीप के लिए भी अच्छा होगा।

अभिमत
आजाद सिपाही

**जनधन की शुरुआत के दो साल बाद, अप्रैल, 2016 में भारत में यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस या यूपीआई नामक एक तत्काल भुगतान प्रणाली की शुरुआत की गयी, जिसने खुदरा डिजिटल भुगतानों के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभायी है। वर्तमान में यूपीआई के माध्यम से 1200 करोड़ मासिक डिजिटल भुगतान लेनदेन ने इसे विश्व स्तर पर मान्यता प्रदान की है।**

# जनधन: भारत की डिजिटल वित्तीय क्रांति सशक्तीकरण के 10 साल और भविष्य

**प्रधानमंत्री** जनधन योजना (पीएमजेडीवाइ) दुनिया की सबसे बड़ी वित्तीय समावेशन पहल की आज 10वीं वर्षगांठ है। यह एक बुनियादी समावेशन परियोजना है, जिसे हमारे माननीय प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में 2014 में सरकार द्वारा शुरू किया गया था। जनधन योजना ने अर्थव्यवस्था में वित्तीयकरण, औपचारिकरण और डिजिटलीकरण के उद्देश्यों को प्राप्त करने में सहायता की है। आज जबकि 53 करोड़ से अधिक जनधन बैंक खाते खोले जा चुके हैं भारतीय अर्थव्यवस्था में लगभग 80% वयस्कों का किसी बैंक या किसी वित्तीय संस्थान में खाता है। यह 2500 अमेरिकी डॉलर के बराबर प्रति व्यक्ति आय वाली अर्थव्यवस्थाओं के लिए वैश्विक मानदंडों की तुलना में कहीं अधिक है। बैंक खाते खोले जाने से महिलाओं (जनधन खातों में 55% हिस्सेदारी) के साथ-साथ पिरामिड के निचले हिस्से के लोगों को भी सशक्त बनाने में मदद मिली क्योंकि सरकार ने विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के हिस्से की सब्सिडी बिना किसी लीकेज के सीधे उन्हें प्रदान करने के लिए प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (डीबीटी) का उपयोग किया।

**जीएसटी ने भारत को विश्व में सबसे बड़ा निजी डेटा-कैश वाला डेटा संपन्न देशश बनाने में सहायता प्रदान की है जिसने एआइ क्रांति को सशक्त किया है।**

भारत ने तीन महत्वपूर्ण आयामों को एक साथ जोड़कर अपनी डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना कार्यनीति को सावधानीपूर्वक तैयार किया जिससे यह संभव हुआ जैसे कि जैम ट्रिनिटी और बैंक खाता (जनधन) इस ट्रिनिटी का एक महत्वपूर्ण हिस्सा था, इसके अतिरिक्त डिजिटल पहचान (आधार) और मोबाइल नंबर भी इसका हिस्सा हैं। डीबीटी के उपयोग के माध्यम से इसने राजकोषीय बचत को बढ़ावा दिया। मार्च, 2023 तक संचयी बचत रुपए 3.5 लाख करोड़ होने का अनुमान है क्योंकि सरकार लगभग रुपए 7 लाख करोड़ सालाना अंतरित करती है। बैंक रहित लोगों के पास अब बैंक खाते तक पहुँच है और उन्हें निःशुल्क रूपे कार्ड प्रदान किया गया है जिससे अर्थव्यवस्था में नकदी के कम उपयोग को बढ़ावा देने में सहायता मिली है। डीबीटी के 65% से अधिक लाभार्थी ग्रामीण क्षेत्रों से हैं जिससे वित्तीय समावेशन को बढ़ावा देने में जनधन द्वारा निभायी गयी भूमिका का संकेत मिलता है।




**भारत ने तीन महत्वपूर्ण आयामों को एक साथ जोड़कर अपनी डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना कार्यनीति को सावधानीपूर्वक तैयार किया जिससे यह संभव हुआ जैसे कि जैम ट्रिनिटी और बैंक खाता (जनधन) इस ट्रिनिटी का एक महत्वपूर्ण हिस्सा था, इसके अतिरिक्त डिजिटल पहचान (आधार) और मोबाइल नंबर भी इसका हिस्सा हैं। डीबीटी के उपयोग के माध्यम से इसने राजकोषीय बचत को बढ़ावा दिया। मार्च, 2023 तक संचयी बचत रुपए 3.5 लाख करोड़ होने का अनुमान है क्योंकि सरकार लगभग रुपए 7 लाख करोड़ सालाना अंतरित करती है। बैंक रहित लोगों के पास अब बैंक खाते तक पहुँच है और उन्हें निःशुल्क रूपे कार्ड प्रदान किया गया है जिससे अर्थव्यवस्था में नकदी के कम उपयोग को बढ़ावा देने में सहायता मिली है। डीबीटी के 65% से अधिक लाभार्थी ग्रामीण क्षेत्रों से हैं जिससे वित्तीय समावेशन को बढ़ावा देने में जनधन द्वारा निभायी गयी भूमिका का संकेत मिलता है।**

जनधन की शुरुआत के दो साल बाद, अप्रैल, 2016 में भारत में यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस या यूपीआई नामक एक तत्काल भुगतान प्रणाली की शुरुआत की गयी, जिसने खुदरा डिजिटल भुगतानों के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभायी है। वर्तमान में यूपीआइ के माध्यम से 1200 करोड़ मासिक डिजिटल भुगतान लेनदेन ने इसे विश्व स्तर पर मान्यता प्रदान की है। भुगतान/वित्तीय लेनदेन के मामले में यूपीआई क्रांति के लिए बुनियाद तैयार करके इसमें जनधन ने प्रमुख भूमिका निभायी है। जनधन और यूपीआइ ने मिलकर एक डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना के निर्माण का बढ़ावा दिया है जो डेटा एक्सेस या अंतर-संचालनीयता के विस्तारीकरण बनाने में सहायता प्रदान करता है जिसका लाभ वित्तीय संस्थानों द्वारा छोटे टिकट की उधारी की ऋण हामीदारी के लिए लिया जा सकता है। इसने फिनटेक जगत में नवोन्मेषिता को भी बढ़ावा दिया है क्योंकि वे वित्तीय समावेशन को बढ़ाने में सहायता प्रदान करते हैं।

कुल मिलाकर 2014 में जनधन से शुरू हुए सुधार उसके बाद 2016 में यूपीआइ और फिर 2017 में जीएसटी ने भारत को विश्व में सबसे बड़ा निजी डेटा-कैश वाला डेटा संपन्न देशश बनाने में सहायता प्रदान की है जिसने एआइ क्रांति को सशक्त किया है।

**आगे की राह?**

भारत, वर्तमान में विश्व में डिजिटल क्रांति का नेतृत्व कर रहा है डिजिटल अर्थव्यवस्था में सबसे तेज वृद्धि उचित इकोसिस्टम के माध्यम से प्राप्त हुई है जिसकी नींव 2014 में जनधन सुधार के माध्यम से रखी गई थी। इस डिजिटल वित्तीय इकोसिस्टम में नवीनतम जुड़ाव यूएलआई (यूनिफाइड लेंडिंग इंटरफेस) है जो विशेष रूप से ग्रामीण और छोटे उधारकताओं को जिनकी ऋण मांग अभी भी पूरी नहीं हुई है उन्हें परेशानी रहित ऋण प्रदान करता है। यह कृषि, एमएसएमई आदि के क्षेत्र में छोटे उधारकताओं के लिए एक वित्तीय क्रांति होगी। भूमि रिकॉर्ड, इकाई का पंजीकरण, सी-केवाईसी, क्रेडिट इतिहास, वित्तीय पण्यावर्त आदि जैसे बेहतर डिजिटल रिकॉर्ड वित्तीय संस्थानों की परिचालन लागत को कम करने के साथ-साथ निर्धारित समय अवधि और मानवीय भूल को कम कर देंगे। आरबीआइ गवर्नर के अनुसार, जैम-यूपीआइ-यूएलआइ की नयी ट्रिनिटी भारत की डिजिटल अवसंरचना यात्रा में एक क्रांतिकारी कदम होगी।

बैंकिंग प्रणाली, पिरामिड के निचले हिस्से में लोगों हेतु छोटे-टिकट वाले उत्पादों के प्रावधान के माध्यम से बड़े पैमाने की अर्थव्यवस्था को प्राप्त करके उल्लेखनीय वृद्धि कर सकती है। हम डीबीटी प्राप्तियों के आधार पर क्रेडिट इतिहास/क्षमता के साथ सूक्ष्म-ऋण, माइक्रो-इंश्योरेंस (जीवन, सामान्य और स्वास्थ्य बीमा के लिए पृथक और एक साथ) के साथ-साथ कम मूल्य के सुनियोजित निवेश योजना (एसआईपी) के माध्यम से सूक्ष्म-निवेश विकल्पों, सरकारी बॉन्ड में प्रत्यक्ष खुदरा भागीदारी के लिए आरबीआई के पोर्टल के माध्यम से कम टिकट निवेश जैसे उत्पादों पर विचार कर सकते हैं। बैंकों के लिए, बाद वाले विकल्प विभिन्न निवेश विकल्पों को ढूढ़ने के इच्छुक युवा आबादी की बढ़ती आकांक्षाओं को समझने का एक सुनहरा अवसर हो सकता है। निष्कर्ष के तौर पर जनधन के कार्यान्वयन के एक दशक बाद ये सुधार डिजिटल वित्त क्रांति को बढ़ावा देकर विकसित भारत@2047 बनने की दिशा में भारतीय अर्थव्यवस्था के मार्ग को निरंतर प्रशस्त कर रहा है। जनधन इस बात का उदाहरण है कि देश के लिए एक सुविचारित दृष्टिकोण लोगों और समाज को कितना प्रभावित कर सकता है। सभी के लिए बैंक खाता के उद्देश्य से जनधन अब भारत के लिए एक वित्तीय और डिजिटल क्रांति का रूप ले रहा है।

## देश-विदेश की खबरें

### बसपा की राष्ट्रीय अध्यक्ष चुनी गयीं मायावती, आकाश आनंद का कद बढ़ा



लखनऊ (आजाद सिपाही)। बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की मंगलवार को हुई बैठक में मायावती को फिर पार्टी का राष्ट्रीय अध्यक्ष चुना गया है। उनका कार्यकाल पांच साल होगा। उनके नाम का प्रस्ताव पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव सतीश चंद्र मिश्रा ने किया, जो सर्वसम्मति से मंजूर हो गया। वहीं, नेशनल कोऑर्डिनेटर आकाश आनंद का कद बढ़ाते हुए उन्हें महाराष्ट्र, झारखंड, हरियाणा और जम्मू-कश्मीर में होने वाले विधानसभा चुनाव का प्रभारी बनाया गया है। बसपा सुप्रीमो ने प्रदेश कार्यालय में आयोजित बैठक में देश भर से आये पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि दलितों एवं बहुजनों को अपनी शक्ति पर भरोसा करना सीखना ही होगा वरना धोखा खाते रहेंगे और लाचारी व गुलामी का जीवन जीने को मजबूर बने रहना पड़ेगा।

### शराब नीति घोटाले में के कविता को जमानत



नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)। सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को दिल्ली शराब नीति घोटाले में बीआरएस नेता के कविता को जमानत दे दी। जमानत का आदेश देते हुए सुप्रीम कोर्ट ने सीबीआइ और इडी को भी फटकार लगायी और उनकी जांच के तरीके पर सवाल उठाये। तेलंगाना के पूर्व सीएम के चंद्रशेखर की बेटी और बीआरएस से एमएलसी के कविता 15 मार्च से पुलिस हिरासत में हैं। सुप्रीम कोर्ट ने के कविता को दोनों मामलों में 10-10 लाख रुपये का जमानत बांड भरने, गवाहों से छेड़छाड़ न करने और गवाहों को प्रभावित न करने की शर्त पर जमानत देने का निर्देश दिया है। न्यायमूर्ति बीआर गवइ और केवी विश्वनाथन की पीठ ने सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने जांच एजेंसियों इडी और सीबीआइ से पूछा कि उनके पास के कविता के कथित घोटाले में शामिल होने के क्या सबूत हैं और जो सबूत हैं वो अदालत को दिखायें।

### पटना में शिक्षकों ने स्पेशल नाव पर भी चढ़ने से मना किया

पटना (आजाद सिपाही)। पटना के दानापुर में पिछले दिनों एक बीपीएससी शिक्षक के गंगा में डूब जाने के बाद गंगा घाट पर एनडीआरएफ की टीम को शिक्षकों की सुरक्षा के लिए तैनात किया गया है। दानापुर में हुए हादसे के बाद एकतरफ जहां शिक्षकों में आक्रोश व्याप्त रहा, तो दूसरी ओर शिक्षा विभाग ने भी शिक्षकों की सहूलियत और सुरक्षा के लिए कई अहम निर्देश जारी किये। शिक्षकों के लिए घाटों पर नाव की व्यवस्था की गयी है। मंगलवार को शिक्षकों के लिए घाट पर स्पेशल नाव खड़ी की गयी, लेकिन बीपीएससी शिक्षकों ने लाइफ जैकेट नहीं रहने पर नाव की सवारी से इंकार कर दिया। वहीं शिक्षा विभाग ने स्कूल बंद करने का आदेश दे दिया है। मंगलवार की सुबह जब बीपीएससी शिक्षक बड़ी संख्या में दानापुर के नासरीगंज घाट पर पहुंचे, तो यहां उनके लिए विशेष नाव की तैनाती मिली. सुबह करीब आठ बजे शिक्षक घाट पर पहुंचे थे।

# पीएम मोदी ने पुतिन से फोन पर की बात

## यूक्रेन यात्रा के अनुभव बताये, शांति के प्रति प्रतिबद्धता दोहरायी

आजाद सिपाही संवाददाता



**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से फोन पर बात की और यूक्रेन की अपनी हालिया यात्रा से प्राप्त अनुभवों को साझा किया। साथ ही रूस के यूक्रेन के साथ संघर्ष के शीघ्र, स्थायी और शांतिपूर्ण समाधान के लिए भारत की दृढ़ प्रतिबद्धता दोहरायी। पीएम मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ बातचीत में दोनों देशों के बीच विशेष रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करने के उपायों पर भी चर्चा की गयी। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, रूस-यूक्रेन संघर्ष पर विचारों का आदान-प्रदान किया तथा यूक्रेन की अपनी हालिया यात्रा से प्राप्त अनुभवों को साझा किया। संघर्ष के शीघ्र, स्थायी और शांतिपूर्ण समाधान के लिए भारत की दृढ़ प्रतिबद्धता दोहरायी।

मोदी ने सोमवार को अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन को अपनी यूक्रेन यात्रा के बारे में जानकारी दी थी तथा बातचीत और कूटनीति के जरिये क्षेत्र में जल्द शांति बहाल करने के लिए भारत का पूरा समर्थन जताया था। गौरतलब है कि कुछ महीने पहले मॉस्को में रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन को गले लगाकर यूक्रेनवासियों को नाराज कर दिया था। जेलेंस्की ने पीएम मोदी और पुतिन की मुलाकात को गलत संदेश बताया था। इसके बाद पीएम मोदी ने बीते शुक्रवार को कीव का दौरा किया। यूक्रेन दौरे में मोदी ने वॉर जोन का भी दौरा किया। मोदी ने राष्ट्रपति वलोडिमिर जेलेंस्की से कहा कि युद्ध के मैदान पर किसी भी समस्या का समाधान नहीं निकल सकता।

# एडवांस और मॉडर्न बनेंगे भारत के मुख्य युद्धक टैंक

आजाद सिपाही संवाददाता



**नयी दिल्ली।** भारत अपने मुख्य युद्धक टैंकों, टी-72 और टी-90 को एडवांस और मॉडर्न बनाने के लिए बड़ी तैयारी कर रह है। इसे सशस्त्र बलों के आधुनिकीकरण कार्यक्रम से भी जोड़ कर देखा जा रहा है। टी-72 और टी-90 मेन बैटल टैंकों को अपग्रेड करने की तैयारी डीआरडीओ को सौंपी गयी है। डीआरडीओ ने इन दोनों टैंकों के लिए एक खास सिस्टम डेवलप कर रहा है, ताकि भविष्य के युद्धों में टैंकों पर होने वाले हमलों को रोका जा सके।

**'एक्टिव' कवच से होंगे लैस:** डिफेंस रिसर्च एंड डेवलपमेंट आगेनाइजेशन (डीआरडीओ) देश के दो मुख्य युद्धक टैंकों टी-72 और टी-90 के लिए एक खास एडवांस 'कवच' सिस्टम बना रहा है। जिसका उद्देश्य टैंकों और आर्मर्ड पर्सनल कैरियर्स (अढउ) पर लगीं स्टील प्लेटों को नई तकनीक से बदला जाएगा। बता दें कि भारतीय सेना की 65 आर्मर्ड (बख्तरबंद) रेजिमेंटों के पास 3500 से ज्यादा स्वदेशी अर्जुन और रूसी डिजाइन वाले टी-72 और टी-90 टैंक हैं। डीआरडीओ इन टैंकों में 'एक्टिव' कवच से लैस करने की योजना बना रहा है।


**मेक इन इंडिया पहल के तहत बनायी योजना:** सूत्रों ने बताया कि रूस-यूक्रेन युद्ध में जिस तरह से टैंकों पर ड्रोन और एंटीटैंक गाइडेड मिसाइलों से टैंकों को निशाना बनाया गया है, वह वाकई चिंताजनक है। जिसके बाद मुख्य युद्धक टैंकों को ऐसे हमलों से सुरक्षा प्रदान करने के लिए योजना बनाई गई। जिसकी जिम्मेदारी डीआरडीओ को दी गई है। खास बात यह होगी कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मेक इन इंडिया और आत्मनिर्भर भारत पहल के तहत इन्हें मॉडर्नाइज किया जायेगा।

**मिसाइल हमले को बेअसर करेगा सेंसर:** सूत्रों ने बताया कि नये कवच पर काम शुरू हो चुका है। इस कवच में ऐसे सेंसर लगाये जायेंगे, जो हवा से या जमीन से मार करने वालीं एंटी-टैंक मिसाइल का पता लगायेंगे।

### जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव के लिए बीजेपी के 29 उम्मीदवारों की तीसरी सूची जारी

नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)। जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव को लेकर भाजपा ने मंगलवार को अपने 29 उम्मीदवारों की तीसरी सूची जारी कर दी। इसके मुताबिक, देविंदर सिंह राणा को नगरोटा सीट से टिकट दिया गया है। गुलाबगढ़ एसटी के लिए आरक्षित सीट है। यहां से बीजेपी ने मोहम्मद अकरम चौधरी को उतारा है। हब्बाकदल सीट से अशोक भट्ट ताल ठोकेंगे। इसके साथ ही भगवा दल अब तक 45 सीटों के लिए प्रत्याशियों की घोषणा कर चुकी है। मालूम हो कि सतीश शर्मा को बिलावर विधानसभा सीट से उम्मीदवार बनाया है। बिलावर का प्रतिनिधित्व 2014 में हुए आखिरी विधानसभा चुनाव में पूर्व उपमुख्यमंत्री निर्मल सिंह ने किया था। भाजपा ने सोमवार को जारी की सूची में एक बदलाव किया है। उसने श्री माता वैष्णो देवी सीट से रोहित दुबे के स्थान पर बलदेव राज शर्मा को मैदान में उतारा है। बाकी प्रत्याशियों में कोई बदलाव नहीं है। भाजपा की ताजा सूची में दूसरे चरण के चुनाव के लिए 10 उम्मीदवार और तीसरे चरण के लिए 19 उम्मीदवार हैं। भाजपा ने अभी तक नौशेरा के लिए कोई उम्मीदवार नहीं उतारा है जिसका प्रतिनिधित्व 2014 में उसके मौजूदा प्रदेश अध्यक्ष रवींद्र रैना ने किया था। उसने गांधीनगर से भी कोई उम्मीदवार नहीं उतारा है जहां से पिछले चुनाव में उसके वरिष्ठ नेता और पूर्व उपमुख्यमंत्री कवींद्र गुप्ता निर्वाचित हुए थे। बीजेपी ने जम्मू-कश्मीर चुनाव के पहले चरण के लिए सोमवार को 16 उम्मीदवारों के नामों की घोषणा की थी। पहले चरण में दक्षिण कश्मीर के 16 विधानसभा क्षेत्रों और जम्मू क्षेत्र के 8 विधानसभा क्षेत्रों में 18 सितंबर को मतदान होगा। पार्टी की ओर से जारी पहली सूची में 15 उम्मीदवारों के नाम हैं जबकि इसके कुछ ही देर बाद जारी दूसरी सूची में सिर्फ एक उम्मीदवार के नाम की घोषणा की गयी।

### पांच दिन तक ठप रहेगी पासपोर्ट सेवा




नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)। नया पासपोर्ट बनवाने जा रहे लोगों के लिए जरूरी खबर है। अब पासपोर्ट बनवाने के लिए पांच दिन अपॉइंटमेंट नहीं मिलेगा। 29 अगस्त की रात 8 बजे से दो सितंबर की सुबह तक पूरे देश में पासपोर्ट विभाग का पोर्टल बंद रहेगा। पहले से किये गये आवेदन के बाद अगर आपको 30 अगस्त से दो सितंबर के बीच अपॉइंटमेंट मिला है, तो इसे किसी अन्य तारीख के लिए रीशेड्यूल करना पड़ेगा। ऐसे में न केवल दिल्ली के, बल्कि देशभर के आवेदकों को परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। इस अवधि में लोग नये आवेदन भी नहीं कर सकेंगे।

### बलूचों के हमले से थर्राया पाकिस्तान

इस्लामाबाद (एजेंसी)। पाकिस्तान में प्रतिबंधित बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी (बीएलए) से जुड़े दर्जनों आतंकवादियों ने बलूचिस्तान में एक के बाद एक हमले किये। इससे प्रांत थर्रा उठा है। प्रांत में उग्रवादियों ने पुलिस थानों पर धावा बोला, रेलवे ट्रैक उड़ा दिये और करीब तीन दर्जन वाहनों में आग लगा दी, जिसमें 14 सुरक्षाकर्मियों समेत कम से कम 50 लोगों की जान चली गयी।

आजाद सिपाही
रांची, बुधवार, 28 अगस्त, 2024
www.azadsipahi.in



## आदिवासी महिला के साथ हुए दुष्कर्म को लेकर भाजपा ने जांच कमेटी बनायी

गढ़वा(आजाद सिपाही)। जिले के रंका थाना क्षेत्र के मुस्लिम बहुल गांव दूधवल में रहने वाली एक 35 वर्षीय आदिवासी महिला के साथ कथित तौर पर दुष्कर्म की घटी घटना को लेकर भारतीय जनता पार्टी के गढ़वा जिला अध्यक्ष ठाकुर प्रसाद महतो के द्वारा एक सात सदस्यीय टीम का गठन किया गया है। जिसमे अलखनाथ पांडेय, विजय केसरी, मधुलता देवी, मुकेश निरंजन सिंहा, राजीव राज तिवारी, नसरुद्दीन अंसारी, और स्वाति तिर्की को जांच कमेटी में शामिल किया गया है। गठित इस सात सदस्यों की कमेटी के द्वारा दो दिनों के भीतर घटी घटना की जानकारी देना है।

## 3 किलोमीटर सड़क का किया गया शिलान्यास

मेराल (आजाद सिपाही)। प्रखंड मुख्यालय में 3 किलोमीटर सड़क निर्माण कार्य का शिलान्यास मंगलवार को स्थानीय वार्ड सदस्य विनोद चौधरी ने झामुमो नेताओं के संग पूजा अर्चना कर और नारियल फोड़ कर किया। प्रखंड मुख्यालय के मुडल टोला को जोड़ने वाला करीब 3 किलोमीटर सड़क निर्माण का कार्य 2 करोड़ 52 लाख की लागत से होना है।

# मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने झारखंड आंदोलनकारियों को किया सम्मानित

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** झारखंड राज्य के गठन हेतु किये गये आंदोलन में विशिष्ट योगदान के लिए संबंधितों को उनके सम्मान में मंत्री पेयजल और स्वच्छता विभाग झारखंड सरकार रांची, मिथिलेश कुमार ठाकुर द्वारा समाहरणालय स्थित सभाकक्ष में कार्यक्रम आयोजित कर झारखंड आंदोलनकारी को प्रशस्ति पत्र और शॉल देकर सम्मानित किया गया। विदित हो कि गढ़वा जिला अंतर्गत कुल 116 आंदोलनकारियों का सूची गृह, कारा और आपदा प्रबंधन विभाग, झारखंड, रांची द्वारा प्राप्त है, जिसमें से 68 आंदोलनकारियों को 26 जनवरी 2024 और 15 अगस्त 2024 के अवसर पर सम्मानित किया जा चुका है। शेष बचे हुए 48 आंदोलनकारियों को मंगलवार को समाहरणालय सभागार गढ़वा में सम्मानित किया गया। उक्त कार्यक्रम का आयोजन गढ़वा जिला अंतर्गत झारखंड अलग राज्य गठन हेतु किये गये आंदोलन में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले झारखंड आंदोलनकारियों को सम्मानित करने के लिए किया गया।

मौके पर उपस्थित उपायुक्त शेखर जमुआर द्वारा कहा गया कि एकत्रित बिहार में काफी संघर्षों के पश्चात झारखंड राज्य का निर्माण किया गया। इस सम्मान समारोह में झारखंड आंदोलनकारी को सहर्ष सम्मानित करने का कार्य किया जा रहा है, जो की काफी गर्व की बात है। इस मौके पर सभाकक्ष में उपस्थित आंदोलनकारियों द्वारा उनके अनुभव के बारे में भी पूछा गया तथा जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए आंदोलनकारियों द्वारा अपने-अपने अनुभव साझा किये गये।

मौके पर उपस्थित मंत्री द्वारा आंदोलनकारी को संबोधित करते हुए कहा गया कि झारखंड आंदोलनकारी में कुछेक को स्वतंत्रता दिवस समारोह और गणतंत्र दिवस समारोह को सांकेतिक रूप से सम्मानित करने का कार्य किया गया था। इस सम्मान समारोह के अंतर्गत जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आये कुल 48 आंदोलनकारी को सम्मानित करने का कार्य किया गया, जिसमें वीरेंद्र तिवारी, नवरंग तिवारी, कामेश्वर उपाध्याय, कबूतरी देवी, सुदर्शन सिंह चेरो, शिवकुमार सिंह, विनोद विश्वकर्मा, रामनारायण राम, नरेश बैठा आदि समेत कुल 48 आंदोलनकारी को सम्मानित किया गया। उक्त मौके पर उपरोक्त के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गढ़वा दीपक कुमार पांडे, उप विकास आयुक्त पशुपतिनाथ मिश्रा समेत अन्य जिला स्तरीय पदाधिकारी उपस्थित थें।

# जन सेवा के लिए समर्पित है मेरा जीवन : मंत्री

**मंत्री लगातार चला रहे हैं जन संवाद, मेराल के दर्जन भर गांवों में सुनी ग्रामीणों की समस्या**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल और स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर अपने विधानसभा क्षेत्र में लगातार जनसंवाद कार्यक्रम चला रहे हैं। वे प्रतिदिन विभिन्न प्रखंडों में एक दर्जन से अधिक गांवों में भ्रमण कर जनसंवाद के माध्यम से लोगों से रू-ब-रू हो रहे हैं और उनकी समस्याओं का निदान भी कर रहे हैं। इस क्रम में मंत्री ने मंगलवार को मेराल प्रखंड के चेचरिया और खोरीडीह पंचायत के दर्जन भर गांवों में जनसंवाद किया। इस दौरान चेचरिया प्रखंड के ग्राम बाजुडीह में देवी धाम के समीप, ग्राम बोकेया में देवी धाम के समीप, ग्राम खोलरा में स्कूल के समीप, ग्राम छपरवार खुर्द में दुर्गा मंडप के समीप, ग्राम चेचरिया में पंचायत भवन के समीप, ग्राम अटौला में शिव मंदिर के समीप, पंचायत खोरीडीह के ग्राम तरके में उमवि तरके के समीप, ग्राम औरईया के टोला लिखनिया में शिव स्थान के समीप, ग्राम औरईया एवं हारनदुबे का औरईया स्कूल के समीप, ग्राम छपरवार कला में शिव स्थान का समीप, ग्राम खोरीडीह में रविदास मंदिर के समीप जनसंवाद का आयोजन किया। मौके पर मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि जन सेवा ही मेरे जीवन का उद्देश्य है। अपना जीवन जन सेवा के लिए समर्पित कर चुका हूं। गढ़वा की जनता ने मुझे अपना सेवक चुना और सेवा करने का मौका दिया, यह मेरे लिए सौभाग्य की बात है। आज गढ़वा वासियों के आशीर्वाद से मैं लोगों का बेहतर सेवा करने के काबिल बना हूं। किसी भी परिस्थिति में मैं गढ़वा वासियों की सेवा करने, क्षेत्र का विकास करने का मौका कोई भी मौका मैं गंवाना नहीं चाहता। मौके पर मुख्य रूप से झामुमो जिलाध्यक्ष तनवीर आलम, सचिव मनोज ठाकुर, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष रेखा चौबे, प्रमुख दीपमाला, दिलीप गुप्ता, अंकित पांडेय, उदय पाल, अजय राम, गंगा राम, राजेंद्र चौधरी सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

# मंदिरों में रही श्रीकृष्ण जन्मोत्सव की धूम







आजाद सिपाही संवाददाता

**सगमा।** प्रखंड क्षेत्र में दो दिवसीय श्री कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव जय कन्हैया लाल की हाथी घोड़ा पालकी गूंज से हुआ समापन। श्री कृष्ण जन्मोत्सव को लेकर प्रखंड क्षेत्र विभिन्न स्थानों पर कृष्ण भगवान की बाल रूप में जन्मे रात को बारह बजे जन्म होने के रूप में मनाया गया। इसे लेकर प्रखंड के हरेक गांव में काफी उत्साह देखा गया। कृष्ण भगवान के इस प्राकट्य उत्सव को लोगों ने अपने-अपने परंपरागत तरीके से पूजा पाठ किया गया। इस खुशी में बच्चे कृष्ण के बाल रूप गणवेश धारण कर घूम रहे थे, तो छोटे छोटे बालिकाएं राधा जी के रूप में वेश धारण कर मंदिर में पूजा पाठ में शामिल हुए।

इस मौके पर आरएसएस के खंडवाहक रामजन्म गुप्ता, ने मुख्य अतिथि धुरकी थाना प्रभारी उपेंद्र कुमार विशिष्ट अतिथि मुखिया इंद्रजीत कुशवाहा मानस प्रवक्ता रामेंद्र मिश्रा प्रमुख अजय गुप्ता को अंग वस्त्र देकर समनित किया।



**भवनाथपुर (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र के अंतर्गत विभिन्न मंदिरों और पंडालो में श्रीकृष्ण महोत्सव धूमधाम से मनाया गय। श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर टाउनशिप दुर्गा मंदिर परिसर में दही हांडी प्रतियोगिता की धूम रही। दही हांडी प्रतियोगिता में विभिन्न टीमों ने हिस्सा लिया। 25 फीट की ऊंचाई पर लटकायी गयी दही हांडी को तोड़ने के लिए अपनी पूरी ताकत लगायी।

## मेराल में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी की रही धूम, 'भए प्रगट कृपाला दीन दयाला' से गूंजा वातावरण



**मेराल (आजाद सिपाही)।** प्रखंड भर में सोमवार को श्री कृष्ण जन्माष्टमी की धूम रही। पुरानी बाजार के प्रसिद्ध दुर्गा मंडप सहित मेराल के सभी गांव टोलों में सोमवार की मध्य रात्रि में भगवान श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। दुर्गा मंडप में पंडित दिनेश पाठक द्वारा जैसे ही भगवान के जन्मोत्सव की जयकारा लगाते हुए शंख ध्वनि की वहां देवी धाम संचालन समिति के अध्यक्ष संजय भगत एवं महावीर मंडली के महंत मिथिलेश प्रसाद, व्यास रामेश्वर विश्वकर्मा, देवेंद्र शर्मा, सोहराई प्रसाद, राज बिहारी पटवा सहित मंडली के दर्जनों सदस्यों तथा बड़ी संख्या में उपस्थित लोगों द्वारा 'भए प्रगट कृपाला दीन दयाला कौशल्या हितकारी' की स्तुति पारंपरिक वाद्य यंत्रों पर की गयी।

# क्लस्टर लेवल और जोनल लेवल में डीएवी भवनाथपुर टाउनशिप के छात्रों ने लहराया परचम

आजाद सिपाही संवाददाता




**भवनाथपुर।** डीएवी एनुअल स्पोर्टस 2024 में आयोजित क्लस्टर लेवल और जोनल लेवल में डीएवी भवनाथपुर टाउनशिप के छात्रों ने लहराया परचम। प्रतियोगिता मे अन्य डीएवी की टीमों को परास्त करते हुए गोल्ड मेडल और विजेता की ट्रॉफी प्राप्त कर नेशनल लेवल के गर्ल्स वॉलीबॉल टीम में यहां की छात्राओं ने अपना जगह बनाया है। साथ ही हैंडबॉल गर्ल्स टीम क्लस्टर लेवल जीत कर स्टेट लेवल में थर्ड पोजिशन लाकर ब्राज मेडल की हकदार बनी हैं। वालीबॉल गर्ल्स टीम की कप्तान प्रिया ने बताया कि हमारे खेल शिक्षक एके सिंह सर का कुशल निर्देशन और प्राचार्य आर सचदेवा के मार्गदर्शन से ही यह उपलब्धि प्राप्त हुई है। बेस्ट प्लेयर के रूप में चुनी गयी पूर्णिमा ने कहा कि हमारे गुरुजनों का और हमारे साथियों का ऐसे ही सहयोग बना रहा, तो नेशनल भी जीत कर भवनाथपुर डीएवी स्कूल का नाम रोशन करेंगे। जीत की खुशियों में सराबोर इशिका सिंह, रश्मि कुमारी, कशिश सिंह, वैष्णवी कुमारी चौहान, सुहानी सिंह, अनन्या, खुशी और पायल को प्राचार्य ने गोल्ड मेडल और प्रमाण पत्र देकर हौसला बढ़ाया।

वहीं अनुमंडलीय स्तर पर आयोजित स्पीच कंपटीशन में अलग-अलग समूह में कृष मिश्रा अक्षिता द्विवेदी और आरुष दुबे ने प्रथम स्थान प्राप्त करने का प्रमाण पत्र और ट्रॉफी हासिल किया तथा क्विज कंपटीशन के ग्रुप ए में सुधांशु शुक्ला, कृष मिश्रा और सुस्मित द्विवेदी ने प्रथम स्थान प्राप्त करने का मेडल व प्रमाण पत्र हासिल किया। क्विज कंपटीशन में ही ग्रुप डी में फर्स्ट प्राइज माधव माहेश्वरी आरुष दुबे और विक्रम सिंह ने प्रमाण पत्र के साथ प्राचार्य महोदय के हाथों से ग्रहण किया। इस अवसर पर प्राचार्य राजेंद्र सचदेवा ने कहा कि बच्चों के बेहतर भविष्य के लिए मैं हर संभव प्रयास करने को तैयार हूं। प्राचार्य ने जीते हुए छात्राओं को शुभकामनाएं और आशीर्वाद प्रदान कर विद्यालय का मान बढ़ाने वाले बच्चों के बेहतर भविष्य की कामना भी की।

# बीडीओ के साथ की गयी मारपीट का आरोपी गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता



**बंशीधर नगर।** भवनाथपुर थाने की पुलिस ने बीडीओ नंद जी राम के साथ की गयी मारपीट के मामले में सुबन राउत पिता स्व बैजनाथ राउत नामक नामजद आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। वह भवनाथपुर थाना क्षेत्र के बुका गांव का रहने वाला है। यह जानकारी एसडीपीओ सत्येंद्र नारायण सिंह ने मंगलवार को अपने कार्यालय में प्रेसवार्ता आयोजित कर दी।

उन्होंने बताया कि गत सोमवार को भवनाथपुर बीडीओ के साथ भवनाथपुर बाजार में मारपीट की घटना घटी थी। मामले में बीडीओ के द्वारा दो लोगों के विरुद्ध थाना में मामला दर्ज कराया गया था। एसडीपीओ ने बताया कि बीडीओ के आवेदन पर मामला दर्ज होने के बाद भवनाथपुर के थाना प्रभारी कृष्ण कुमार के नेतृत्व में पुअनि प्रदीप कुमार और पुलिस के जवानों ने छापेमारी कर भवनाथपुर से सुबन राउत नामक नामजद आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

उन्होंने बताया कि पूछताछ के दौरान उसने बताया कि पेंशन आदि को लेकर बीडीओ से पूर्व से खुन्नस था, उसी को लेकर जाम हटाने के क्रम में बीडीओ के साथ मारपीट की घटना घटित हुई है। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार सुबन राउत को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। साथ ही एक अन्य आरोपी की गिरफ्तारी के लिये छापेमारी की जा रही है।

# लातेहार, जामताड़ा, गोड्डा और गिरिडीह के एसपी बदले

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** सरकार ने राज्य के आठ आइपीएस रैंक के अधिकारी का तबादला किया है, वहीं पोस्टिंग के लिए प्रतीक्षारत दो आइपीएस को भी पोस्टिंग मिली है। साहिबगंज एसपी के पद पर पदस्थापित कुमार गौरव को जहां लातेहार का एसपी बनाया गया है, वहीं होमगार्ड एसपी के पद पर पदस्थापित अमित कुमार सिंह को साहिबगंज का एसपी बनाया गया है। इससे संबंधित अधिसूचना मंगलवार को जारी कर दी गयी है।

## जाने कौन कहां गये

कुमार गौरव को लातेहार एसपी के पद पर पदस्थापित किया गया। अंजनी कुमार झा को झारखंड पुलिस अकादमी हजारीबाग एसपी के पद पर पदस्थापित किया गया। निधि द्विवेदी को एसपी जामताड़ा के पद पर पदस्थापित किया गया। लातेहार एसपी अंजनी अंजन को एसीबी रांची एसपी के पद पर पदस्थापित किया गया। गिरिडीह एसपी के पद पर पदस्थापित दीपक शर्मा को एससीआरबी के पद पर पदस्थापित किया गया। अमित कुमार सिंह को साहिबगंज एसपी के पद पर पदस्थापित किया गया। अनिमेष नैथानी को गोड्डा एसपी के पद पर पद स्थापित किया गया। नाथू सिंह मीणा को एसआइबी स्पेशल ब्रांच एसपी के पद पर पद स्थापित किया गया। विमल कुमार को गिरिडीह एसपी के पद पर पदस्थापित किया गया। मनीष टोप्पो को स्पेशल ब्रांच एसपी के पद पर पदस्थापित किया गया।

# निर्माणाधीन करकोमा मेराल मुख्य पथ पर लोगों को चलना हुआ दूभर

**सड़क पर जल जमाव से आवागमन में लोगों को हो रही है काफी परेशानी**

बलराम शर्मा



**मेराल (आजाद सिपाही)।** निमार्णाधीन करकोमा मेराल मुख्य पथ पर जल जमाव और कीचड़ से लोगों को चलना दुभर हो गया है। संवेदक की लापरवाही के कारण जल जमाव और कीचड़ से आवागमन में आम लोगों को काफी कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा है। जल जमाव और कीचड़ वाला गढ़ा करकोमा गांव के पीपरडोलिया टोला देवी मंदिर के पास है। मुख्य सड़क के नारकीय स्थिति के कारण अनेकों लोग गढ़वा लगमा रोड से करीब 4 किलोमीटर का अतिरिक्त दूरी चल कर प्रखंड मुख्यालय में जाना पड़ रहा है। मुखिया वीरेंद्र नाथ तिवारी ने बताया कि संवेदक द्वारा निमार्णाधीन मुख्य सड़क में चिकनी मिट्टी डाल डालकर छोड़ दिया गया। संवेदक के मैनेजर, मुंशी से इस रोड के संबंध में कई बार शिकायत किया लेकिन अभी तक संवेदक के द्वारा कुछ भी कार्य नहीं किया गया है। उन्होंने कहा कि संवेदक द्वारा निर्माण कार्य में काफी लापरवाही किया गया है, एक साल पहले यह सड़क निर्माण कार्य का टेंडर मिलने के बाद भी बरसात से कुछ दिन पहले मिट्टी डालकर छोड़ दिया गया। मुखिया ने कहा कि करकोमा के साथ-साथ कई गांव का यह मुख्य सड़क है। उन्होंने उपायुक्त गढ़वा से सड़क का निर्माण कार्य शीघ्र करने की मांग की है ताकि लोगों को आवागमन में हो रही परेशानी से निजात मिल सके।

# सरस्वती विद्या मंदिर के भैया बहनों ने विभाग स्तरीय प्रश्नमंच प्रतियोगिता में परचम लहराया



**भवनाथपुर (आजाद सिपाही)।** बाजार स्थित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर के भैया बहनों ने विभाग स्तरीय प्रश्नमंच प्रतियोगिता में परचम लहराया। विद्यालय की वंदना सभा में स्थान प्राप्त करने वाले - भैया बहनों को सम्मानित किया गया। प्रबंधकारिणी समिति के संरक्षक बैजनाथ गुप्ता, सचिव राम सुरेश राम, कोषाध्यक्ष बजरंगी साह और प्रधानाचार्य जयंत कुमार ने संयुक्त रूप से ओंम, भारत माता और सरस्वती माता के तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन और पुष्पार्चन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। जपला में आयोजित उक्त प्रश्नमंच प्रतियोगिता में सरस्वती शिशु विद्या मंदिर भवनाथपुर बाजार के भैया अनिकेत कुमार, आरव कुमार और ब० समीक्षा कुमारी ने संस्कृत शिशु वर्ग में द्वितीय, बहन साक्षी यादव, नीलू कुमारी और कोमल कुमारी ने संस्कृत किशोर वर्ग में तृतीय बहन प्रिया कुमारी, प्रेमलता कुमारी और भैया आशीष कुमार ने अंग्रेजी किशोर वर्ग में तृतीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय को गौरवान्वित किया है। स्थान प्राप्त करने वाले सभी भैया बहनों को मेडल, ट्रॉफी और प्रशस्ति पत्र प्रदान कर विद्यालय प्रबंधकारिणी समिति के द्वारा सम्मानित किया गया तथा आगे और अच्छा करने की अपेक्षा करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गयी।

## भाजपा: सभी मोर्चा की बैठक आयोजित

मझिआंव (आजाद सिपाही)। शिवेश्वर चंद्रवंशी महाविद्यालय में मंगलवार को भाजपा के नगर, ग्रामीण, युवा व महिला सहित सभी मोर्चा की एक बैठक हुई। बैठक में पार्टी के मजबूती व विस्तार पर चर्चा हुआ। बैठक के मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी भी शामिल हुये। बैठक में पार्टी के सभी मोर्चा के पुनर्गठन के बाद विस्तार करने साथ-साथ संगठन के मजबूती पर विशेष चर्चा हुई। डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी ने सभी अध्यक्षो को जल्द से जल्द पार्टी का विस्तार करने पर बल दिया। और विस्तारित कमेटी के सदस्यों को अपने-अपने कार्य क्षेत्रों में लग जाने को कहा। मौके पर मझिआंव नगर मंडल जीवी ग्रामीण मंडल अध्यक्ष दीपक चौहान भाजपा के वरिष्ठ नेता वीर नाथ दुबे,संजन सिंह, रविंद्र पासवान, महिला मंडल अध्यक्ष पूजा पासवान सहित भाजपा के कई कार्यकर्ता शामिल थे।

# पूर्व विधायक सत्येंद्र नाथ तिवारी खुद यौन शोषण मामले के आरोपी हैं : नितेश सिंह

आजाद सिपाही संवाददाता



प्रेस कॉन्फ्रेंस के माध्यम से अपनी बातों को रखते जिला बीस सूत्रि उपाध्यक्ष नितेश सिंह व अन्य।

**रंका ।** रंका थाना क्षेत्र के दूधवल पंचायत के मुखिया इजहार अंसारी पर एक महिला के द्वारा लगाये गये बीस वर्षों से यौन शोषण करने के आरोप के ब्यान के विरुद्ध गढ़वा जिला बीस सूत्रि उपाध्यक्ष नितेश सिंह ने प्रेस कॉन्फ्रेंस के माध्यम से कहा कि महिला के द्वारा दूधवल पंचायत के मुखिया इजहार अंसारी पर बीस वर्षों से यौन शोषण करने के आरोप के मामले में खुद पूर्व विधायक सत्येंद्र नाथ तिवारी दोषी हैं। नितेश सिंह ने कहा कि जब सत्येन्द्र नाथ तिवारी जेवीएम में थे, तबसे इजहार अंसारी जेवीएम में सत्येंद्र नाथ तिवारी के साथ थे। उस दौरान यह मामला क्यों नहीं उठाया गया। उन्हें इस सवाल का जवाब देना होगा कि उनके विधायकी कार्यकाल में पिड़िता को क्यों दबाया गया। जब तिवारी हार गये और इजहार अंसारी झारखंड मुक्ति मोर्चा में हैं और बीस वर्ष बितने के बाद क्यों पिड़िता को होंश आया है। उन्होंने कहा कि पूर्व विधायक सत्येंद्र नाथ तिवारी आने वाला विधानसभा चुनाव के समय में पिड़िता के बहाने चुनावी लाभ लेने के लिए हिंदू मुस्लिम, करके राजनीतिक रंग देने में लगे हुए हैं। क्योंकि इनके पास कोई सशक्त मुद्दा नहीं है।

उन्होंने कहा कि ललिता कुमारी और इजहार अंसारी के बीच पूर्व से भूमि विवाद भी चल रहा है। नितेश सिंह ने कहा कि पूर्व विधायक सत्येंद्र नाथ तिवारी मंत्री मिथिलेश ठाकुर के विकास कार्यों को देखकर घबरा गये हैं। इसलिए इस तरह की उलूल जुलूल बातें कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि ललिता कुमारी बनाम इजहार अंसारी का मामला कोर्ट में चल रहा है और पुलिस प्रशासन जांच पड़ताल में लगी हुई है। यदि न्यायालय इजहार अंसारी को दोषी करार देती है तो सरकार ऐसे लोगों को जेल भेजने का काम करेगी क्यों कि भ्रष्ट और चरित्रहीन लोगों के लिए झामुमो में कोई जगह नहीं है। इस प्रेस कॉन्फ्रेंस में झामुमो के युवा जिलाध्यक्ष सह विधायक प्रतिनिधि संजय सिंह छोटू, अनुमंडल अध्यक्ष जैनुल्लाह अंसारी, युवा नेता प्रकाश चंद्र पाठक, जिला पार्षद सह अनुमंडल उपाध्यक्ष रतन सिंह सहित झामुमो के कई नेता और कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# भदई की फसल की बुवाई समयानुसार नहीं होने से किसान परेशान : भानु प्रताप

आजाद सिपाही संवाददाता

**हरिहरपुर।** इस वर्ष मौनसुन का देर से आना किसान को बहुत ही बड़ी जटिल समस्या से गुजरना पड़ रहा है। इस हल्का नंबर दस क्षेत्र का तो स्थिति ऐसा हैं कि यहां का मुख्य फसल मक्का, ज्वार, बाजरा सहित धान की खेती बाड़ी की फसल किसान के द्वारा नहीं किये जाने की वजह से खेत बंजर पड़ा हुआ है। यह बातें क्षेत्र भ्रमण पर निकले भाजपा के विधायक व भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष भानु प्रताप शाही ने कहा। शाही ने बताया कि इस क्षेत्र में भदई की फसल का बोआई समयानुसार नहीं होने की वजह से किसानों के समक्ष जीवनयापन करने की समस्या उत्पन्न हो गया है। किसानों ने बताया कि देर से बारीश शुरू होने की वजह से भदई फसल की खेती नहीं कर पायें हैं। जिस वजह से हमलोगों के समक्ष मवेशी का चारा सहित अपना भी जीवन यापन में समस्या है। साथ ही किसान नंद बिहारी सिंह, बसंत सिंह, रिशु सिंह, सुनील, सुग्रीव पासवान, धर्मेन्द्र पासवान, बुद्धि नारायण सिंह, बबलू सिंह सहित किसानों ने नीलगाय के द्वारा फसलों का काफी नुकसान प्रतिदिन हो रहा है। यह समस्या से सोन तटीय क्षेत्र के दर्जनों गांव डुमरसोता, श्रीनगर, दारीदह, बत्तोखुर्द, मझिगांवा, रपुरा, केवाल, महुआ धाम, लोहरगड़ा, मेरौनी, गुरूर, हुरका सहित गांव में किसानों के द्वारा कुछ खेतों में फसल लगाया भी जा रहा है, तो रात्रि में नीलगाय के झुंड के द्वारा फसल व सब्जी को खा भी जा रहें हैं तथा झुंड में चलने की वजह से फसलों को रौंद भी दिया जा रहा है। नीलगाय की झुंड से फसलों का नुकसान की क्षतिपूर्ति कों लेकर वनविभाग के द्वारा किसी भी तरह का पहल भी नहीं किया जा रहा है। इस समस्या से किसान काफी आहत हैं कि हमलोग नीलगाय पर कैसे रोक लगावें। इस पर विधायक के द्वारा किसानों की इस समस्या को वर्तमान राज्य सरकार तक पहुंचाने का साकारात्मक पहल किया जायेगा, जिससे किसानों की इस विकट समस्या पर कोई भी निदान सरकार के द्वारा निकले। इसी क्षेत्र भ्रमण के क्रम में क्षेत्र में हुएं किसी भी तरह की अनहोनी की घटनाओं की वजह से हुए मौत पर भी सभी मृतक के परिजनों से मिलकर इस दुःख की घड़ी में ढ़ाढस भी बंधाया।

# कृषि भारतीय अर्थव्यवस्था की मुख्य धारा : उपायुक्त

आजाद सिपाही संवाददाता




**लातेहार।** लातेहार 11वीं कृषि गणना 2021-22 (संदर्भ वर्ष) के द्वितीय एवं तृतीय चरण के तहत समाहरणालय सभागार में अंचल अधिकारियों, अंचल निरीक्षक, राजस्व उप निरीक्षकों व कंप्यूटर ऑपरेटरों के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

प्रशिक्षण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उपायुक्त-सह-जिला कृषि गणना पदाधिकारी, गरिमा सिंह ने कहा कि कृषि भारतीय अर्थव्यवस्था का मुख्य आधार हैं। 2021-22 की कृषि गणना कृषि के संरचनात्मक पहलुओं पर महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान करने का कार्य करेगी। यह कृषि गणना चरणबद्ध तरीके से पूरी की जानी है और इसमें तीन चरण शामिल हैं। कृषि गणना का पहला चरण पूर्ण कर लिया गया है, जबकि अन्य दो चरण सर्वेक्षण किया जाना हैं। प्रशिक्षण के दौरान दी जा रही जानकारियों को ध्यान पूर्वक सुनने एवं अपनी सभी प्रकार की दुविधाओं को दूर कर लेने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि डेटा संग्रह प्रक्रिया सटीक और सही होनी चाहिए।

अपर समाहर्त्ता-सह-अपर जिला कृषि गणना पदाधिकारी, रामा रविदास ने बताया कि प्रथम चरण (संदर्भ वर्ष 2021-22) अंतर्गत लातेहार जिला का 759 राजस्व ग्रामों में कृषि गणना का कार्य किया जा चुका है। अब द्वितीय चरण (संदर्भ वर्ष 2021-22) अंतर्गत कुल सर्वेक्षित ग्रामों के 20 प्रतिशत ग्रामों में एवं तृतीय चरण (संदर्भ वर्ष 2022-23) अंतर्गत कुल सर्वेक्षित ग्रामों का 07 प्रतिशत ग्रामों मे सर्वेक्षण किया जाना है। कृषि गणना आंकड़ों का उपयोग कृषि एवं कृषकों के विकास से संबंधित नीति निर्माण आदि के लिए महत्वपूर्ण है।

# पंचमुखी हनुमान मंदिर का वार्षिकोत्सव धूमधाम से मना

आजाद सिपाही संवाददाता



**लोहरदगा।** लोहरदगा गुमला मुख्यपथ के बीआईडी स्थित पंचमुखी हनुमान मंदिर का वार्षिकोत्सव मंगलवार को धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर मंदिर में पूजा पाठ के बाद भव्य भंडारा का आयोजन किया गया। सुबह से ही पूजा अर्चना शुरू हो गई थी। पंचमुखी हनुमान मंदिर के वार्षिकोत्सव के अवसर पर राम चरित मानस, सुंदरकांड आदि का अखंड पाठ किया गया। अखंड पाठ के बाद मंदिर परिसर में हवन यज्ञ का आयोजन हुआ। जिसमें लोक कल्याणार्थ मंदिर कमेटी के सदस्यों, नगर के समाज सेवियों व भक्तों ने वेद मंत्रोच्चारण के साथ आहुतियां अर्पित की। पुरोहितो ने कहा कि मनुष्य के जीवन में यश कृति सुख समृद्धि व शांति के लिए भगवान का पूजा आराधना जरूरी है। भगवान हनुमान के गुणगान से पूरे वातावरण में शुद्धता आ जाती है। वही दोपहर के बाद भंडारा का प्रसाद वितरण हुआ। सबसे पहले भगवान हनुमान को भोग का प्रसाद लगाया गया। वही पूड़ी सब्जी, सेव, चटनी, बुंदिया आदि का भी भोग भगवान को लगाया गया। इसके बाद पुरोहितो को भंडारे का प्रसाद खिलाया गया। इसके बाद आम जनता के लिए प्रसाद शुरू किया गया। मंदिर के वार्षिकोत्सव का भंडारा का प्रसाद खाने के लिए लोगो की भीड़ उमड़ पड़ी। लोग कतारबद्ध होकर भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया। इधर पंचमुखी हनुमान मंदिर में वार्षिकोत्सव के मौके पर विशेष पूजन अर्चन किया गया।

# अपराधियों ने गोली मारकर सुभाष प्रमाणिक को किया घायल



**आदित्यपुर (आजाद सिपाही)।** सरायकेला खरसावां जिले के आदित्यपुर साल्डीह बस्ती में रहने वाले सुभाष प्रमाणिक को अपराधियों ने गोली मारकर घायल कर दिया। मंगलवार सुबह गोली चलने की घटना के बाद पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल गयी। मिली जानकारी के अनुसार मंगलवार की सुबह सुभाष अपने घर के आसपास ही टहल रहा था। इसी दौरान कुछ अपराधी पैदल वहां पहुंचे और अंधाधुंध फायरिंग कर दी। बताया जा रहा है एक गोली सुभाष के गले के पास लगी जिसके वह बुरी तरह घायल हो गए। वही सूचना मिलने पर पहुची पुलिस व स्थानीय लोगो के मदत से घायल को टीएमएच पहुचाया गया। जहां इलाज के बाद कोलकाता रेफर कर दिया गया।

# भाजपा नेता ने की सड़क से नाला का गंदा पानी बंद कराने की मांग



आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** लौहनगरी जमशेदपुर के साकची से टेल्को जाने वाली टिनप्लेट बड़ा गोलचक्कर के पास मुख्य सड़क पर नाला के गंदा पानी बहने से स्थानीय लोगो की परेशानी बढ़ने लगी है। मुख्य सड़क से गुजरने वाली आम जनता की परेशानी को देखते हुए भाजपा के पूर्व जिला उपाध्यक्ष सह समाजसेवी अप्पा राव ने पहल शुरू कर दी। मंगलवार को भाजपा नेता अप्पा राव के नेतृत में एक प्रतिनिधि मंडल ने नगर आयुक्त कृष्ण कुमार से मुलाकात की। मौके पर उन्होंने एक मांग पत्र सौप कर आम जनता को परेशानी से निजात दिलने की मांग की। भाजपा नेता अप्पा राव ने कहा टेल्को व बारीडीह क्षेत्र से आने वाले लोगो को मुख्य सड़क पार होने के लिए नाला के गंदे पानी से गुजरना पड़ता है। वही पैदल काली मंदिर जाने में महिलाओं परेशानी होती है। इस मामले में स्थानीय लोगों का हस्ताक्षर कर नगर आयुक्त कृष्ण कुमार को अवगत कराया गया।मौके पर अप्पा राव ने समस्या का स्थाई समाधान के लिए आग्रह किया। वही नगर आयुक्त ने प्रतिनिधिमंडल को अस्वस्थ करते हुए यथाशीघ्र समाधान का भरोसा दिलाया।

# फुटबॉल खिलाड़ियों के बीच जर्सी का वितरण



**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** विधायक सह मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव के पुत्र युवा नेता रोहित उरांव के सौजन्य से विधायक प्रतिनिधि निशीथ जायसवाल के द्वारा लोहरदगा प्रखंड के ग्राम भक्सो, बीआइडी, मधुबन आदि गांव के युवा खिलाड़ियों को जर्सी वितरण किया गया। मौके पर निशीथ जायसवाल ने कहा कि मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव के पुत्र युवा नेता रोहित उरांव के द्वारा लोहरदगा के विभिन्न गांवों एवं शहरों में खिलाड़ियों खेल के लिए जर्सी का वितरण किया जा रहा है। जिससे खिलाड़ी में काफी हर्ष है। इस प्रकार के कार्यक्रम से ग्रामीणों इलाको के खिलाड़ियों को बेहतर मंच मिलता है। इस मौके मुख्य रूप से रामदेव उरांव, गंगा उरांव, बबलू उरांव, रामदयाल उरांव, सुजीत उरांव, अभिजीत, आकाश कुमार, कृष्ण,बिहारी मुंडा,संतोष उरांव आदि उपस्थित थे।

# 'आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार' 30 अगस्त से 15 सितंबर तक होगा आयोजित



**बरवाडीह (आजाद सिपाही)।** झारखंड सरकार के द्वारा आपकी योजना, आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन अगामी 30 अगस्त से 15 सितंबर के बीच बरवाडीह प्रखण्ड के सभी पंचायत मे किया जायेगा। जहां शिविर लगाकर राज्य सरकार की अधिकाधिक योजनाओं को लाभ देने का काम किया जायेगा। उक्त बातें मंगलवार को प्रखंड कार्यालय परिसर में प्रखंड विकास पदाधिकारी रेशमा रेखा मिंज ने कहा कि पंचायत स्तर पर शिविर लगाकर आम ग्रामीणों से आवेदन प्राप्त करने तथा जांचोपरांत उन्हें योजना का लाभ स्थल पर ही लाभार्थी को उपलब्ध कराने की पहल को अपार सफलता मिली थी। पंचायत स्तर पर शिविर का आयोजन कर राज्य सरकार के विभिन्न लोक कल्याणकारी योजनाओं का आवेदन लिया जायेगा। साथ ही उन्होंने सभी से अपील होगा कि वह शिविर मे उपस्थित होकर योजनाओं का लाभ लेने हेतु आवेदन करेंगे।

# कुष्ठ रोगी खोजो अभियान आज से: सीएस




**लातेहार (आजाद सिपाही)।** लातेहार राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम के तहत कुष्ठ रोगी खोजी अभियान की शुरूआत 28 अगस्त से की जायेगी और यह अभियान आगामी 13 अक्टूबर तक चलेगी। इस आशय की जानकारी सिविल सर्जन डॉक्टर अवधेश कुमार सिंह ने यहां आयोजित एक प्रेस वार्ता कर दी। उन्होंने बताया अभियान की शुरूआत उपायुक्त गरिमा सिंह के द्वारा सदर अस्पताल परिसर से की जायेगी। इस अभियान को सफल बनाने के लिए 2320 महिला, पुरुष सदस्यों का टीम गठित किया गया है। दल के सदस्यों के द्वारा कुष्ठ रोगी मरीजों को खोजने का कार्य किया जायेगा। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में 166 पर्यवेक्षकों की नियुक्ति की गयी है। उन्होंने आगे बताया कि जिला व प्रखंड स्तरीय कमेटी का गठन कर लिया गया है। दोनों टीम आपसी समन्वयक बनाकर कार्य करेगी। मौके पर कुष्ठ निवारण पदाधिकारी डॉ शोभना टोपनो मौजूद थे।

# सड़क दुर्घटना में पूर्व मुखिया घायल

**सेन्हा/ लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** सेन्हा थाना क्षेत्र के बदला पंचायत ग्राम में भरद्वाज कंट्रक्शन कम्पनी का हाइवा ट्रक जेएच 13 जे 6242 के चालक ने अपची मोटरसाइकिल जेएच 01 सीबी 3686 को अपने चपेट में ले लिया। जिससे वाहन क्षतिग्रस्त हो गया और मोटरसाइकिल में सवार बदला पंचायत के पूर्व मुखिया दिलीप उरांव को चोटें आयी। घटना के उपरांत स्थानीय ग्रामीणों ने आनन फानन में घायल अवस्था में अस्पताल में भर्ती कराया गया। फिलहाल पूर्व मुखिया खतरे से बाहर होने की बात बताया जा रहा है। मिली जानकारी के अनुसार भरद्वाज कंट्रक्शन के मालवाहक हाइवा ट्रक मन्हे महगांव की ओर से सड़क निर्माण सामग्री गिरा कर भड़गांव जा रहा था। इसी दरमियान बदला ग्राम भ्रमण कर रहे पूर्व मुखिया को अपने चपेट में ले लिया। जबकि चालक ने बताया कि घटना में मोटरसाइकिल क्षतिग्रस्त हुआ है। आरोप लगाया जा रहा है इस घटना के पीछे भरद्वाज कंट्रक्शन मालिक का इशारा होने की संदेह जा रहा है। जबकि भरद्वाज कंट्रक्शन का दबाव के कारण चालक तेज रफ्तात में ज्यादा सड़क निर्माण सामग्री कार्य स्थल पर पहुंचाने को लेकर यह घटना होने की बात बतायी जा रही है। वही ट्रक को कब्जे ले अग्रतर करवाई पुलिस जुट गयी है।

# मांग पूरी होने तक मुखिया रहेंगे अनिश्चितकालीन हड़ताल पर

आजाद सिपाही संवाददाता



**लोहरदगा।** लोहरदगा जिला मुखिया संघ ने जिला अध्यक्ष बासुदेव उरांव की अगुवाई में मंगलवार को सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं उपायुक्त को ज्ञापन सौंप कर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गये। कहा आपातकाल को छोड़कर योजना संबंधी कार्य नहीं होंगे। कहा की जब तक मांगे पूरी नहीं होती है तब तक अनिश्चितकालीन हड़ताल जारी रहेगा। बासुदेव उरांव ने कहा कि झारखण्ड प्रदेश मुखिया संघ के द्वारा राज्य वित्त आयोग की राशि पंचायत को देने सहित विभिन्न मांगो को लेकर सरकार को 24 जुलाई 2024 एवं 29 जुलाई 2024 को मांग पत्र सौंपा गया था, तथा मुख्यमंत्री से मुलाकान एवं वार्ता हेतु 20 अगस्त 2024 को समय मांगा गया। परंतु कोई सुनवाई एवं सकारात्मक पहल नहीं होने के कारण मुखियागण आक्रोशित है। विवश होकर सभी मुखियागण अनिश्चितकालीन धरना पर जा रहे है। जिसकी जवाबदेही राज्य सरकार की होगी। इसकी प्रतिलिपि अनुमण्डल पदाधिकारी, लोहरदगा को भी सौंपी गई। उनकी 5 सूत्री मांगो में पंयायती राज वित आयोग का राशि शीघ्र पंचायत को देने, ताकि पंचायत गांव की सर्वांगीण विकास हो सके। कार्य अवधि के दौरान किसी भी जन-प्रतिनिधि की आकस्मिक मृत्यु या दुर्घटना होने पर उचित 30 लाख की मुआवजा की व्यवस्था की जाए ताकि उनका परिवार का भरन- पोषण हो सके। मुखियागणों का मानदेय केरल राज्य के तर्ज पर तीस हजार रूपया निर्धारित किया जाये। वर्तमान समय में सरकार द्वारा चल रहे मंईयां सम्मान योजना/ अबुआ आवास एवं अन्य सरकारी योजना के लिए पंचायत जन-प्रतिनिधियों एवं उनके परिवारजनों को शामिल किया जाये।

# इमेरजेंसी केयर के सचिव ने किया रक्तदान

**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** स्वास्थ्य एवं सामाजिक क्षेत्र में काम करने वाली संस्था इमेरजेंसी केयर के सचिव देशराज गोयल ने मंगलवार को लोहरदगा सदर अस्पताल में अपना 85वां रक्तदान किया। उन्होंने एक छोटे से बच्चे के लिए बी पॉजिटिव ब्लड डोनेट किया। लातेहार जिला के चंदवा प्रखंड के रोल गांव के रहने वाले एक सिकल सेल एनीमिया से पीड़ित बच्चे के लिए बी पॉजिटिव ब्लड की आवश्यकता थी। बच्चे के परिजन काफी परेशान थे। उन्होंने लातेहार में भी काफी प्रयास किया, परंतु उन्हें कहीं भी पॉजिटिव ब्लड ब्लड या डोनर नहीं मिल पा रहा था। इसके बाद उन्होंने संस्था के सदस्य सूरज चौहान के माध्यम से इमेरजेंसी केयर के अध्यक्ष विक्रम चौहान और सचिव देशराज गोयल से संपर्क किया। जिसके बाद देशराज गोयल ने बच्चे के लिए रक्तदान करते हुए मानवता का परिचय दिया है।

# पल्स पोलियो अभियान में भ्रमण कर बच्चों को पिलायी गया दवा

आजाद सिपाही संवाददाता



**सेन्हा/ लोहरदगा।** प्रखंड क्षेत्र में पोलियो मुक्त अभियान का शुभारंभ 25 अगस्त को बच्चे बच्चियों को पोलियो का ड्राप पिला कर प्रारम्भ किया गया था। जिसके तहत प्रखंड क्षेत्र में 0 से 5 वर्ष तक 13521 बच्चे बच्चियों को पोलियो दवा पिलाने का लक्ष्य था। वही 25 अगस्त को प्रखंड क्षेत्र के सभी 122 पोलियो बूथ पर बच्चों को पोलियो मुक्त दवा पिलाया गया था। जिसके पश्चात एएनएम, आंगनबाड़ी सेविका, सहिया और स्वाथ्यकर्मियों द्वारा 26 व 27 अगस्त को अपने अपने पोषक क्षेत्रों में डोर टू डोर भ्रमण कर बच्चों को पोलियो दवा पिलाया गया। पोलियो छोटे छोटे बच्चों में होने वाला घातक महामारी है। जिसे पोलियो बीमारी से ग्रसित बच्चे बच्चियां दिव्यांग हो जाते हैं। जिसे पोलियो से बचाव के लिये स्वादथ्य मंत्रालय के निदेर्शानुसार प्रत्येक वर्ष प्लस पोलियो अभियान चला कर बच्चों को दो बूंद पोलियो दवा पिलाया जाता है। वही शकुंतला देवी, मरियम टोप्पो, रेखा देवी, पार्वती देवी, यशोदा कुमारी, गीता देवी,किरण कुमारी, हुमा समरीन, शांता, मिंज, रजनी देवी, टिंकी देवी, शहनाज बेगम, सहित अन्य सभी सहिया और आंगनबाड़ी सेविकाओं द्वारा अपने आने पोषक क्षेत्रों में भ्रमण कर पोलियो दवा पिलाया गया।

# जिला शिक्षा अधीक्षक कार्यालय में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** जिला शिक्षा अधीक्षक कार्यालय में झारखंड गैर सरकारी विद्यालय संघ के प्रदेश अध्यक्ष मोहम्मद ताहिर हुसैन के नेतृत्व में संघ से जुड़े सभी पदाधिकारी, विभिन्न विद्यालयों, महाविद्यालयों के शिक्षक, शिक्षिकाएं संयुक्त रूप से श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया। मंगलवार को श्रद्धांजलि सभा में सभी सदस्यों ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए 2 मिनट का मौन धारण किया। उसके बाद सभी ने बारी बारी से श्रद्धांजलि दी। संघ के अध्यक्ष मोहम्मद ताहिर हुसैन ने कहा क्षेत्रीय शिक्षा संयुक्त निदेशक के निधन से जमशेदपुर ही नहीं बल्कि पूरे झारखंड के लिए अपूरणीय क्षति हुई है। जिसकी भरपाई करना निकट भविष्य में असंभव है। उनके कुशल मार्गदर्शन एवं नेतृत्व में झारखंड अधिविद्य परिषद रांची द्वारा आयोजित वर्ष 2024 के परीक्षाफल के परिणाम में पूर्वी सिंहभूम जिला का स्थान राज्य में प्रथम रहा। जिसमें श्रेष्ठ भूमिका इनकी रही। मिथिलेश प्रसाद श्रीवास्तव ने निर्मला कुमारी बरेलिया के जिला शिक्षा पदाधिकारी के रूप में विद्यालयों में अपनी अभिभावक स्वरूप भूमिका को याद किया। शिव प्रकाश शर्मा ने कहा वह किसी भी विद्यालय एवं शिक्षक को अपने कलम से अहित नहीं की। गलतियों पर डाटा और उसका सही रास्ता बताने का काम किया। वक्ताओं में श्रीमती बरेलिया द्वारा आरंभ किये गये मैट्रिक व इंटर टॉपर के सम्मान समारोह परंपरा को आगे भी जारी रखने का संकल्प लिया गया। मौके पर अयोध्या राम, डॉ अफरोज शकील, उदय शंकर पाठक, अखिलेश सिंह, यशवंत सिंह पिंटू, जगदीश सिंह मेमोरियल कॉलेज के सलीम गौशी, रफत आरा, राशिद इकबाल, जे शांता सहित काफी संख्या में शिक्षक व शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

# पांच सूत्री मांगों के समर्थन में 75 पंचायत के मुखिया हड़ताल पर

आजाद सिपाही संवाददाता




**घाटशिला।** घाट शिला प्रखंड के 22, पोटका के 34 एवं मुसाबनी प्रखंड के 19 पंचायत के मुखियाओं ने मंगलवार से हड़ताल पर जाने की सूचना प्रखंड विकास पदाधिकारी पुष्कर सिंह मुंडा को देकर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गये हैं। मुखिया संघ द्वारा मंगलवार को अपने मांगों के समर्थन में रांची राज भवन के समक्ष धरना प्रदर्शन किया गया। जिसमें मुसाबनी प्रखंड मुखिया संघ के अध्यक्ष दुलारी सोरेन के नेतृत्व में अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन में विभिन्न पंचायत के मुखियाओं ने भाग लिया। जिनमें मुख्य रूप से मुखिया दुलारी सोरेन, शुक्रमणि हेंब्रम, दुलारी मुर्मू, हल्यानी मुर्मू, इसाक बाखला, सुतामनी सोरेन, बासो हांसदा, बॉबी मार्डी, मनजीत सिंह,मंजीरा बानरा, पोरमा बानरा, परबत हांसदा, भीमसेन मुर्मू, मुचिराम हांसदा सहित अन्य मुखिया अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन में शामिल थे।

मुखिया संघ के अध्यक्ष दुलारी मुर्मू ने बताया कि झारखंड प्रदेश मुखिया संघ के आह्वान पर मुसाबनी प्रखंड के सभी मुखिया हड़ताल पर चले गए हैं। मुखिया संघ ने पंचायत के विकास के लिए राज्य वित्त आयोग की राशि जल्द जारी करने, कार्यकाल के दौरान आकस्मिक मृत्यु, दुर्घटना होने पर पंचायत प्रतिनिधियों को तीस लाख मुआवजा देने, मुखियाओं को तीस हजार मासिक मानदेय देने, सरकारी योजनाओं में मुखिया व उनके परिजनों को शामिल करने और मुखिया पर लगाये गए आरोपों की पूर्ण जांच बिना वित्तीय अधिकार जब्त नहीं करने की मांग राज्य सरकार से की गयी है।

# सरस्वती शिशु मंदिर में रूप सज्जा और चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित

आजाद सिपाही संवाददाता



**लोहरदगा।** सुंदरी देवी सरस्वती शिशु मंदिर में श्री कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर रूप सज्जा एवं चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में राधा कृष्ण की युगल जोड़ी का आरती किया गया। कार्यक्रम में बच्चों के द्वारा गीत एवं नृत्य प्रस्तुत किए गए। राधा कृष्ण के रूप में सुसज्जित भैया बहनों का निर्णायक मंडली के द्वारा प्रतिभागियों का चयन किया गया। रूप सज्जा में प्रथम स्थान राधा के रूप में इशिका आर्य इक्का, द्वितीय स्थान प्रिंसी कुमारी एवं तृतीय स्थान व्यवंशी कुमारी तथा कृष्ण के रूप में विराट कुमार साहू, आलोक कुमार तथा अमन लोहार को पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया। विद्यालय की बहन आद्या पाठक तथा उनकी सहेलियों द्वारा एक सुंदर नृत्य प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए सुमन राय ने कहा भगवान श्री कृष्ण की लीला निराली है एवं अपरंपार है श्री कृष्णा 16 कलाओं से परिपूर्ण थे और हमें अपने बच्चों को 16 कलाओं से परिपूर्ण करें। मौके पर सुमन राय, रेणु अग्रवाल, ममता सिंह, सरिता जायसवाल, कमला देवी, नेहा पाठक, अनिता कुमारी के साथ अभिभावक गण उपस्थित रहे।

# श्री श्री सार्वजनिक दुर्गा और काली पूजा कमेटी ने किया भूमि पूजन

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** पूर्वी विधानसभा क्षेत्र के बिरसानगर जोन नंबर 3 सरकारी कुआं मैदान के पास श्री श्री सार्वजनिक दुर्गा एवं काली पूजा कमेटी का पंडाल के लिए भूमि पूजन किया गया। मंगलवार को पुराहित के द्वारा मंत्र उच्चारण के साथ पूजा कमिटि के अध्यक्ष महासचिव सहित सभी सदस्यों ने संयुक्त रूप से दुर्गा पूजा पंडाल का भूमि पूजन किया। मौके पर पूजा कमिटि के महासचिव सजल दत्ता ने बताया बिरसानगर जोन नंबर 3 सरकारी कुआं मैदान में इस साल पश्चिम बंगाल के कारीगर के द्वारा भव्य पूजा पंडाल का निर्माण कराया जायेगा। उन्होंने कहा पूजा कमेटी के प्रयास व बिरसानगर वासियों के सहयोग से दुगार्पूजा में भव्य आकर्षित कैलाश पर्वत का निर्माण किया जाएगा। इसके लिए तैयारी पूरी कर ली गयी है। मौके पर पूजा कमेटी के अध्यक्ष जितेंद्र मिश्रा ने बताया प्रत्येक वर्ष श्री श्री सार्वजनिक दुर्गा एवं काली पूजा कमेटी के द्वारा पंडाल में श्रद्धालुओं के लिए विशेष व्यवस्था की जाती है। मां दुर्गा की पूजा अर्चना के लिए तीन दिनों तक सैकड़ो भक्तों ने पूजा अर्चना कर परिवार में सुख शांति के लिए कामना करते है। इस अवसर पर पूजा कमिटी के अध्यक्ष जितेंद्र मिश्रा, महासचिव सजल दत्ता, सचिव रंजीत कुमार शर्मा, कृष्णा नायक उर्फ सोनू, तापस दास, खोकन मजूमदार, महावीर गोराई, राजेश साहू ,शुभम मिश्रा, संध्या रानी महतो, अजय दत्ता, बलदेव सिंह, दीपेश, अभिषेक कुमार उर्फ गोलू सहित बंगाल से आए कारीगर मौजूद रहे।

# गुमला और लोहरदगा में राज्यपाल ने जागरूकता रथ को दिखायी झंडी

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** गुमला जिले में महामहिम राज्यपाल महोदय संतोष कुमार गंगवार का आगमन हुआ।

सर्व प्रथम परिसदन भवन में महामहिम राज्यपाल महोदय का गार्ड ऑफ ऑनर के साथ स्वागत किया गया। परिसदन भवन गुमला में राज्यपाल महोदय के द्वारा पीएम जनमन योजना के तहत जागरूकता वाहन को हरी झंडी दिखा कर रवाना किया गया। इस दौरान गुमला के पीवीटीजी नागरिकों के सुविधा के लिए प्रारंभ किए हेल्प लाइन संख्या 9431319825 का राज्यपाल महोदय के कर कमलों से शुभारंभ किया गया, उक्त हेल्पलाइन नंबर पर जिले के पीवीटीजी समुदाय के नागरिक अपनी समस्याओं से जिला प्रशासन गुमला को अवगत करवा सकते है।

### विज्ञान केंद्र का दौरा एवं इसरो गयी छात्राओं से की मुलाकात

इस दौरान राज्यपाल महोदय ने जिला विज्ञान केंद्र का दौरा किया, उन्होंने विज्ञान केंद्र के सभी भागों का अवलोकन किया, एवं विज्ञान केंद्र अंतर्गत व्यवस्थाओं से वे प्रभावित हुए। उन्होंने विज्ञान केंद्र में गुमला जिले से पिछले वर्ष एवं इस वर्ष शैक्षणिक भ्रमण के लिए इसरो जाकर आई सभी छात्राओं से मुलाकात की, उन्होंने छात्राओं से उनके अनुभवों के बारे में पूछा, राज्यपाल महोदय ने छात्राओं से बात चीत की एवं उन्होंने बच्चियों से अच्छी शिक्षा प्राप्त करने एवं मन लगाकर पढ़ने की सलाह दी। राज्यपाल महोदय ने कहा कि शिक्षा ही बेहतर भविष्य के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। इस दौरान उन्होंने सभी बच्चियों से शिक्षा के क्षेत्र में यदि कोई बदलाव किया जाना चाहिए तो उसके लिए सलाह की मांग की, उन्होंने बच्चियों से कहा कि आप सीधे भी राजभवन से संपर्क कर सकते हैं एवं अपने सलाह से हमे अवगत करवा सकते हैं, शिक्षा व्यवस्था को बेहतर करना हमारी जिम्मेदारी है, हम आपके सुझाव को गंभीरता से लेंगे।

### सावित्री बाइ फुले पुस्तकालय का अवलोकन

इस दौरान माननीय राज्यपाल महोदय ने जिले के महिलाओं के लिए निर्मित सावित्री बाई फुले पुस्तकालय का अवलोकन किया वहां की व्यवथाओं से अवगत हुए। उन्होंने वहां पढ़ने आई अभ्यार्थियों से भी मुलाकात की। इस दौरान छात्राओं / अभ्यार्थियों ने राज्यपाल महोदय से कई सवाल किए, उनके जीवन एवं संघर्षों से जुड़े बातों को जानना चाहा।

### जिला रागी प्रोसेसिंग सेंटर का भ्रमण

राज्यपाल महोदय ने जिला स्थित रागी प्रोसेसिंग सेंटर का दौरा किया, एवं वहां दीदियों के द्वारा बनाए जा रहे रागी लड्डू एवं अन्य सामग्रियों का अवलोकन कर दीदियों से भी मुलाकात की।

राज्यपाल महोदय ने जिला प्रशासन की सराहना करते हुए कहा कि गुमला जिले में मोटे अनाजों को प्रोत्साहित करते हुए इसे व्यवसाय का रूप देना बेहद ही सराहनीय पहल है, रागी मिशन के दौरान महिलाओं को इसमें जोड़कर उन्हें रोजगार देने की इस पहल से राज्यपाल महोदय बेहद ही प्रभावित हुए। उन्होंने महिलाओं की सहभागिता के लिए शुभकामनाएं दी।

## गुमला आने से पूर्व राज्यपाल लोहरदगा पहुंचे, चीरी में ग्रामीणों से संवाद किया

लोहरदगा (आजाद सिपाही)। राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डायट) चीरी, लोहरदगा में ग्रामीणों से संवाद करते हुए कहा कि देश की आजादी के इतने वर्षों के उपरांत भी ग्रामीण क्षेत्रों में जाने पर विभिन्न समस्याओं की जानकारी देखने को मिलती है। उन्होंने कहा कि देश के विकास के लिए ग्रामीण क्षेत्रों का विकास आवश्यक है। उन्होंने कहा कि एक समय था कि केंद्र से लोगों के विकास हेतु भेजे गये राशि का लाभ लाभुकों तक पूरा नहीं पहुंचता था। वर्तमान में माननीय प्रधानमंत्री जी लाभुकों के मध्य विभिन्न योजनाओं का शत-प्रतिशत लाभ पहुँचा रहे हैं। राज्यपाल महोदय ने कहा कि देश के किसी भी व्यक्ति की मृत्यु भूख से न हो, इसके लिए केन्द्र सरकार द्वारा 80 करोड़ लोगों को निःशुल्क अनाज उपलब्ध कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मैं आप सभी के बीच यह जानने आया हूँ कि आपको केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं का लाभ प्राप्त हो रहा है अथवा नहीं, आपकी विभिन्न समस्याएं जान सकूँ ताकि इससे सरकार को अवगत कराकर इसका निदान किया जा सके। मैं आप सबका विकास देखना चाहता हूं।राज्यपाल ने कहा कि किसानों के हित में 'प्रधानमंत्री किसान सम्मान योजना' संचालित है। उन्होंने कहा कि ऐसा कोई परिवार तो नहीं है जो निःशुल्क अनाज के लाभ की उपलब्धता से



वंचित है और वे इस योजना के पात्र हैं। उन्होंने ग्रामीणों से कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री भारतरत्न अटल बिहारी वाजपेयी जी की सरकार में वे कभी पेट्रोलियम मंत्री हुआ करते थे तथा लोगों के मध्य एलपीजी गैस की उपलब्धता हेतु पूर्णतः सक्रिय रहे हैं। वर्तमान में प्रत्येक परिवार तक एलपीजी गैस की उपलब्धता हो, इस हेतु माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी द्वारा हमारी माताओं-बहनों के मध्य 'प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना' के तहत निःशुल्क एलपीजी गैस कनेक्शन का लाभ प्रदान किया जा रहा है। राज्यपाल महोदय ने ग्रामीणों से संवाद करते हुए कहा कि स्वच्छ पेयजल नितांत आवश्यक है। विभिन्न वैज्ञानिक शोधों में बताया गया है कि गंदा पानी पीने से गंभीर बीमारियां होती हैं। उन्होंने ग्रामीणों से स्वच्छ पेयजल की उपलब्धता की जानकारी ली। उक्त अवसर पर राज्यपाल के समक्ष सखी मंडल के सदस्यों ने अपने विचार प्रकट करते हुए कहा कि सखी मंडल से जुड़ने से पूर्व उनलोगों की आर्थिक स्थिति खराब थी, लेकिन अब इससे जुड़ने के उपरांत आर्थिक स्थिति में सुधार हो रहा है। राज्यपाल के समक्ष मुनि देवी (प्रमुख, कूडु, लोहरदगा), एनुल अंसारी ( उप प्रमुख, कूडु, लोहरदगा), पंचायत के मुखिया राजेश लोहरा, मीणा उराँव, जीमा बरवाटोली, चीरी, अनिमा एक्का, ग्राम-सुकमार, सुमिता खलखो, जीमा चटकपुर, शमशाद अंसारी आदि ने संवाद किया। राज्यपाल ने उक्त अवसर पर नवजात शिशु आशिया परवीन का अन्न प्राशन किया। राज्यपाल द्वारा उक्त अवसर पर विभिन्न योजना अंतर्गत लाभुकों के मध्य पावर स्प्रेयर व व्हील चेयर वितरण किया गया तथा प्रधानमंत्री आवास योजना का पूर्णतः प्रमाण पत्र, मनरेगा स्वीकृति प्रमाण पत्र, उद्योग विभाग द्वारा सहायतार्थ राशि प्रदान किया गया। उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण ने अपने स्वागत भाषण में कहा कि राज्यपाल अपने व्यस्ततम समय में से निकालकर ग्रामीणों से संवाद करने के लिए यहाँ आये हैं, इस हेतु सभी आभारी हैं। इससे पूर्व राज्यपाल ने सखी मंडल की दीदियों के साथ नवाटोली, लोहरदगा में भेंट की तथा सखी मंडल की दीदियों को प्रोत्साहित किया।

# बरसात में सड़क पर जल जमाव और गड्ढों से राहगीरों की परेशानी बढ़ी

आजाद सिपाही संवाददाता

**भरनो।** प्रखंड मुख्यालय के प्लस टू हाई स्कूल रोड में स्कूल चौक की स्थिती अत्यंत दयनीय है। मुख्य रोड होने के बावजूद भी सड़क पर कई जगह बड़े-बड़े गड्ढे हो गए हैं। जिसके चलते दिनभर यहां से गुजरने वाले हजारों वाहनों को परेशानियों का सामना तो पड़ता ही है। साथ ही में पैदल चलने वाले आम राहगीरों को भी मुश्किलों का सामना उठाना पड़ रहा है। ऐसे में बरसात के समय यह खड्डे पानी से भर जाते हैं।

जिसके बाद यहां से गुजरने वाले वाहनों को पता भी नहीं चल पाता कि पानी के नीचे खड्डे कहां पर हैं। जिसके कारण छोटे वाहनों को सबसे ज्यादा दिक्कत का



सामना करना पड़ता है, तो वहीं मोटरसाइकिल सवार या पैदल व्यक्ति के गिरने की भी संभावना बनी रहती है। बावजूद उसके जिम्मेदार प्रशासन ने इन खंडों के आगे अपनी आंखें बंद कर रखी है। जिसका खामियाजा कस्बे की आम जनता को भुगतना पड़ रहा है, इसी सड़क के पास स्कूल सरकारी गैर सरकारी स्कूल आने जाने का मुख्य सड़क हैं। जिसमें लगभग 1000 बच्चे पढ़ाई कर रहे हैं। ऐसे में सड़क पर बने इन खंडों का सामना छोटे-छोटे बच्चों को भी करना पढ़ रहा है।

**जिम्मेदारों ने मचा रखी है लूट :** बरसात का गंदा पानी हो पानी निकासी हो या फिर अन्य कार्य हर कार्य में सरकार फेल है। यहां के अधिकारी और जनप्रतिनिधि किसी की नहीं सुन रहे हैं। जिसकी वजह से लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। सभी अधिकारी और जनप्रतिनिधियों ने लूट मचा रखी है। इसकी सूचना स्थानीय विधायक और अन्य जनप्रतिनिधियों को भी दी गयी है। लेकिन कोई कारवाई नहीं होने से लोगों में काफी रोष है

# गुमला के अलग-अलग क्षेत्रों में पांच लोगों को सांप ने काटा

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** गुमला जिला में सोमवार को पांच अलग-अलग क्षेत्र का सर्पदंश का मामला सामने आया है। जहां सर्पदंश से पीड़ित लोग सदर अस्पताल गुमला में इलाज कराने पहुंचे। पहला मामला चेटर निवासी राजेश टोप्पो को एक सांप ने हाथ में काट लिया है। राजेश अपने खेत मेड बांधने गया हुआ था उसी दौरान उसके पैर के नीचे सांप आ गया जिसे हटाने के क्रम में सांप ने उसके हाथ में काट लिया। वहीं दूसरे मामले में लोंडरा भरनो निवासी सोनी देवी को एक सांप ने काट लिया वह अपने खेत गई हुई थी इसी दौरान उसके पैर में एक सांप काट लिया। वहीं तीसरे मामले में भरनो शक्ति टोली निवासी रूपाली कुमारी को रविवार को एक जहरीले सांप ने काट लिया था। जिसके बाद परिजन उसे गांव में झाड फूंक करवाते रहे। जहां उसके तबियत में सुधार नहीं आने पर सोमवार को परिजन उसे सदर अस्पताल में लेकर पहुंच। परिजनों ने बताया कि रूपाली अपने खेत में घांस को निकालने गयी थी इसी दौरान उसके हाथ में एक सांप ने काट लिया। चौथा मामला नावाडीह गुमला निवासी 14 वर्षीय सुनीता कुमारी का है वह खेत की ओर धान से घास निकालने के लिए जा रही थी तभी मेड में छुपा सांप उसके पैर में काट लिया। पांचवा मामला परसा टोली घाघरा का है जहां संगीता देवी को काशी का घास तोड़ते समय घास में छुपा सांप उसके हाथ में काट लिया।

# बसिया-सिसई सड़क निर्माण साइट पर अपराधियों ने काम में लगे कर्मियों को भगाया

आजाद सिपाही संवाददाता

**बसिया।** बसिया-सिसई सड़क निर्माण का कार्य करा रही मेसर्स विनोद जैन कंस्ट्रक्शन कंपनी के कर्मचारियों को एक दर्जन नकाबपोश हथियार बंद अपराधियों ने लेवी की मांग को लेकर पिटायी की। साथ ही कुछ गाड़ियों के शीशे तोड़ने की भी सुचना प्राप्त हो रही है। बसिया-सिसई सड़क निर्माण कार्य में पोकटा नदी पर हाइ लेबल पुल कंस्ट्रक्शन साइट पर एक दर्जन नकाबपोश हथियार बंद अपराधी पहुंचे। इन अपराधियों ने लेवी की मांग को लेकर वहां पर उत्पात मचाया। घटना मंगलवार सुबह लगभग 6:30 बजे की बतायी जा रही है। जब सुबह कंपनी के



कर्मचारी काम करने पहुंचे। नारेकेला जंगल की ओर से पैदल पहुंचे अपराधियों ने पहले गाड़ी में बैठे ड्राइवरों को हथियार का भय दिखाकर खदेड़ा। फिर तीन वाहनों का शीशा तोड़कर आग लगाने का प्रयास किया। प्रत्यक्षदर्शी लालचन्द पासवान व राहुल की माने तो रोज की तरह आज भी वे लोग काम करने साईट पर पहुंचे। उस समय गार्ड अपने केबिन में थे। वे अपनी अपनी गाड़ियों में थे। तभी नकाबपोश अपराधी हथियार सटाकर गाली गलौज करने लगे। और बोले कि तुम लोगों को काम बंद करने के लिए बोले थे लेकिन तुम नहीं सुने। फिर वहां से सभी कर्मियों को भगा दिया। सभी भय से भाग खड़े हुए। फिर अपराधियों ने गाड़ियों के शीशे तोड़ दिए व आग लगाने का प्रयास किया। सूचना के बाद बसिया एसडीपीओ नाजीर अख्तर घटना स्थल पहुंच कर मामले की जानकारी ली। साथ ही छानबीन में जुट गये है। एसडीपीओ ने बताया कि विनोद जैन कंस्ट्रक्शन को पहले ही धमकी मिली थीं जिसके बाद पुलिस फोर्स उपलब्ध करायी गयी है।

# कुश्ती प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए रवाना हुए स्पोर्ट्स अकादमी के खिलाड़ी

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** आगामी 31-अगस्त से 3 सितम्बर 2024 तक काठमाण्डू (नेपाल) में आयोजित दक्षिण एशियन कॉम्बैट रेसलिंग प्रतियोगिग में स्पोर्ट्स एकेडमी के खिलाड़ियों का चयन भारतीय टीम में हुआ है। जिसमे अकादमी की बालिका ग्रुप में प्रीति रोजा टोप्पो और अनामिका कुमारी , मोनिका टोप्पो शामिल है वही बालक वर्ग में नीरज मांझी , फैसल अंसारी, तौसीफ अंसारी, सैयद अरीब आब्दीन टीम में शामिल है ज्ञात हो बीते अप्रैल महीने में ओडिसा के पूरी में आयोजित राष्ट्रीय स्तर के प्रतियोगिता में सभी के उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर सबका चयन सुनिश्चित हुआ है। गुमला के खिलाड़ी का चयन भारतीय टीम में जगह बना लेना यह स्पोर्ट्स अकादमी के 40 वर्ष का प्रतिफल है। खेल नगरी उसके सम्मान को




वापस दिलाने का श्रेय अकादमी के निदेशक एव प्रशिक्षक सैयद जुन्नू रैन को ही जाता है। टीम 27 अगस्त को शाम 5 बजे टावर चौक से भारतीय टीम में शामिल होने के लिए रांची से रक्सौल के लिए प्रस्थान करेगी। ज्ञात रहे की राष्ट्रीय प्रतियोगिता पूरी में झारखंड टीम के प्रबंधक के तौर पर कॉम्बेक्ट फेडरेशन ऑफ झारखंड के सचिव हाफिज उर रहमान बन कर गये थे। उनके प्रबंधकीय कौशल पर उन्हे भारतीय टीम का प्रबंधक नियुक्त किया गया है हाफिज उर रहमान के देख रेख में भारतीय टीम रहेगी। विशिष्ठ आमंत्रण पर गुमला जिला परिषद के पूर्व अध्यक्ष श्री कृष्ण देव सिंह करौंदी भी टीम के साथ गुमला के खिलाड़ियों को प्रोत्साहन करने एक साथ प्रस्थान करेंगे। खिलाड़ियों के विदाई में गुमला के समाज सेविका खिलाड़ियों के माता पिता गंजीमन के साथ नगर पालिका के उपाध्यक्ष मो. कलीम अख्तर, अंजुमन इस्लामिया के सदर मोशाहिद आजमी, सचिव मो मकसूद, समाज सेवी निर्मल गोयल, समाजसेवी मनीष कुमार साहू , हंदु भगत, मांगू उरांव टीम को रवाना करने में उपस्थित थे ।

# रांची में महिला कन्वेंशन की तैयारी को लेकर पदाधिकारियों की बैठक

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** झारखंड नवनिर्माण दल से जुड़ी महिला मंडल सहयोग संचालन समिति गुमला जिला इकाई की बैठक महिला नेत्री पुष्पा उरांव की अध्यक्षता में जिला मुख्यालय गुमला में आयोजित की गयी। बैठक की कार्यवाही शुरू करने के पूर्व कोलकाता में लेडी डॉक्टर सहित देश भर में महिला हिंसा से हुई कई महिलाओं की मौत के प्रति एक मिनट का मौन धारण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। बैठक में मुख्य रूप से उपस्थित झारखंड नवनिर्माण दल के केंद्रीय संयोजक विजय सिंह ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकारों की लाख दावे के बावजूद देश में महिला हिंसा व अत्याचार बढ़ी है। पश्चिम बंगाल से लेकर झारखंड, रत्नागिरी व देश के कई हिस्सों में महिला अत्याचार बताता है कि सरकार की महिला सुरक्षा के प्रति सभी दावे फेल हैं। इसलिए महिला समाज को अपने




सुरक्षा, मान-सम्मान, ऋण माफी व रोजगार जैसे सवालों को लेकर बड़ी एकता बनाकर आंदोलन की तैयारी करनी होगी तभी महिलाओं का इज्जत व जान बचेगा और विकास संभव है। श्री सिंह ने 20 सितंबर 2024 को महिला कंवेंशन तथा 28 सितंबर 2024 को रांची में दल द्वारा आयोजित राज्यव्यापी झारखंड बचाओ रैली में भारी संख्या में रांची चलने की अपील की है। वहीं महिला नेत्री पुष्पा उरांव ने कहा है कि महिला उत्पीड़न पर रोक, महिला मंडल को दिया गया लोन माफी, सिर्फ ट्रेनिंग नहीं बल्कि महिलाओं को रोजगार देने की गारंटी करने जैसे सवालों को लेकर जिले में हजारों की संख्या में महिलाओं को संगठित की जाएगी। बैठक में एक सितंबर 2024 को जिला मुख्यालय गुमला में होने वाली बड़ी बैठक में भाग लेने, 28 सितंबर 2024 को रांची के विधानसभा मैदान में आयोजित रैली में हजारों की संख्या में महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित करने तथा महिला मंडल सहयोग संचालन समिति को जिले में हर स्तर पर मजबूत बनाने के अलावे कई निर्णय लिए गये हैं।

# जारी में बच्चों के बीच साइकिल का वितरण



आजाद सिपाही संवाददाता

**जारी।** जारी प्रखंड परिसर में उन्नत की पहिया झारखंड साइकिल वितरण योजना के तहत प्रखंड के छात्र-छात्राओं के बीच 60 साइकिल का वितरण किया गया। जिसका मुख्य अतिथि वीडियो शशि संदीप सोरेन जिप सदस्य दिलीप बड़ाईक प्रखंड प्रमुख उर्मिला ककेरकेट्टा, सीसी करमटोली पंचायत के मुखिया फुलमाइत देवी ने छात्र छात्राओं के बीच साइकिल का वितरण किया गया। वहीं मौके पर उपस्थित वीडियो शशि संदीप सोरेन ने कहा की सरकार द्वारा छात्र-छात्राओं को प्रोत्साहन बढ़ाने के लिए यह योजना है। प्रमुख ने कहा कि बच्चों को अब पढ़ाई करने में किसी प्रकार की समस्या नहीं होनी चाहिए इसलिए झारखंड सरकार उन्नति की पहिया के तहत साइकिल वितरण किया जा रहा है। वही जीप सदस्य ने कहा कि आप सभी दूर दराज से स्कूल आते हैं जिसके कारण लेट हो जाता है अब आप लोगों को साइकिल मिल गया है आप लोग समय पर स्कूल आए और अच्छी शिक्षा ग्रहण करें। वही मौके पर बीपीएम सरफराज, अंसारी बीआरपी निर्भय कुमार, रीना कुमारी, सीआरपी दिनेश नंद, माता शरण कुजूर, कल्याण पदाधिकारी विनोद उरांव उपस्थित थे।

# गुमला में कई जगहों पर मनायी गयी श्री कृष्ण जन्माष्टमी

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** श्री कृष्ण जन्माष्टमी को लेकर शहर के विभिन्न मंदिरों में सोमवार की सुबह से ही पूजा पाठ की गई। वही मंदिर को ससाज सज्जा कर आकर्षक रूप से सजाया गया था। पर्व को देखते हुए हिंदू धर्मवलंबियों में उत्साह और उमंग का माहौल देखा गया। भक्तों ने दिनभर उपवास कर रात में पूजा पाठ की और कान्हा से सुख शांति समृद्धि की मंगल कामना की। श्री कृष्ण जन्माष्टमी को लेकर बड़ा दुर्गा मंदिर गोपाल मंदिर और रौनियार बाल मंदिर को आकर्षक रूप से सजाया गया था। जहां कार्यक्रम का भी आयोजन किया




गया था वहीं शहर में कई जगह अखंड हरी कीर्तन का आयोजन किया गया। गुमला के अरमई में 24 घंटे का तो डुमरडीह महावीर मंदिर में 12 घंटे का अखंड हरी कीर्तन कार्यक्रम किया गया जो मंगलवार को भी जारी रहा। वही हरे राम हरे कृष्णा के बोल से वातावरण भक्ति में हो गया अखंड हरी कीर्तन में महिलाओं की भागीदारी ज्यादा रही। भगवान श्री कृष्ण जन्माष्टमी को लेकर मंदिरों में फूलों और रंगीन रोशनी से सजावट की गई थी। सोमवार के मध्य रात्रि भगवान श्री कृष्ण का जन्मोत्सव के साथ मंगलवार को दही हांडी की होली का आयोजन समिति की ओर से पूरी तैयारी कर ली गयी है।

## अहीर सेना सिसई ने मनाया कृष्णा जन्मोत्सव



**गुमला (आजाद सिपाही)।** अहीर सेना सिसई के द्वारा सिसई दुम्बरटोली में कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर बेड़ो, रांची के कलाकार ने मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। कार्यक्रम की शुरूआत कृष्णा भगवान को पुष्प अर्पित गुमला एसडीपीओ सुरेश प्रसाद सिसई थाना प्राभरी संदीप यादव और भूषण भगत और अहीर सेना और समाज के सरंक्षक पदाधिकारी के अगुवाई में किया गया।अहीर सेना के सरंक्षक लोहरमान गोप, रविंद्र अधिकारी के द्वारा श्री कृष्ण जन्म से लेकर कंस वध तक लीलाओं को प्रस्तुत करते उनके जीवनियों और कहानियों को विस्तृत पूर्वक बताया गया।

# एकलव्य आवासीय स्कूल में संस्कृत प्रदर्शनी लगी

आजाद सिपाही संवाददाता

**बसिया।** एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय बसिया में संस्कृत सप्ताह के अंतर्गत एक संस्कृत प्रदर्शनी लगाई गयी। प्रदर्शनी को संस्कृत शिक्षक अभिषेक कुमार के मार्गदर्शन में कक्षा 7 के छात्रों ने तैयार किया था। इस प्रदर्शनी में संस्कृत भाषा के महत्व, संस्कृत साहित्य के विभिन्न ग्रंथों की जानकारी के अतिरिक्त दैनिक उपयोग की सामग्रियों के नाम को दशार्या गया था। प्राचीन तथा आधुनिक कक्षा व्यवस्था ,जंतु शाला, नवग्रह तथा समय बोध के मॉडल आकर्षण के केंद्र थे। प्रदर्शनी में संस्कृत भाषा



की पहेली भी थी जिसे हल करने पर पुरस्कार की भी व्यवस्था थी। इस संस्कृत प्रदर्शनी को विद्यालय के सभी छात्रों, शिक्षकों व प्राचार्य के अतिरिक्त अनुपम कुमार, प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी, बसिया तथा अकाउंटेंट सरिता कुमारी ने भी निरीक्षण किया। दोनों ने संस्कृत प्रदर्शनी की सराहना की तथा इसे तैयार करने वाले छात्रों तथा मार्गदर्शक शिक्षक की भूरि-भूरि प्रशंसा की। प्राचार्य संजय कुमार सिंह ने सभी प्रतिभागी छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना की।

**महत्वपूर्ण न्यूज**

## पंचमुखी मंदिर में मना श्री कृष्ण जन्मोत्सव, शामिल हुए विश्रामपुर राजपरिवार के सदस्य



**विश्रामपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** विश्रामपुर के ऐतिहासिक पंचमुखी मंदिर में श्री कृष्ण जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर मंदिर को भव्य रूप से सजाया गया था। मंदिर परिसर में भगवान श्रीकृष्ण का झूला भी लगाया गया था। रात 12 बजे भगवान के प्रगट होने के समय श्रद्धालुओं ने आतिशबाजी भी की। इस विशेष पूजा में इस साल भी विश्रामपुर राजपरिवार के सभी सदस्य शामिल हुए। राजा रंजित राय, रानी रागनी सिंह और युवराज शशांक राय ने बतौर जजमान खुद पूजा किया। राजपुरोहित पंडित अच्युतानंद पांडेय ने पूजा संपन्न कराया। इस मौके पर राजा रंजित राय ने कहा कि भगवान कृष्ण के बताए मार्ग पर चलकर ही समाज का कल्याण किया जा सकता है। वहीं, रानी रागनी सिंह ने कहा कि भगवान कृष्ण का उपदेश हम सब को अपने जीवन में उतारने की जरूरत है। मौके पर विधायक प्रतिनिधि राजन पांडेय, विजय कुमार रवि, राजेश कुमार मार्शल, गोपाल सोनी, दीपक कुमार और चंदन चंद्रवंशी आदि मौजूद थे।

## मटका फोड़ प्रतियोगिता में पांकी टीम विजेता



**पांकी/पलामू (आजाद सिपाही)।** पांकी प्रखंड क्षेत्र में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान प्राचीन हनुमान मंदिर के समीप विश्वहिंदू परिषद और बजरंग दल की ओर से मटका फोड़ कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित विधायक डॉ कुशवाहा शशिभूषण मेहता के अलावा भाजपा महिला मोर्चा प्रदेश कोषाध्यक्ष लवली गुप्ता, जिला अध्यक्ष अमित तिवारी और किशलय तिवारी ने मटका फोड़ कार्यक्रम का फीता काटकर शुरूआत किया। इसमें सरईडीह, पुरानी पांकी और तेतराई पांकी की टीम ने भाग लिया। दही हांडी को फोड़ने वाली टीम को प्रथम पुरुस्कार के रूप में 3100 रुपये नगद व ट्रॉफी, मेडल, अंग वस्त्र दिया गया। जबकि सरईडीह, पुरानी पांकी और तेतराई की टीम को संतावना पुरुस्कार के रूप में 1000 रुपये नगद, मेडल और ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने मे विहिप बजरंग दल के अध्यक्ष संस्कार सोनी, प्रो बच्चन ठाकुर, विधायक प्रतिनिधि सुरेंद्र सिंह, भाजपा जिला महामंत्री विजय ठाकुर, ओबीसी मोर्चा जिला अध्यक्ष शंकर प्रसाद गुप्ता, मंडल अध्यक्ष शत्रुघ्न सिंह आदि की भूमिका सराहनीय रही।

## श्याम कुमार बने जपला मुख्य डाकघर के प्रभारी उप डाकपाल, संभाला पदभार

**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** पलामू प्रमंडल के जपला मुख्य डाकघर में नये प्रभारी उप डाकपाल के पद पर श्याम कुमार ने योगदान किया। उन्होंने बताया कि डाकघर की लाभकारी योजनाओं से ग्रामीण व शहरी जनता को लाभावित कराना हमारी प्राथमिकता होगी। ग्राहकों की समस्याओं का बारी-बारी से निदान किया जायेगा। वहीं, उनके योगदान पर अरविंद ओझा, अभिषेक प्रभाकर, पप्पू प्रसाद, संतोष टुड्डु, श्रवण कुमार, देवेंद्र नाथ गुप्ता, राकेश तिवारी, रविकांत सिंह और संतोष ठाकुर आदि ने बधाई दी है।

## हसनैन जैदी ने हुसैनाबाद विस सीट से पेश की दावेदारी



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के महासचिव सैयद हसनैन जैदी ने 79-हुसैनाबाद-हरिहरगंज विधानसभा से विधायक पद के लिए अपनी दावेदारी पेश की है। उन्होंने कांग्रेस के पलामू जिलाध्यक्ष जैश रंजन पाठक उर्फ बिट्टू पाठक को अपनी दावेदारी को लेकर आवेदन दिया है। विदित हो की सैयद हसनैन जैदी का कांग्रेस के सांगठनिक विकास में हुसैनाबाद विधानसभा क्षेत्र में अहम योगदान रहा है। जन समस्याओं को लेकर वे हमेशा मुखर रहे हैं। सैयद हसनैन जैदी ने कहा कि अगर पार्टी ने मुझे हुसैनाबाद-हरिहरगंज विधानसभा सीट से उमीदवार बनाया तो कार्यकर्ताओं के साथ बेहतर समन्वय के साथ बेहतर परिणाम देने का वादा करता हूं।

## मनातू में मतदाता सूची का द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण 2024 का प्रकाशन

**मनातू/पलामू (आजाद सिपाही)।** मनातू प्रखंड समेत मतदान केंद्र पर मतदाता सूची का द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण 2024 का प्रकाशन प्रखंड सह अंचल कार्यालय सहित सभी 35 मतदान केंद्रों पर किया गया। इस अवसर पर सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह सीओ मदन कुमार सुमन ने बताया कि प्रखंड के सभी मतदाता अपने-अपने मतदान केंद्र के बीएलओ के पास जाकर अपना नाम मतदाता सूची में जांच कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि अपने-अपने मतदान का शत प्रतिशत योगदान करें। मौके पर प्रभारी अंचल निरक्षक अनिल रजक, राजस्व कर्मचारी नीतीश कुमार वर्मा, धीरेंद्र दीक्षित, कन्हैया राम आदि मौजूद थे।

## मनुष्य नकरात्मक लक्षणों से छुटकारा का संकल्प ले तो भगवान फिर से जन्म लेंगे : ब्रह्मदेव प्रसाद



**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** विश्रामपुर पंचमुखी मंदिर प्रांगण में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी मनाया गया। इस अवसर पर ओबीसी एकता अधिकार मंच के केंद्रीय अध्यक्ष ब्रह्मदेव प्रसाद भी पहुंचे थे। ब्रह्मदेव प्रसाद ने बताया कि भगवान के प्रेम में लीन रहकर हम सभी को क्रोध, वासना, अहंकार, लोभ और मोह को अपने अंदर से मिटाने की शपथ लेनी चाहिए। कहा कि यदि सभी लोग इस जन्माष्टमी पर भगवान को याद कर अपने दोषों और नकारात्मक लक्षणों से छुटकारा पाने का संकल्प ले तो श्रीकृष्णा जल्द ही फिर से जन्म लेंगे।

### विश्रामपुर नप के अनुबंधकर्मियों की हड़ताल पांचवें दिन भी जारी

# अनुबंधकर्मियों की मांगों पर विचार करे सरकार : रामचंद्र

**अनुबंधकर्मियों ने विधायक को सौंपा मांगपत्र, सरकार पर दबाव बनाने की मांग**

आजाद सिपाही संवाददाता



विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी को मांगपत्र देते अनुबंधकर्मी।

**विश्रामपुर/पलामू।** झारखंड लोकल बॉडीज इम्प्लाइज फोडरेशन के आह्वान पर विश्रामपुर नगर परिषद के अनुबंधकर्मियों का अनिश्चितकालीन हड़ताल मंगलवार को पांचवें दिन भी जारी रहा। अपनी मांगों को लेकर इस दिन हड़तल कर रहे कर्मियों ने नगर परिषद कार्यालय के समक्ष प्रदर्शन किया। इसके बाद पूर्व मंत्री सह विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी से मिलकर छह सूत्री मांग पत्र सौंपते हुए उनसे सरकार पर दबाव बनाने की अपील की। इस पर विधायक ने अनुबंधकर्मियों की मांगों का समर्थन करते हुए कहा कि आपकी आवाज को हर स्तर पर बुलंद किया जायेगा। फेडरेशन के विश्रामपुर इकाई अध्यक्ष रमेश कुमार ने कहा कि हमारी मांग जायज है। जब तक सभी मांगें नहीं मानी जायेगी तब तक आंदोलन जारी रहेगा। मौके पर विधायक प्रतिनिधि राजन पांडेय, फोडरेशन उपाध्यक्ष मुबारक अंसारी, दीपक चंद्रवंशी, सुबोध केशरी, रवि कुमार, सुमित कुमार, राजेश प्रसाद और नीरज कुमार आदि मौजूद थे।

## सांसद वीडी राम ने पलामू व गढ़वा जिले के कई सड़कों की दिलायी स्वीकृति, शुरू होगा निर्माण कार्य

आजाद सिपाही संवाददाता



पलामू सांसद वीडी राम।

**मेदिनीनगर।** सांसद विष्णु दयाल राम के प्रयासों से पलामू संसदीय क्षेत्र के पलामू एवं गढ़वा में सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय के अंतर्गत केंद्रीय सड़क अवसंरचना निधि के तहत दो सड़कों एवं झारखंड पथ निर्माण विभाग के अंतर्गत 7 सड़कों के निर्माण की स्वीकृति दिलाई है। उक्त सड़कें पलामू के चैनपुर में कुट्टी मोड़ से हुटार होते हुए रामगढ़ प्रखंड मुख्यालय तक 24.10 किलोमीटर तक बनेगी। पलामू जिला अंतर्गत मोहम्मदगंज भजनिया मोड़ से कोल्हुआ बरडीहा पनसुआ एवं अदहौरी रानीदेवा हैदरनगर तक 17.327 किलोमीटर सड़क का निर्माण होना है। वहीं, हरिहरगंज कटैया मोड़ से बेला घाटी तक 10.40 किलोमीटर सड़क का निर्माण होना है। पलामू सांसद ने कहा कि उपरोक्त सड़कों के निर्माण से क्षेत्र की जनता को आवागमन में सुविधा होगी।

## ददई दुबे के पोते प्रभात दुबे ने विश्रामपुर-मझिआंव विस से पेश की अपनी दावेदारी

**प्रदेश कार्यालय में जमा किया बायोडाटा, कहा- विश्रामपुर विस क्षेत्र में फिर लहरायेगा कांग्रेस का परचम**



**विश्रामपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** युवा कांग्रेसी नेता प्रभात उर्फ बड्डू दुबे ने विश्रामपुर-मझिआंव विधानसभा क्षेत्र से दावा पेश करते हुए मंगलवार को पार्टी के प्रदेश कार्यालय में अपना बायोडाटा जमा किया। इस पर प्रदेश नेतृत्व ने उन्हें आश्वस्त किया कि उनकी उम्मीदवारी के दावे को केंद्रीय नेतृत्व तक पहुंचा दिया जायेगा। तब तक उन्हें विश्रामपुर विस क्षेत्र में संगठन को मजबूत करने और लोगों के बीच बने रहने को कहा गया। बताते चलें कि बड्डु दुबे पूर्व विधायक चंद्रशेखर दुबे उर्फ ददई दुबे के पोता हैं। ददई दुबे ने भी बड्डु दुबे को अपना राजनीतिक वारिश घोषित कर दिया है। इस अवसर पर बड्डु दुबे ने कहा कि विश्रामपुर-मझिआंव विधानसभा क्षेत्र कांग्रेस का गढ़ रहा है। यहां से उनके बाबा ददई दुबे चार बार विधायक रह चुके हैं। पार्टी ने मौका दिया तो एक बार फिर से विश्रामपुर में कांग्रेस का परचम लहराएगा। उन्होंने कहा कि पिछले पांच सालों से क्षेत्र में रहकर जनसमस्याओं को उठता रहा हूं। लोगों के दुख दर्द मे साथ रहा हूं। इस बार यहां की जनता भाजपा को नकारते हुए कांग्रेस को ही अपना समर्थन देगी।

## बीडीओ ने चार पंचायत सचिव पर प्रपत्र क गठित करने के लिए डीडीसी को लिखा पत्र

**छतरपुर/नौडीहा बाजार/पलामू (आजाद सिपाही)।** नौडीहा बाजार बीडीओ शुभम बेला टोपनो ने नौडीहा बाजार प्रखंड के विशुनपुर व खैरादोहर के पंचायत सचिव नंदकिशोर राम, शशि रंजन (चराई टू), विनोद कुमार रवी (करकटा) विनोद राम (डगरा) के पंचायत सचिवों पर अबुआ आवास योजना में घोर लापरवाही बरतने पर पलामू डीडीसी को प्रपत्र क गठित करने के लिए पत्र लिखा है। बीडीओ ने लिखा है कि इन चारों पंचायत सचिवों द्वारा अबुआ आवास में न तो रुचि ली जा रहा है ना ही अभिलेख संधारण किया जा रहा है। बार-बार फोन के माध्यम से अवगत कराया गया कि अबुआ आवास का न्यून प्रगति प्रतिदिन जिला में खराब होते जा रहा है। पूर्व में भी अबुआ का न्यून प्रगति पर स्पष्टीकरण कर कारण पूछा गया था लेकिन इनके द्वारा अपने कार्यशैली में सुधार नहीं किया गया। इससे प्रतीत होता है कि उक्त पंचायत सचिव अपने कार्यों के प्रती घोर लापरवाह है। बीडीओ ने पत्र में उक्त सभी पंचायत सचिवों पर प्रपत्र क गठित कर कडी कार्रवाई करने की बात लिखी है।

## रेहला में स्टार पॉलिमर कंपनी का प्लांट लगाने को लेकर ग्रामीणों के बीच हुई जन सुनवाई

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** रेहला ग्रासिम इंडस्ट्रीज के पास स्टार पॉलिमर के सीपीडब्ल्यू का प्लांट लगाने के लिए मंगलवारर को जन सुनवाई कार्यक्रम आयोजित हुआ। जिसकी अध्यक्षता पलामू पंचायतीराज पदाधिकारी विनय श्रीवास्तव ने किया। इस दौरान मौजूद ग्रामीणों ने प्लांट लगाने से यहां के वातावरण में किसी तरह की क्षति नहीं होने से संबंधित जानकारी बारी-बारी से मांगी। इस पर कंपनी द्वारा बताया गया कि यह प्लांट लगने से प्रदूषण नहीं के बराबर होने की संभावना है। क्योंकि अब जो भी सीपीडब्ल्यू का प्लांट लगाने के लिए मशीनें आ रही हैं वह जीरो प्रदूषण युक्त है। कंपनी प्रबंधन ने बताया कि यहां प्लांट लगाने से परोक्ष या अपरोक्ष रूप से यहां के लोगों को रोजगार का अवसर मिलेगा और क्षेत्र का विकास होगा। प्रबंधन ने बताया कि प्रत्येक वर्ष पौधा रोपण और अन्य सामाजिक कार्यों के लिए कंपनी द्वारा 14 लाख 50 हजार रुपए का बजट रखा गया है। जिससे यहां के सामाजिक कार्यों को किया जाएगा। ग्रामीणों ने कहा कि इसी तरह और उद्योग लगे जिससे यहां के स्थानीय लोगों को रोजगार मिल सके। मौके पर कंपनी के प्रोपराइटर गौरव प्रकाश गुप्ता, सुनील पोद्दार, पलामू उद्योग विभाग के प्रबंध अविनाश कुमार सिंह, जेएसपीबी रांची के प्रतीक श्रीवास्तव, आशुतोष तिवारी, सीओ विजय चौबे, जबकि स्थानीय लोगों में राहुल शुक्ला, डीएन दूबे, ओमप्रकाश शुक्ला, उदय दूबे, बृजकिशोर शुक्ला, ध्रुव सिंह, विद्याचरण शुक्ला, रिंकू दूबे आदि मौजूद थे।

## संवेदक के खिलाफ बराज पर प्रदर्शन



**पांकी/पलामू (आजाद सिपाही)।** पांकी प्रखंड के गोंगो-विनायका मुख्य सड़क संवेदक की लापरवाही के कारण इन दिनों कीचड़ में तब्दील हो गयी है। पांकी-गोंगो पथ और और बराज से लोहरसी सड़क का लगभग 6 महीना पहले प्रशासनिक स्वकृति मिल चुकी है। जिसे क्षेत्रीय विधायक डॉ कुशवाहा शशिभूषण मेहता को शिलान्यास भी कर दिया है। संवेदक द्वारा सड़क पर काम भी शुरू कर दिया गया है। लेकिन आधा अधूरा काम होने से बरसात के दिनों में सड़क कीचड़ में तब्दील हो गया है। जिससे राहगीरों को आने-जाने मे परेशानी हो रही है। इसे लेकर भाजपा जिला अध्यक्ष अमित तिवारी, महामंत्री विजय ठाकुर, लोहरसी मंडल अध्यक्ष रोशन सिंह ने बराज के समीप संवेदक के खिलाफ प्रदर्शन किया। अमित तिवारी ने कहा कि गठबंधन की सरकार में भ्रष्टाचार चरम पर है। वहीं, धरना के बाद सड़क के जल्द निर्माण को लेकर बीडीओ अरुण कुमार मुंडा को ज्ञापन सौंपा गया। मौके पर लोहरसी महामंत्री बिनोद प्रजापति, विधायक प्रतिनिधि रंजय ठाकुर, सुरेंद्र मेहता, धर्मदेव मेहता, राजन सिह, अनिल साव, सत्येंद्र राम, सतीश सिंह, आलोक कुमार चंद्रवंशी आदि उपस्थित थे।

**कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय,**
**भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमंडल, कोडरमा**

पत्रांक ........................................./ दिनांक ................................... /

**अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं0 14/2024–25**

1. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता :– कार्यपालक अभियन्ता, भवन प्रमंडल, कोडरमा ।
2. परिमाण विपत्र की ब्रिकी की तिथि एवं समय :– 05.09.2024 को 1.00 बजे अपराह्न तक ।
3. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :– 06.09.2024 को 3.00 बजे अपराह्न तक ।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 06.09.2024 को 3.30 बजे अपराह्न ।
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :– क. कार्यपालक अभियंता भवन प्रमण्डल, कोडरमा का कार्यालय। ख. अधीक्षण अभियन्ता, भवन अंचल,हजारीबाग का कार्यालय ।
6. निविदा प्राप्ति का स्थान :– क. कार्यपालक अभियंता भवन प्रमण्डल, कोडरमा का कार्यालय।
7. कार्य की विवरणी :–

| Group No. | Name of Work | Estimate Cost | Cost of BOQ | Earnest Money | Time of Completion |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Repairing of Kitchen-Cum-Store in (1) NPS Brinda (2) NPS Behradih (3) NPS Kakuriya Thamai (4) UPS Naitand (5) PS Chitarpur under Block Koderma | 4,36,982.00 | 750.00 | 8750.00 | 2 Month |
| 2 | Repairing of Kitchen-Cum-Store in (1) PS Vidyapuri (2) PS Dumariyatand (3) PS Charadih (4) PS Chutiyaro (5) UPS Ambatand under Block Koderma | 4,94,700.00 | 750.00 | 10000.00 | 2 Month |
| 3 | Repairing of Kitchen-Cum-Store in (1) UPS Yadutand (2) UPS Kharedwa (3) UPS Dongopahri (4) UPS Inderwa Basti (5) UPS Bagretola (6) UPS Badkibagi (7) UPS Badkibagi Gumo under Block Koderma | 7,04,129.00 | 1250.00 | 14100.00 | 2 Month |
| 4 | Repairing of Kitchen-Cum-Store in (1) UPS Belder Muhalla (2) UPS Kahartola (3) PS Karapathar (4) UPS Koriyadih (5) UPS Kumhartola (6) UPS Kushana (7) UPS Kushwahatola under Block Koderma | 7,01,750.00 | 1250.00 | 14100.00 | 2 Month |
| 5 | Repairing of Kitchen-Cum-Store in (1) UPS Mahundra (2) NPS Meghatari (3) UPS Birhor Colony Ghandhi (4) UPS Piyartola (5) UPS Siyaritand (6) UPS Visrambag under Block Koderma | 5,76,836.00 | 1250.00 | 11600.00 | 2 Month |
| 6 | Repairing of Kitchen-Cum-Store in (1) UPS Chirkundi (2) UPS Harijantola Chiglawar (3) UPS Telaiya Basti (4) UPS Sapha (5) UPS Lakhibagi (6) UPS Kairitand (7) UPS Harijan Tola Baddiha under Block Koderma | 6,45,804.00 | 1250.00 | 13000.00 | 2 Month |
| 7 | Repairing of Kitchen-Cum-Store in (1) UPS Sujanpur (2) UPS Doiyadih (3) UPS Debradih (4) UPS Jarga (5) UPS Ambakola (6) UPS Gendwadh (7) NPS Saundedih (8) NPS Dumardiha under Block Koderma | 7,27,213.00 | 1250.00 | 14500.00 | 2 Month |
| 8 | Repairing of Kitchen-Cum-Store in (1) NPS Jharnakund (2) NPS Hathuwadharan (3) NPS Moriyawan (4) NPS Karhariya (5) GMS Koderma (6) UMS Jhalpo (7) UMS Bhadodih Urdu (8) MS Pathaldiha under Block Koderma | 7,73,790.00 | 1250.00 | 15500.00 | 2 Month |
| 9 | Repairing of Kitchen-Cum-Store in (1) UMS Sangramdih (2) UMS Chhattabar Urdu (3) MS Jullahabad (4) MS Kharkota (5) UMS Dhebuadih (6) UMS Jharitand (7) UMS Jhumri under Block Koderma | 6,90,899.00 | 1250.00 | 14000.00 | 2 Month |
| 10 | Repairing of Kitchen-Cum-Store in (1) MS inderwa Shahri (2) MS Inderwa Dehati (3) UMS Basdharwa (4) UMS Buchitand (5) UMS Salaidih (6) MS Dumardiha under Block Koderma | 7,03,772.00 | 1250.00 | 14100.00 | 2 Month |
| 11 | Repairing of Kitchen-Cum-Store in (1) MS Gajhandi (2) MS Gumo-2 (3) MS Belgadha (4) MS Kariyabar (5) UMS Kolgarma (6) UMS Meghatari (7) UMS Pipradih under Block Kodderma | 6,91,236.00 | 1250 | 14000.00 | 2 Month |
| 12 | Repairing of Kitchen-Cum-Store in (1) UMS Bhanderwa (2) UMS Pandeydih (3) UMS Salaiya (4) UMS Chechai (5) UMS Chandedih (6) UMS Jarga (7) UMS Garhai under Block Koderma | 6,90,693.00 | 1250.00 | 14000.00 | 2 Month |
| 13 | Repairing of Kitchen-Cum-Store in (1) UMS Garyidih (2) UPG Govt MS Glowadhab (3) UPG Govt MS Lochanpur (4) UPG Govt MS Rohanitanr (5) UMS Telaiya Basti (6) Govt MS Putto under Block Koderma | 5,80,236.00 | 1250.00 | 12000.00 | 2 Month |
| 14 | Repairing of Kitchen-Cum-Store in (1) PS Nauwadih (2) PS Asnabad (3) PS Kharkharo (4) MS Baddiha (5) MS Lariyadih (6) UMS Khairidih under Block Koderma | 5,14,712.00 | 1250.00 | 10300.00 | 2 Month |
| 15 | Repairing of Kitchen-Cum-Store in (1) MS Bekobar (2) UMS Lokai (3) UMS Purnanagar (4) UMS Barsotiyabar (5) UMS Lochanpur under Block Koderma | 4,58,118.00 | 750.00 | 9200.00 | 2 Month |
| 16 | Repairing of Kitchen-Cum-Store in (1) UMS Telaiya Basti (2) UPG Govt MS Anantdih (3) UPG MS Bhuiyatola Lokai (4) AMS Koderma under Block Koderma | 3,58,875.00 | 750.00 | 7200.00 | 2 Month |
| 17 | Repairing of Kitchen-Cum-Store in (1) PS Nandudih Katiya (2) UMS Bariyardih (3) PS Maktab Basodih (4) UMS Dumri (5) MS Samaidih under Block Satgawan | 4,42,503.00 | 500.00 | 8900.00 | 2 Month |
| 18 | Repairing of Kitchen-Cum-Store in (1) PS Bhakratarpar (2) UPS Chuwapahari (3) UPS Asnakoni (4) PS Bhakhara (5) UMS Pokhardiha (6) UPS Kairakala Mushartola (7) UPS Paharsingh Khaira (8) UPS Birhor Colony Gajhar under Block Satgawan | 7,16,904.00 | 1250.00 | 14400.00 | 2 Month |
| 19 | Repairing of Kitchen-Cum-Store in (1) UPS Ramsala (2) PS Chanddih (3) MS Shvipur under Block Satgawan | 2,49,657.00 | 500.00 | 5000.00 | 2 Month |
| 20 | Repairing of Kitchen-Cum-Store in (1) UPS Yogidih (2) UMS Rajawar (3) UMS Baigna (4) MS Debodih (5) UPS Chhapri under Block Satgawan | 4,28,375.00 | 750.00 | 8600.00 | 2 Month |
| 21 | Repairing of Kitchen-Cum-Store in (1) UPS Regania (2) UPS Handolwa (3) UPS Fatlahiya (4) UPS Theshwa (5) PS Kathara Kanya under Block Satgawan | 4,38,888.00 | 750.00 | 8800.00 | 2 Month |
| 22 | Repairing of Kitchen-Cum-Store in (1) UMS Karcheta (2) PS Mahtadih (3) UMS Kalidih (4) UPS Matukdih Gargohia under Block Satgawan | 3,58,364.00 | 750.00 | 7200.00 | 2 Month |
| 23 | Repairing of Kitchen-Cum-Store in (1)UPS Harijantola Ambabad (2) UPS Hethladih Ambabad (3) UMS Mathuradih (4) UPS Sewadih (5) UPS Ghurmuriya (6) UPS Jhingoiya Manorathdih (7) UMS Gajedih (8) UMS Khawashdih under Block Satgawan | 7,07,444.00 | 1250.00 | 14200.00 | 2 Month |
| 24 | Repairing of Kitchen-Cum-Store in (1) UMS Jamtato (2) NPS Muslim Tola Donaiya (3) UPS Ratanpur (4) UPS Hadhadwa (5) UPS Mohanria under Block Satgawan | 4,38,721.00 | 750.00 | 8800.00 | 2 Month |
| 25 | Repairing of Kitchen-Cum-Store in (1) NPS Dhanuki (2) UPS Kanikendra (3) UPS Bijhawariya (4) PS Gonardih (5) UMS Pachori (6) UMS Sarbahna (7) UMS Selari (8) UMS Bajaniya Hindi (9) UMS Bajaniya Urdu (10) UPS Ghorsahi under Block Satgawan | 8,77,441.00 | 1250.00 | 17600.00 | 2 Month |
| 26 | Emergent work such as Painting of Boundary wall and Stainless steel railing work of platform at bagitand stadium Dist koderma | 2,36,541.00 | 500.00 | 5000.00 | 15 Days |
| 27 | Emergent work to Toilet of District Najarat Officer and District Election Officer in Collectorate Building Koderma | 2,47,053.00 | 500.00 | 5000.00 | 15 Days |
| 28 | Emergent Repair work in Panchayat Election Officer Koderma at Collectorate Building Koderma | 2,49,242.00 | 500.00 | 5000.00 | 15 Days |
| 29 | Emergent Repair work to Staff Toilet of DDC Office in Collectorate Building Block B at Koderma Dist. | 2,48,228.00 | 500.00 | 5000.00 | 15 Days |
| 30 | Emergent work of Executive Magistrate Office Room and Shed in SDM Office Koderma Dist Koderma | 2,48,911.00 | 500.00 | 5000.00 | 15 Days |
| 31 | Emergent Repair of C1/6 Type Quarter near Raja Talab at Koderma | 2,31,610.00 | 500.00 | 5000.00 | 15 Days |

निविदा की शर्तें को www.jharkhand.gov.in एवं कार्यालय सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है ।

कार्यपालक अभियन्ता,
भवन प्रमण्डल, कोडरमा

PR 333770 Building(24-25).D

## कुसुम विहार इस्कॉन में मनाया गया भव्य जन्माष्टमी उत्सव



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** कुसुम विहार इस्कॉन की ओर से जन्माष्टमी धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत गुजरात से आए भक्तो के कीर्तन से हुआ। वहीं, धनबाद के बच्चों ने नृत्य व ग्रामीण क्षेत्र के भक्तों ने नाड्य की प्रस्तुति दी। डॉक्यूमेंट्री मूवी के माध्यम से इस्कॉन कुसुम विहार द्वारा किए जा रहे ट्राइबल केयर, मुफ्त शिक्षा मेडिकल कैंप एवं अन्य योजनाओं की जानकारी दी गई। जन्माष्टमी उत्सव में 5000 से अधिक भक्तो के बीच महा प्रशाद वितरण किया गया। इसबार जन्माष्टमी उत्सव में धनबाद प्रेस क्लब के सभी सदस्य को सम्मानित किया गया। क्योंकि मीडिया के सहयग से धनबाद के सभी वर्ग के लोग भक्ति मार्ग से जुड़ रहे है।

## कार्रवाई : रातभर छापामारी व पूछताछ के बाद अपने साथ ले गयी पटना

# धनबाद में डॉक्टर और कोल कारोबारी के घर सीबीआइ की दबिश, तीन गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** सीबीआइ की टीम ने सोमवार की रात हाउसिंग कॉलोनी स्थित डॉक्टर प्रणव पूर्वे, बैंक मोड़ स्थित ट्रांसपोर्टर सह कोल कारोबारी गुरपाल सिंह और बिपिन प्रिंटिंग प्रेस के संचालक अशोक चौरसिया सहति पांच लोगों के ठिकानों पर ताबड़तोड़ छापामारी की। इसके बाद तीनों को हिरासत में लेकर सीबीआई के अधिकारियों ने बिपिन प्रिंटिंग प्रेस में रात भर पूछताछ की। इसके बाद मंगलवार की सुबह सदर अस्पताल में तीनों को लेकर सीबीआई की टीम पहुंची, जहां उनका स्वास्थ्य जांच किया गया। इसके बाद तीनों को गिरफ्तार कर




आरोपितों को स्वास्थ्य जांच के लिए ले जाती सीबीआइ की टीम।

सीबीआई अधिकारी उन्हें अपने साथ पटना लेकर चली गई। सूत्रों की मानें तो सीबीआई की टीम ने सबसे पहले पटना में आयकर आयुक्त संतोष कुमार को 10 लाख रुपये रिश्वत लेते रंगेहाथों गिरफ्तार किया था। आयकर आयुक्त को रुपये देने वाले चीकू नामक व्यक्ति को भी सीबीआई ने गिरफ्तार कर लिया था। दोनों से सख्ती से पूछताछ करने पर उन्होंने सीबीआई अधिकारियों के समक्ष धनबाद के कारोबारियों और डॉक्टर का नाम लिया था। उनकी निशानदेही पर सीबीआई की टीम सोमवार की रात 9 बजे धनबाद पहुंची और छापामारी की। पता चला है कि इस मामले में अबतक कुल पांच लोगों की गिरफ्तारी हो चुकी है। बतातें चलें कि संतोष कुमार के पास पटना के साथ ही धनबाद आयकर आयुक्त का भी प्रभार था। अशोक चौरसिया आयकर आयुक्त और कारोबारियों के बीच लाइजनिंग का काम करता है। संभवतः इनकम टैक्स और जीएसटी को लेकर इनके द्वारा लाइजनिंग का खेल किया जा रहा था। लाइजनिंग और डील के बाद गिरफ्तार चीकू नामक व्यक्ति ही आयकर आयुक्त को रुपये पहुंचता था। दिल्ली सीबीआई की टीम को महीनों पहले ही इस खेल की भनक लग गई थी, जिसके बाद दिल्ली सीबीआई की टीम पटना सीबीआई को मामले पर निगरानी रखने का निर्देश दिया था। वहीं, पटना सीबीआई की टीम आयकर आयुक्त पर अपनी पैनी नजर रखी हुई थी। पिछले कई महीनों से सीबीआई आयकर आयुक्त को ट्रैप कर रही थी। धनबाद में आधा दर्जन से अधिक ठिकानों पर सीबीआई की छापामारी की गयी।

## डीसी से मिलीं दातूं प्लस टू हाई स्कूल की छात्राएं



आजाद सिपाही संवाददाता

**बोकारो/कसमार।** कसमार प्रखंड के दांतू प्लस टू हाई स्कूल की पांच छात्राओं रानी कुमारी, उषा कुमारी, अपर्णा कुमारी, पूजा कुमारी, दिपीका कुमारी और प्रीति कुमारी ने मंगलवार को डीसी विजया जाधव से मुलाकात की। छात्राओं ने डीसी को यूएन विमेन एंड फोर्ड टीम द्वारा प्रकाशित पुस्तक 'हम' की एक प्रति उपलब्ध कराया। छात्राओं ने बताया कि इस पुस्तक में उनकी सफलता की कहानी प्रकाशित हुई है। इसस पर डीसी ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए छात्राओं को आगे के लिए शुभकामनाएं दी। छात्राओं ने डीसी को बताया कि विद्यालय के वोकेशनल ट्रैनिंग के माध्यम से उन्होंने सौर उर्जा आधारित प्रकाश व्यवस्था का गुण सीखा। क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति की लचर व्यवस्था ने इस दिशा में कार्य करने की प्रेरणा दी। इसमें विद्यालय के वेकेशनल शिक्षक अनिमेष का पूर्ण सहयोग प्राप्त हुआ। सोलर ट्री एवं सौर ऊर्जा आधारित लाइट का निर्माण किया। आज वह पढ़ाई के बाद खाली समय में घरों को रौशन करने वाले एलईडी ब्लब का निर्माण कर रही है।

छात्राओं की टीम ने एलईडी ब्लब का नमूना भी डीसी को भेंट किया। इस पर डीसी ने मौके पर उपस्थित जिला नजारत उप समाहर्ता वंदना शेजवलकर को जिले के विभिन्न कार्यालयों में इस्तेमाल होने वाले ब्लब की आपूर्ति छात्राओं की टीम से सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। छात्राओं ने बताया कि वह राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित भारत कौशल प्रतियोगिता में भी हिस्सा लिया है। इस पर डीसी ने कहा कि जो भी सहयोग अपेक्षित होगा, जिला प्रशासन उसमें पूर्ण सहयोग करेगी।

## झारखंड सरकार ने ट्रांसफर पोस्टिंग का उद्योग खोल रखा है: हलधर महतो




**तोपचांची (आजाद सिपाही)।** तोपचांची में मंगलवार को आजसू की ओर से पदयात्रा निकली गयी। जिसका नेतृत्व आजसू के कार्यकारिणी जिला अध्यक्ष हलधर महतो ने किया। इस अवसर पर झारखंड आंदोलनकारी नेता स्वर्गीय भवानी महतो की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरूआत की गई। यह पदयात्रा मानगो, करमाटाड, भवानी चौक, कुडामू, तातंरी, सोनाटोला, मानटाड पहुंचकर सभा में तब्दील हो गयी। मानटांड में स्वर्गीय विनोद बिहारी महतो और स्वर्गीय टेकलाल महतो शिवाजी समाज के संस्थापक पर माल्यार्पण किया गया। इस अवसर पर हलधर महतो ने आरोप लगाया कि झारखंड की गठबंधन सरकार ने लूट मचा रखा है। इस प्रदेश में ट्रांसफर पोस्टिंग का उद्योग खुला हुआ है। अच्छी जगह पोस्टिंग के लिए अधिकारी मुख्यमंत्री के सचिवालय का चक्कर लगा रहे हैं। इस सरकार से जनता परेशान है परिवर्तन की लहर चल रही है। वहीं संतोष महतो ने कहा कि आजसू गांव की पार्टी है। जनता की पार्टी है। वहीं, सदानंद महतो ने कहा कि प्रदेश के विद्यार्थियों का हालत खराब है। परीक्षा लेकर समय पर परीक्षा पेपर को लिक कर दिया जा रहा है। इस मौके पर रमेश मुनि कार्यकारिणी जिला अध्यक्ष, प्रमोद महतो, मधुसूदन महतो, मोहम्मद महबूब आलम, सुनील महतो, राजू गोप, विनोद बिहारी महतो, धीरेंद्र राम, कमल दे, रमेश जायसवाल, दिनेश महतो, मोती लाल महतो, भुनेश्वर महतो, जुगल राय, राजेश महतो, पिंकी देवी, चमेली देवी, किरण देवी, आशा देवी, प्रमिला देवी आजसू जिला अध्यक्ष गीता देवी, चंचला देवी आदि मौजूद थीं।

# न्यायाधीश ने किया धनबाद जेल का निरीक्षण जेल प्रशासन को दिये कई आवश्यक निर्देश

**बंदियों को दी गई विभिन्न कानून, की जानकारी**

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार एवं झारखंड विधिक सेवा प्राधिकार के निर्देश पर अवर न्यायाधीश सह जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव राकेश रोशन ने मंगलवार को एलएडीसीएस चीफ कुमार विमलेंदु, डिप्टी चीफ अजय कुमार भट्ट व सहायक कांउसिल के साथ धनबाद मंडल कारा का औचक निरीक्षण किया। न्यायाधीश ने कारागार के प्रत्येक बैरक में पहुंचकर बंदियों से उनके



स्वास्थ्य, इलाज, पेयजल, नास्ता, भोजन व मुकदमे में पैरवी के लिए अधिवक्ता होने अथवा नहीं होने की जानकारी ली। स्वच्छता पर विशेष ध्यान देते हुए न्यायाधीश ने बंदियों के शौचालयों की साफ-सफाई का निर्देश दिया। कारागार अस्पताल में निरुद्ध बीमार बंदियों के बेहतर इलाज के लिए उन्हें उच्च स्वास्थ्य सेंटर भेजे जाने का निर्देश जय डॉक्टर को दिया। वहीं न्यायाधीश ने चिकित्सा सुविधाओं, पुस्तकालय, रसोई घर, वहां तैयार हो रहे भोजन ,व्यावसायिक प्रशिक्षण केंद्र और ध्यान सह योग केंद्र में सुविधाओं का जायजा लिया। उन्होंने बंदियों से भी बातचीत की और उनकी समस्याओं के बारे में पूछा। उन्होंने जेल प्रशासन को बंदियों को नियमानुसार सुविधाएं मुहैया कराने, जेल अधिकारियों को कर्तव्य का समुचित रूप से पालन करने का निर्देश दिया। जेल मिलने वाली सारी सुविधाएं बंदियों को उपलब्ध कराने का आदेश जेल प्रशासन को दिया।

## तोपचांची में पुलिस नाकाम, अपराधी बेलगाम

**तोपचांची/कतरास (आजाद सिपाही)।** तोपचांची प्रखंड के विभिन्न गांवों में चोरी एवं डकैती की घटनाएं काफी बढ़ रही है। गांव में लोग रात जाग कर पहरा दे रहे हैं। रात आठ बजे के बाद लोग घर से बाहर निकल नहीं पा रहे हैं। लगभग 15 दिन के अंदर एक दर्जन घरों में चोरी एवं डकैती की कई घटनाएं हो चुकी है। पर एक भी घटना का उद्भेदन पुलिस प्रशासन नहीं कर पायी हैं। जिस कारण ग्रामीणों में पुलिस प्रशासन के प्रति काफी आक्रोश है। स्थानीय विधायक एवं सांसद भी इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं, जिससे ग्रामीणों में जनप्रतिनिधियों के उपर भी आक्रोश है। वहीं, जदयू प्रदेश महासचिव सह यूथ फोर्स के प्रधान संयोजक दीपनारायण सिंह ने चोरी-डकैती की बढ़ती घटना को रोकने के लिए वरिय पुलिस अधीक्षक को पत्र लिखकर आंदोलन की चेतावनी दी है। उन्होंने पत्र में कहा कि पिछले एक महीनें में तोपचांची थाना क्षेत्र में लगभग 10 से अधिक चोरी की घटनाएं घटी है। पर तोपचांची पुलिस एक भी घटना का उद्भादन नहीं कर पाई। ना ही घटना में शामिल किसी अपराधी को गिरफ्तार कर पाई है। इसलिए वरिय पुलिस अधीक्षक जल्द से जल्द टास्क फोर्स गठित कर चोरी की घटना को रोके एवं अपराधियों को गिरफ्तार करे। अन्यथा पुलिस को अपने कर्तव्य बोध कराने के लिए जदयू चार सितंबर को तोपचांची थाना के समक्ष आक्रोश मार्च के साथ एक दिवसीय धरना प्रदर्शन करने को बाध्य होगी। इस दौरान जदयू नेता सह पूर्व जिला परिषद सदस्य सहदेव प्रसाद सिंह, जदयू अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ जिला महासचिव अशोक कुमार दास, जदयू नेता तारा बाबू, आदि उपस्थित थे।

## पुलिस की तत्परता से मिली चोरी गयी बाइक

**झरिया (आजाद सिपाही)।** पाथरडीह थाना अंतर्गत चासनला पेट्रोल पंप निवासी सेल कर्मी संतोष केवट के आवास के सामने से ही सोमवार की रात 11.30 बजे चोरों ने उनकी बाइक चोरी कर ली थी। इसकी शिकायत संतोष ने पाथरडीह पुलिस से की थी। पुलिस ने तत्परता दिखाई और मंगलवार की शुबह चासनला कुलटाड़ बस्ती रेलवे पुलिया के समीप बंद पड़े एक कोयला डीपो में झाड़ी में छिपाकर रखी गई बाइक को बरामद कर लिया। घटना को लेकर संतोष केवट ने बतया कि सोमवार को जन्माष्टमी त्योहार था। जन्मोत्सव मनाने के लिए बाबा प्रेमनाथ शिव मंदिर जाना था। इसलिए बाइक को घर के बाहर खड़ी कर घर के भीतर चले गये थे। रात 11.50 बजे जब मंदिर जाने के लिए घर से बाहर आया तो देखा की घर के बाहर गाड़ी बाइक गायब है। उस समय मंदिर में पुजापाठ चल रहा था। गाड़ी खोने से मंदिर नहीं जा पाये। रात में ही बाइक की काफी खोजबीन की पर वह नहीं मिला। तब पाथरडीह पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने भी तत्परता दिखाते हुए बाइक बरामक कर लिया।

# सुपर स्पेशलिटी अस्पताल में आयुष्मान कार्ड पर इलाज नहीं करने की शिकायत

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** डीसी माधवी मिश्रा के कार्यालय कक्ष में मंगलवार को जनता दरबार आयोजित हुआ। जिसमें पहुंची एक महिला ने डीसी को बताया कि उनके पास आयुष्मान कार्ड है। फिर भी एसजेएएस सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल द्वारा उनका इलाज नहीं किया जा रहा है। इस पर त्वरित संज्ञान लेते हुए डीसी ने सिविल सर्जन को इस दिशा में उचित कदम उठाने का निर्देश दिया। वहीं, गोविंदपुर से आए युवक ने डीसी को बताया कि 2017 में एनएच 2 के लिए उनकी जमीन का अधिग्रहण हुआ। इसके बाद घर भी तोड़ दिया। जब उन्होंने मुआवजा मांगा तो जमीन गैर



आबाद बताकर मुआवजा नहीं दिया। जबकि उसी खाता और प्लॉट नंबर के दूसरे रैयतों को मुआवजा मिला। मुआवजा के लिए सारे कागजात दोबारा जमा करने पर गोविंदपुर अंचल कार्यालय के अमीन ने कहा कि उनके कागज खो गए हैं। मामले की गंभीरता को देखते हुए डीसी ने तुरंत जिला भू-अर्जन पदाधिकारी को शिकायतकर्ता के कागजात की जांच करने और कागजात सही पाये जाने पर शीघ्र मुआवजा का भुगतान कराने का निर्देश दिया। जनता दरबार में नावाडीह पंचायत स्थित नंदन रेजिडेंसी फेज 1, 2 और 3 के निवासियों ने भी जल जमाव की परेशानी की शिकायत की। उन्होंने बताया कि बरसात के दौरान बेसमेंट, आने जाने के रास्ते सहित पूरे परिसर में पानी भर जाता है। जिस कारण वहां के निवासियों और बच्चों को स्कूल आने जाने में भारी कठिनाई हो रही है। यह समस्या पिछले दो साल से उत्पन्न हो रही है। पूरा इलाका टापू बन जाता है। इसके अलावा जनता दरबार में इलाज के लिए सहायता प्रदान करने, ऑनलाइन रसीद नहीं कटने सहित अन्य शिकायत प्राप्त हुई।

## हरेंद्र सिंह ने धोवाटांड, शास्त्री नगर में सभा कर लोगों को किया जागरूक



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** असर्फी अस्पताल के सीइओ एवं सामाजिक कार्यकर्ता हरेंद्र सिंह ने अपने लक्ष्य 'धनबाद फर्स्ट' के तहत नगर निगम क्षेत्र अंतर्गत धोवाटांड के शास्त्री नगर पश्चिम में एक विशेष सभा आयोजित किया। जिसका मुख्य उद्देश्य 2029 के लिए धनबाद का एक ड्राफ्ट विजन तैयार करना था। जिसमें मुख्य रूप से क्षेत्र के विकास और समाज के कल्याण के लिए जागरूकता फैलाना और नए परियोजनाओं पर चर्चा करना था। इस विजन को तैयार करने के लिए हरेंद्र सिंह ने धोवाटांड के शास्त्री नगर पश्चिम के लोगों को एकत्र कर उनसे जानकारी इकट्ठा की और शहर की प्रमुख समस्याओं पर उनसे राय मांगी। इस दौरान शास्त्री नगर पश्चिम के लोगों में शामिल रोहित गुप्ता ने नाली की समस्या, कुसुम देवी ने नाली सफाई, रीता देवी, नीमा देवी, राधा देवी, सावित्री देवी, चीरेखा देवी ने पानी की समस्या, गुड्डू कुमार ने पानी एवं नाली, शोभा सिन्हा ने बिजली एवं नाली एवं मालती देवी ने रास्ता एवं स्लैब जैसी बुनियादी आवश्यकताओं से संबंधित कई समस्याओं को हरेन्द्र सिंह के समक्ष रखा।

## बेरमो विधायक ने किया कई योजनाओं का शिलान्यास

# जाति-धर्म-समुदाय नहीं विकास कार्य करने वाला उम्मीदवार देखकर अपना वोट दें : अनूप सिंह


आजाद सिपाही संवाददाता

**फुसरो/बेरमो।** बेरमो विधायक कुमार जयमंगल उर्फ अनूप सिंह ने विकास योजनाओं को धरातल पर उतरते हुए बेरमो विधानसभा के बेरमो और चंद्रपुरा प्रखंड में कई योजनाओं का शिलान्यास किया। विधिवत पूजा अर्चना कर नारियल फोड़ा और शिलापट्ट का पर्दा हटाया। विधायक ने बेरमो प्रखंड अंतर्गत फुसरो नगर परिषद वार्ड संख्या 09 कल्याणी जोरिया मंदिर के बगल में पांच लाख रुपए की लागत से सामुदायिक भवन का निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। वहीं, चंद्रपुरा प्रखंड के तारमी साइडिंग में श्री काली मंदिर के समीप चाहरदिवारी के निर्माण कार्य के लिए विधायक मद से 2 लाख 50 हजार रुपए के परियोजना का शिलान्यास किया। तारमी साइडिंग में घासी टोला में



प्रदीप घासी के घर से सुनील के घर तक नाली के निर्माण कार्य के लिए विधायक मद से दो लाख 20 हजार रुपए की परियोजना का शिलान्यास किया। चंद्रपुरा प्रखंड अंतर्गत नावाबांध तारमी में घाट निर्माण कार्य के लिए विधायक मद से प्रदत्त दो लाख 50 हजार रुपए की परियोजना का शिलान्यास किया। तारमी बस्ती खेरवाडेरा समीप पीपल पेड़ में चबूतरा निर्माण कार्य के लिए अपने विधायक मद से एक लाख रुपए के परियोजना का शिलान्यास किया। तारमी फुलवारी सती मंदिर के समीप ईमली पेड में चबुतरा का निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। जो विधायक मद से 1 लाख रुपए की लागत से किया जाएगा। इन चबूतरों के निर्माण से लोगों को सामुदायिक बैठक करने में सुविधा होगी। इस दौरान संवेदक को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। साथ ही लोगों की समस्याओं को भी सुना और तुरंत निस्पादन करने का आश्वासन दिया। विधायक ने कहा कि कुछ समय बाद ही राज्य में विधानसभा चुनाव होने जा रहा है। इसमें जो भी विधायक जीत कर आते हैं उनसे अपनी समस्याओं को रखने का काम करें। उन्होंने लोगों से कहा कि कभी भी जाति, धर्म और समुदाय देखकर अपना वोट ना दें बल्कि उम्मीदवार देखकर अपना वोट दे। अपने विधायक से अपने क्षेत्र की समस्याओं को बताने का काम करें। उन्होंने कहा कि संपूर्ण बेरमो विधानसभा का विकास करना ही मेरी प्राथमिकता है। मौके पर एसडीओसीएम परियोजना पदाधिकारी शैलेश प्रसाद सहित दोलत महतो, प्रभु दयाल सिंह, नकुल महतो, नारायण महतो, पवन राव, धनेश्वर सिंह, सिकन्दर चौहान, लालु चौहान सहित क्षेत्र जनप्रतिनिधि आदि उपस्थित थे।

## जिप सदस्य ने किया पीसीसी पथ निर्माण कार्य का शिलान्यास



**डुमरी (आजाद सिपाही)।** नगरी पंचायत अंतर्गत रतिडीह रविदास मुहल्ला निवासी मोहन दास के घर से कोरियाडीह निवासी अर्जुन रविदास के घर तक (एक किलोमीटर) लंबे पीसीसी पथ निर्माण कार्य का शिलान्यास जिप सदस्य धनंजय प्रसाद ने किया। इस पथ की प्राक्कलन राशि 9 लाख 97 हजार 500 रुपये है। जिप सदस्य ने कहा कि पीसीसी पथ के बन जाने से ग्रामीणों को आवागमन में सहूलियत होगी। इस मौके पर मुखिया प्रतिनिधि परमेश्वर नायक, सुभाष पंडित, निर्मल पंडित, धनेश्वर दास, चंद्रदेव महतो, केदार पंडित, प्रकाश यादव, मनी पंडित, सुरेश पंडित, विकास कुमार, सुरेश रजक, प्रदीप पंडित, हरिलाल रमन, जितेंद्र दास, दिनेश दास आदि की उपस्थिति रही।


**जिला अभियंता का कार्यालय, जिला परिषद, खूँटी**
(अभियंत्रण शाखा)

**शुद्धि पत्र**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि इस कार्यालय द्वारा ई–निविदा अन्तर्गत अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या 08/2024-25 PR No. 333132 (District) 24-25 (D) द्वारा निकाली गई खूँटी प्रखण्ड में मौजा कमांता में इण्डोर स्टेडियम निर्माण कार्य को अपरिहार्य कारणवश रद्द किया जाता है।

जिला अभियंता,
जिला परिषद, खूँटी

PR 333826 District(24-25)D

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल,लोहरदगा ।**
(E- Mail – ID – rdsd.lohardaga@rediffmail.com)

**सूचना**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेश प्रमण्डल, लोहरदगा द्वारा आमंत्रित ई–निविदा सूचना संख्या RDD/SD/LOHARDAGA/E-04/2024-25 (Tender ID - 2024_RDSPL_90295_1 and 2024_RDSPL_90302_1) जिसका पी0 आर0 सं0 PR 332235 (Lohardaga) 24-25*D द्वारा प्रकाशित था, के ग्रुप 01 में एकल निविदा तथा ग्रुप 02 में शून्य निविदा प्राप्त होने के कारण वित्त विभाग, झारखण्ड, रॉची के ज्ञापांक 593/वि0, दिनांक 06.03.2007 के आलोक में रदद् किया जाता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल,
लोहरदगा।

PR 333820 (Lohardaga) 24-25 (D)

**कार्यालयः जिला परिषद, रामगढ़**
–: संवेदक के सूचीकरण/निबंधन हेतु सूचना :–

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि जिला परिषद, रामगढ़ के अन्तर्गत निविदा के माध्यम से कार्यान्वित होने वाली सभी योजनाओं के लिए निविदा देने के लिए श्रेणी (I) एवं श्रेणी (II) में निबंधन हेतु संवेदको से विहित प्रपत्र (परिशिष्ट 'क') में आवेदन पत्र आवश्यक प्रमाण पत्रों के साथ आमंत्रित किया जाता है। आवेदन पत्र निर्धारित शुल्क 500/– (पाँच सौ) रू0 का बैंक ड्राफ्ट/बैंकर्स चेक (जो DDC-CUM-CEO ZILA PARISHAD RAMGARH के पदनाम से निर्गत एवं "रामगढ़ कैन्ट" में भुगतेय हो) जमा कर जिला परिषद, रामगढ़ के कार्यालय से दिनांक 28.08.2024 से 31.08.2024 तक किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त किया जा सकेगा।

नोट : सूचीकरण/निबंधन से संबंधित नियम व शर्तें जिला परिषद, रामगढ़ के सूचना पट्ट एवं जिला के वेबसाईट : www.ramgarh.nic.in में देखी जा सकती है।

ह0/–
उप विकास आयुक्त
–सह–मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी
जिला परिषद, रामगढ़।

PR 333778 District(24-25)D

# भाजपा नेता जगन्नाथ प्रधान ने राज्यसभा के लिए नामांकन लिया वापस, मोहंता का रास्ता साफ

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** भाजपा नेता जगन्नाथ प्रधान ने राज्यसभा उपचुनाव के लिए मंगलवार को अपना नामांकन वापस ले लिया है। इससे पार्टी की आधिकारिक उम्मीदवार ममता मोहंता के राज्यसभा के लिए सुचारू रूप से निर्वाचित होने का रास्ता साफ हो गया है।

**21 अगस्त को किया था पर्चा दाखिल :** कुड़मी समुदाय की प्रमुख नेता ममता मोहंता के ओडिशा से राज्यसभा उपचुनाव के लिए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की उम्मीदवार के रूप में नामांकन दाखिल करने के कुछ घंटे बाद ही पार्टी के एक और नेता जगन्नाथ प्रधान ने 21 अगस्त को निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में अपना पर्चा दाखिल किया था। एक अधिकारी ने बताया कि प्रधान और मोहंता की उम्मीदवारी जांच के दौरान सही पाई गई थी। भाजपा की ओडिशा इकाई के प्रभारी विजय पाल सिंह तोमर ने स्पष्ट किया था कि मोहंता भाजपा की आधिकारिक उम्मीदवार हैं, जबकि प्रधान एक डमी उम्मीदवार हैं। डमी उम्मीदवारों को अक्सर राजनीतिक दलों द्वारा मैदान में उतारा जाता है ताकि आधिकारिक उम्मीदवार का नामांकन खारिज हो जाए। आखिरकार वही हुआ, प्रधान ने अब नामांकन वापस ले लिया है।

**मैंने पार्टी के निर्देश पर किया था नामांकन दाखिल :** जगन्नाथ प्रधान ने कहा, मैंने पार्टी के निर्देश पर नामांकन पत्र दाखिल किया था। आज दल के निर्देश पर ही मैंने अपना नामांकन वापस ले लिया। भाजपा नेतृत्व ने मुझे यह काम सौंपा था और मैंने पार्टी के एक अनुशासित सदस्य के रूप में इसे पूरा किया। प्रधान ने भुवनेश्वर-मध्य से भाजपा उम्मीदवार के रूप में विधानसभा चुनाव लड़ा था, लेकिन बीजद के अनंत नारायण जेना से मामूली अंतर से हार गये थे। मयूरभंज जिले से कुडुमी समुदाय के नेता मोहंता ने जुलाई में बीजद छोड़कर राज्यसभा की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया था। वह भाजपा में शामिल हो गयीं, जिसने उन्हें अपना उम्मीदवार बनाया। अब कोई अन्य उम्मीदवार मैदान में नहीं है, इसलिए उनका फिर से चुना जाना तय है।

**विपक्ष के पास सीट पर कब्जा करने के लिए संख्या नहीं :** 147 सदस्यीय विधानसभा में भाजपा के 74 विधायक हैं और उसे तीन निर्दलीय विधायकों का भी समर्थन प्राप्त है। बीजद और कांग्रेस के पास क्रमशः 51 और 14 विधायक हैं। सीपीएम के एक सदस्य के साथ विपक्ष के पास सीट पर कब्जा करने के लिए संख्या नहीं है। ओडिशा में राज्यसभा की 10 सीटें हैं, जिनमें से आठ बीजद के पास हैं जबकि एक भाजपा के पास है। मोहंता के इस्तीफे के बाद एक सीट खाली हुई थी। ओडिशा की एक सीट सहित राज्यसभा की 12 रिक्त सीटों के लिए तीन सितंबर को मतदान होना था।

# बाघ की खाल के साथ देशी बंदूक जब्त, 3 शिकारी गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** बीती रात वन विभाग की टीम गिरीशचंद्रपुर रेंज के हीरालोई गांव के पास जंगल में छपा मारा। छापेमारी में एक बाघ की खाल, 4 कुलादी, एक पंखी, मांस, रसोई का सामान, बाघ का सिर, सांभर के सींग और एक देसी पिस्तौल बरामद हुई। इस संबंध में तीन शिकारियों को गिरफ्तार किया गया है। जानकारी के मुताबिक हीरालोई गांव के पास जंगल में बाघ का शिकार किया गया था और मृत बाघ की खाल को हीरालोई गांव के कुछ शिकारियों ने अपने घर में रखा था। इस संबंध में सूचना मिलने के बाद गिरीशचंद्रपुर वन पदाधिकारी सुरेंद्र कुमार साहू और वनपाल प्रवीण कुमार साहू प्रमुख ने सोमवार देर रात करीब दो बजे हीरालोई गांव के संबंधित शिकारियों के घर पर छापेमारी की। वन विभाग ने इस संबंध में आगे की जांच शुरू कर दी है।

## राजधानी में गिराये जायेंगे 191 अवैध अपार्टमेंट: कृष्णचंद

**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** राजधानी भुवनेश्वर में अपार्टमेंट को तोड़ा जायेगा। राज्य सरकार ने भुवनेश्वर में अवैध अपार्टमेंट गिराने का आदेश दिया है। नगर विकास मंत्री कृष्णचंद्र महापात्र ने मंगलवार को विधानसभा में बीजद विधायक रणेंद्र प्रताप स्वाइं के सवाल पर यह लिखित जवाब दिया। मंत्री ने कहा, ऐसे आरोप थे कि बीडीए के तहत अवैध रूप से 491 अपार्टमेंट थे। फिलहाल राज्य सरकार ने 191 अपार्टमेंट को तोड़ने का आदेश दिया है। इसके अलावा, 63 मामलों को खारिज कर दिया गया है और 237 मामले विचाराधीन हैं।

## एनटीपीसी स्वयंसिद्ध महिला क्लब ने जरूरतमंद ग्रामीणों को आवश्यक खाद्य सामग्री उपलब्ध करायी



**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** एनटीपीसी स्वयंसिद्ध महिला क्लब, कोयला खनन मुख्यालय, रांची ने सीएसआर पहल के तहत नामकुम, रांची स्थित महादेव टोली गांव में 40 जरूरतमंद परिवारों को खाद्य सामग्री/किराने का सामान वितरित किया। यह पहल स्वयंसिद्ध महिला क्लब की अध्यक्ष रेखा जैन के मार्गदर्शन में और रॉबिन हुड आर्मी (स्वयं सेवी संस्था) के सहयोग से की गयी। इस अवसर पर कल्याण प्रभारी और उपाध्यक्ष शिखा रस्तोगी, सांस्कृतिक प्रभारी और उपाध्यक्ष पूर्णिमा श्रीखंडे, कल्याण सचिव मनसा वर्मा, सांस्कृतिक सचिव अनिता प्रसाद और कोषाध्यक्ष स्निग्धा रानी माझी भी उपस्थित थी।

## कल से पूरे राज्य में भारी बारिश की चेतावनी

**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** मौसम विज्ञान केंद्र ने 29 से 31 तारीख तक दक्षिण ओडिशा में भारी बारिश की चेतावनी दी है। कुछ स्थानों पर भारी से बहुत भारी बारिश होगी। अभी उत्तर पश्चिम झारखंड पर निम्न दबाव बना हुआ है। मछुआरों को सलाह दी जाती है कि वे 30 और 31 तारीख को समुद्र में न जायें, क्योंकि कम दबाव के प्रभाव के कारण समुद्र अशांत रहेगा। समुद्र में गये मछुआरों को 29 तारीख तक वापस लौटने की सूचना दी गयी है।

# पूर्व तट रेलवे ने केवल 148 दिनों में 100 मिलियन टन माल लदान किया

- वित्त वर्ष 2023-24 में 100 मिलियन टन माल लोड करने में 152 दिन लगे

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** वित्तीय वर्ष 2024-25 के 26 अगस्त तक केवल 148 दिनों में, पूर्व तट रेलवे ने 100.57 मिलियन टन (एमटी) माल ढुलाई के साथ माल परिवहन में एक नया मानक स्थापित किया है और सबसे तेज माल ढुलाई भी हासिल की है। वित्तीय वर्ष 2023-24 की समान अवधि के दौरान 100 मिलियन टन माल परिवहन करने में रेलवे को 152 दिन लगे। 26 अगस्त 2024 तक पूर्व तट रेलवे ने माल ढुलाई में 3.37% की वृद्धि दर्ज की है, जो पिछले वर्ष की समान अवधि की तुलना में 3.282 मिलियन टन अधिक है। पिछले वित्तीय वर्ष की समान अवधि के दौरान पूर्व तट रेलवे ने 97.288 मिलियन टन माल की ढुलाई की थी।

पूर्व तट रेलवे के प्रत्येक मंडल रेलवे ने विभिन्न माल ढुलाई श्रेणियों के साथ इस सफलता में महत्वपूर्ण योगदान दिया है: • कोयला: 60.93 मीट्रिक टन (22.449 मीट्रिक टन आयातित कोयले सहित)। • इस्पात संयंत्रों के लिए कच्चा माल: 3.812 मीट्रिक टन। • लोहा और इस्पात: 8.168 मीट्रिक टन। • लौह अयस्क: 12.153 मीट्रिक टन। • सीमेंट: 32.873 मीट्रिक टन। • खाद्यान्न: 1.076 मीट्रिक टन। • उर्वरक: 2.284 मीट्रिक टन। • खनिज तेल (पेट्रोलियम, तेल और लुब्रिकेंट): 1.24 मीट्रिक टन। • कंटेनरों में माल ढुलाई: 2.151 मीट्रिक टन। •अन्य कार्गो: 8.419 मीट्रिक टन।

इस माल ढुलाई में प्रमुख योगदानकर्ताओं में पूर्व तट रेलवे के अधिकार क्षेत्र में तालचेर, पारादीप, धमारा, विशाखापत्तनम, गंगावरम, क्योंझर, केके लाइन, इस्पात संयंत्र और एल्यूमीनियम संयंत्र जैसे प्रमुख औद्योगिक केंद्र और बंदरगाह शामिल हैं। इस अवधि के दौरान, खुर्दा रोड रेलवे डिवीजन ने 64.32 मिलियन टन माल का परिवहन किया है, जबकि वाल्टेयर रेलवे डिवीजन ने 27.675 मिलियन टन और संबलपुर रेलवे डिवीजन ने 8.575 मिलियन टन माल का परिवहन करके उपरोक्त उपलब्धि हासिल की है। यह उपलब्धि देश भर में आवश्यक वस्तुओं के कुशल और समय पर परिवहन सुनिश्चित करके देश के आर्थिक विकास को बढ़ावा देने की पूर्व तट रेलवे की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। चूंकि पूर्व तट रेलवे अनुकूल परिस्थितियों में अपना परिचालन जारी रख रहा है, यह भारतीय रेलवे के बीच कार्गो हैंडलिंग और परिवहन के लिए एक नया मानक स्थापित कर रहा है।

# स्प्रिंगर नेचर ने ओ अनुसंधान विवि में आरआइएसई का आयोजन किया

- स्प्रिंगर नेचर ने शिक्षा ओ अनुसंधान विश्वविद्यालय में विज्ञान और शिक्षा में अनुसंधान अखंडता पर ध्यान केंद्रित करते हुए नयी पहल शुरू की

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** स्प्रिंगर नेचर ने आज शिक्षा 'ओ' अनुसंधान विवि (एसओए) में आरआइएसई कॉन्क्लेव के हिस्से के रूप में विज्ञान और शिक्षा में अनुसंधान अखंडता (आरआइएसई) पहल की शुरूआत की घोषणा की। इस कार्यक्रम में ओडिशा की उपमुख्यमंत्री प्रवती परिदा मुख्य अतिथि थी। यह अखिल भारतीय शोध अखंडता पहल भारतीय शोध समुदायों में सर्वोत्तम शोध प्रथाओं को बढ़ाने के लिए पहुंच, सशक्तिकरण, वकालत और सांस्कृतिक बदलाव पर केंद्रित है। इस कार्यक्रम के बाद स्प्रिंगर नेचर के इंडिया रिसर्च टूर 2024 (सितंबर-अक्टूबर 2024) के हिस्से के रूप में भारत भर के शोधकर्ताओं के लिए कार्यशालाओं, ज्ञान सत्रों और सीखने के पाठ्यक्रमों से युक्त फ्लाए रोड शो होंगे। स्प्रिंगर नेचर ग्रुप के शोध अध्यक्ष स्टीवन इंचकोंबे ने कहा कि अकादमिक रिकॉर्ड के संरक्षक के रूप में, स्प्रिंगर नेचर हमारे द्वारा प्रकाशित सामग्री की अखंडता सुनिश्चित करने के लिए पूरी तरह से समर्पित है, न केवल हमारे पास पहुंचने वाले शोध का गहन मूल्यांकन करके, बल्कि शोध प्रक्रिया की शुरूआत से ही सर्वोत्तम अभ्यास का समर्थन करके। आरआइएसई एक रणनीतिक पहल है, जिसका उद्देश्य प्रतिभाओं का पोषण करके, शोध को अधिक खुला और पारदर्शी बनाकर और इसकी गुणवत्ता में सुधार करके भारत के शोध परिदृश्य को मजबूत करना है। यह सुनिश्चित करता है कि भारतीय शोधकर्ताओं को शोध अखंडता पर महत्वपूर्ण संसाधनों और प्रशिक्षण सामग्री तक मुफ्त पहुंच हो, जिससे पारदर्शिता और जवाबदेही को बढ़ावा मिले। स्प्रिंगर नेचर इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के प्रबंध निदेशक वेंकटेश सर्वसिद्धि ने कहा कि आरआइएसई पहल के माध्यम से, हमारा उद्देश्य शैक्षणिक संस्थानों और नीति निर्माताओं को पाठ्यक्रम में अनिवार्य अनुसंधान अखंडता प्रशिक्षण को एकीकृत करने के लिए प्रोत्साहित करना है, जिससे भारत में नैतिक अनुसंधान करने के लिए एक मजबूत आधार तैयार हो सके।

FLORENCE
GROUP OF INSTITUTIONS
(A Unit of :Haji Abdur Razzaque Educational Society)
ADMISSION OPEN
COLLEGE OF NURSING
2 YEARS M.Sc. Nursing
2 YEARS Post Basic B. Sc. Nursing
4 YEARS B.Sc. Nursing
3 YEARS GNM (General Nursing And Midwifery)
2 YEARS ANM (Auxiliary Nurshing And Midwifery)
COLLEGE OF PARA MEDICAL SCIENCE
4 YEARS BMLT
2 YEARS DMLT
2 YEARS OT ASSISTANT
2 YEARS ECG
2 YEARS OPHTHALMIC ASST.
2 YEARS CRITICAL CARE (ICU)
2 YEARS RADIO-IMAGING
2 YEARS ANESTHESIA TECH.
1 YEARS DRESSERS
COLLEGE OF PHARMACY
2 YEARS D-PHARM
4 YEARS B-PHRRM
Separate Hostel For Boys & Girls
9031231082, 7903999411, 6205145470
E-mail: fsnirba@gmail.com
Website: www.florenceinstirba.com

JAISWAL CCTV
आपके शहर राँची में
अपने घर ऑफिस दुकान में लगाऐं
CCTV कैमरा
कचहरी चौक, राँची
4 कैमरे का सेट अब सिर्फ 14999/-
2 कैमरे का सेट अब सिर्फ 9999/-
अभी कॉल करे 9162992862
स्टेट बैंक के सामने कचहरी चौक, राँची - 834001

# प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने एकीकृत पेंशन योजना (यूपीएस) को दी मंजूरी

आजाद सिपाही संवाददाता

**संबलपुर।** आनंद सिंह अतिरिक्त मंडल रेल प्रबंधक, संबलपुर ने केंद्र सरकार के कर्मचारियों के लिए नयी स्वीकृत एकीकृत पेंशन योजना के बारे में मीडिया को जानकारी देने के लिए एक प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित की। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने एकीकृत पेंशन योजना (यूपीएस) को मंजूरी दे दी है।

यूपीएस के तहत, 25 साल की न्यूनतम योग्यता सेवा के लिए सेवानिवृत्ति से पहले पिछले 12 महीनों में आहरित औसत मूल वेतन का 50% पेंशन सुनिश्चित किया जायेगा। यह वेतन न्यूनतम 10 वर्ष की सेवा अवधि तक के लिए आनुपातिक होगा। कर्मचारी की मृत्यु के तुरंत बाद उसकी पेंशन के 60% के बराबर एक सुनिश्चित पारिवारिक पेंशन प्रदान की जायेगी। कर्मचारी 10 साल की सेवा के बाद सेवानिवृत्ति पर न्यूनतम 10,000 रुपये प्रति माह की पेंशन पाने का हकदार होगा। सुनिश्चित पेंशन पर मुद्रास्फीति सूचकांक लाभ, सुनिश्चित परिवार पेंशन और सुनिश्चित न्यूनतम पेंशन प्रदान की जायेगी। सेवा कर्मचारियों के मामले में महंगाई राहत औद्योगिक श्रमिकों के लिए अखिल भारतीय उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (एआईसीपीआई-आईडब्ल्यू) पर आधारित होगी। कर्मचारी को सेवानिवृत्ति के समय ग्रेच्युटी के अलावा सेवानिवृत्ति पर एकमुश्त भुगतान प्रदान किया जायेगा। इसके अतिरिक्त, प्रत्येक पूर्ण छह महीने की सेवा के लिए सेवानिवृत्ति की तारीख को मासिक परिलब्धियों (वेतन + डीए) का 1/10 वां हिस्सा प्रदान किया जायेगा, इस भुगतान से सुनिश्चित पेंशन की मात्रा कम नहीं होगी। एकीकृत पेंशन योजना के तहत पूर्व तट रेलवे, संबलपुर मंडल के लगभग 4,300 कर्मचारी लाभान्वित होंगे।

प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान जुसुफ कबीर अंसारी, वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी, गरिमा तिवारी, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, चक्रधर नायक, मंडल वित्त प्रबंधक, मोहम्मद रफी, मंडल संयोजक/ईसीओआरएससी, संबलपुर और सुनील कुमार, मंडल संयोजक, ईसीओआरएसयू उपस्थित थे।



## मंडल रेल प्रबंधक खोरधा रोड ने अनुमोदित एकीकृत पेंशन योजना से अवगत कराया

**खोरधा रोड (आजाद सिपाही)।** केंद्रीय मंत्रिमंडल ने हाल ही में एकीकृत पेंशन योजना (यूपीएस) को मंजूरी दी है, जिससे 23 लाख केंद्रीय सरकारी कर्मचारियों को लाभ मिलेगा, जो वर्तमान में नयी पेंशन योजना के अंतर्गत हैं। खोरधा रोड स्थित मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय के सम्मेलन कक्ष में आयोजित एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान खोरधा रोड के मंडल रेल प्रबंधक एचएसबाजवा ने नवप्रवर्तित एकीकृत पेंशन योजना की विभिन्न विशेषताओं के बारे में जानकारी दी। एचएसबाजवा मंडल रेल प्रबंधक/खोरधारोड ने कहा कि वर्तमान में खोरधारोड रोड मंडल में कुल 18,893 कर्मचारी कार्यरत हैं, जिनमें से 13852 कर्मचारी वर्तमान में नयी पेंशन योजना के अंतर्गत आते हैं। प्रेस वार्ता में अपर मंडल रेल प्रबंधक (परिचालन) पीके बेहेरा, अपर मंडल रेल प्रबंधक (इन्फ्रा) शुभ्र ज्योति मंडल, आरएनए परिडा, वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी, हिमाद्री भूषण बिस्वाल, वरिष्ठ मंडल वित्त प्रबंधक और अनिल कुमार, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक-खोरधा रोडके साथ पूर्व तट रेलवे श्रमिक यूनियन के मंडल संयोजक रंजीत कुमार दास और पूर्व तट रेलवे श्रमिक कांग्रेस के मंडल संयोजक सुनील भंज उपस्थित थे।

THIRD EYE CLINIC
ADVANCE PHACO LASER EYE CARE CENTRE
Contact For More Details
DR. VISHAL CHOUDHARI
OPHTHALMOLOGIST
Mob - 7003381944, 9431594628
NH- 33 Near Madarsa, Irba, Ranchi - 835219
Branch 2 : Sri Sai General Store, Dipatoli, Ranchi -9

DAS MUSICAL STORES
DAS RUBBER STAMP
Wholesale & Ratails
Dealers of all Musical Instruments
Mob.: 9835164815/ 8825354800/7250933033
MAIN ROAD, RANCHI, OPP. HANUMAN MANDIR
KOKAR , H.B. ROAD, OPP. R.L.S.Y. SCHOOL , RANCHI

रत्न विक्रेता जय माता दी रत्न विक्रेता
ज्योतिष ग्रहरत्न केन्द्र
ज्योतिष शास्त्र • वास्तु शास्त्र • हस्त शास्त्र • अंक शास्त्र
पंडित शशि कांत मिश्रा
पता - लाईन टैंक रोड, गोपाल गंज गली, ऑपोजिट-भुतपूर्व वारगेन बाजार, रांची
फोन :- 9334718296, 9835195382, 9431792761

VERMA PRESS
वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची
Verma's® Today®
श्रृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं—

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi – B | ₹ 140 | Hindi – B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar– II | ₹ 120 | English Grammar– II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते-जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !

आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**